


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-29 अंक : 304 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.12 2081 रविवार, 26 जनवरी-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये



# सैफ अली खान केस-एक्टर के ब्लड सैंपल लिए

› कपड़े भी कलेक्ट किए › आरोपी शरीफुल के कपड़ों पर मिले ब्लड सैंपल का मिलान होगा




मुंबई, 25 जनवरी (एजेंसियां)। 15 जनवरी की रात 2 बजे सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने शनिवार को एक्टर का ब्लड सैंपल लिया है। साथ ही पुलिस ने वो कपड़े भी जब्त कर लिए हैं, जो सैफ ने हमले के समय पहने थे। इससे पहले जांच अधिकारियों ने आरोपी शरीफुल के भी कपड़े बरामद कर लिए हैं। अब फोरेंसिक टीम आरोपी के कपड़े और सैफ के कपड़ों में मिले ब्लड सैंपल को मैच करेगी।

**› मामले में सैफ अली खान का बयान दर्ज**

सैफ अली खान ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि 16 जनवरी की रात वे और उनकी पत्नी करीना कपूर 11वीं मंजिल पर अपने बेडरूम में थे, जब उन्होंने अपनी नर्स एलियामा फिलिप की चीखें सुनीं। वे जहांगीर के कमरे की ओर भागे जहां एलियामा फिलिप भी सोती थीं। वहां उन्होंने एक अजनबी को देखा। जहांगीर भी रो रहा था। सैफ ने बताया कि उन्होंने अनजान शख्स को पकड़ लिया। इसके बाद उसने हमला कर दिया, जिससे सैफ घायल हो गए। इसके बाद हमलावर धक्का देकर भाग गया।

**› मेडिकल रिपोर्ट में 5 जगह मिले चाकू के घाव**

एक्टर सैफ अली खान को पांच जगहों पर चाकू घोंपा गया था। उनको पीठ, कलाई, गर्दन, कंधे और कोहनी पर चोटें लगी थीं। उन्हें उनके दोस्त अफसर जैदी ने ऑटो रिक्शा में मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचाया था। सैफ की मेडिकल रिपोर्ट से यह पता चला है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'चोटों का आकार 0.5 सेंटीमीटर से लेकर 15 सेमी तक है। हमले की रात सैफ के दोस्त अफसर जैदी उन्हें सुबह 4:11 बजे लीलावती अस्पताल ले गए और औपचारिकताएं पूरी कीं।'

आरोपी के वकील ने कहा **› सीसीटीवी में दिख रहा शख्स अलग, कस्टडी बढ़ी**

मुंबई पुलिस ने इस मामले में आरोपी शरीफुल इस्लाम को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। अदालत ने उसे 29 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त प्रगति हुई है। अपराध गंभीर है और सेशन कोर्ट में है। आरोपी की बेगुनाही का पता लगाने के लिए भी ऐसी जांच जरूरी है। पुलिस को पहले ही 5 दिन की रिमांड मिल चुकी है।

गवाहों के बयान भी पहले ही दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस जूते बरामद करने की बात भी कह रही है, जबकि आरोपी के घर से पहले ही सब कुछ ले लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के पास है।

वकील ने कहा- पुलिस को फोरेंसिक जांच के लिए कस्टडी क्यों चाहिए? पूरी बिल्डिंग में सीसीटीवी नहीं है, सिर्फ छठी मंजिल पर है। और जो वीडियो सामने आई है, उसमें दिख रहा चेहरा इस आरोपी से नहीं मिलता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरोपी के रिश्तेदारों को जानकारी देना जरूरी है, लेकिन पुलिस ने ये नहीं किया।

## 28 जनवरी को ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर एससी में सुनवाई




नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच 28 जनवरी को पूर्व पार्षद और फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका में राजधानी में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है। ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष होगी। ताहिर हुसैन, आम आदमी पार्टी का पूर्व पार्षद है। फिलहाल वह एआईएमआईएम पार्टी के टिकट पर दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ रहा है। बीती 14 जनवरी को मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के लिए ताहिर हुसैन को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कस्टडी पैरोल दी थी। ताहिर ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। ताहिर हुसैन दिल्ली दंगे से जुड़े 11 मामलों में आरोपी है। उस पर आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का भी आरोप है। 24 फरवरी 2020 को हुए दिल्ली दंगे में 53 लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे।

## पंजाब के 17 अफसरों को मिलेगा राष्ट्रपति मेडल

अमृतसर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर केंद्र की ओर से राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने वाले अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के नामों की घोषणा कर दी गई है। पंजाब के कुल 17 अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इनमें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) और उत्कृष्ट सेवा पदक (एमएसएम) शामिल हैं।

# खबरें जरा हटके

## बिल्ली ने खा ली मालिक की नौकरी! बॉस को भेज दिया रेजिग्नेशन लेटर



चीन के चोंगकिंग शहर में एक अनोखी घटना ने सबको हैरान कर दिया. एक 25 वर्षीय महिला, जो नौ बिल्लियों के साथ रहती हैं, को अचानक नौकरी से हाथ धोना पड़ा. वजह थी उनकी खुद की बिल्ली. दरअसल, महिला ने अपनी नौकरी से इस्तीफा देने का मन बनाया था, लेकिन पैसों की जरूरत के चलते वह इस फैसले पर असमंजस में थीं. इसी बीच, जब वह इस मेल को भेजने या न भेजने पर सोच रही थीं, उनकी बिल्ली ने लैपटॉप पर छलांग लगाई और 'एंटर' बटन दबा दिया. नतीजा यह हुआ कि उनका इस्तीफा बॉस के पास पहुंच गया.

**नहीं हुआ इस्तीफा वापस**

घबराई महिला ने तुरंत अपने बॉस से संपर्क कर सच्चाई बताने की कोशिश की. उन्होंने बताया कि यह गलती उनकी बिल्ली की वजह से हुई है और उन्होंने इस्तीफा भेजने का इरादा नहीं किया था. लेकिन बॉस ने उनकी दलील को खारिज कर दिया और इस्तीफा स्वीकार कर लिया. इसके साथ ही महिला को न सिर्फ अपनी नौकरी गंवानी पड़ी, बल्कि साल के अंत में मिलने वाले बोनस से भी हाथ धोना पड़ा. नौकरी गंवाने के बाद महिला ने यह अजीबो-गरीब घटना सोशल मीडिया पर साझा की. उनकी कहानी तेजी से वायरल हो गई और लोगों ने इस पर मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं. एक यूजर ने लिखा, "आपकी बिल्ली ने शायद आपके बॉस का ही भला किया है, उन्हें बोनस का खर्च बचा दिया." यह पहली बार नहीं है जब पालतू जानवरों ने अनजाने में अपने मालिकों के लिए मुश्किलें खड़ी की हों. अमेरिका में एक कुत्ते ने गलती से 911 नंबर डायल कर दिया, जिससे पुलिस अचानक मालिक के घर पहुंच गई. इसी तरह, ब्रिटेन में एक तोते ने स्मोक अलार्म की आवाज की नकल की, जिससे पड़ोसियों ने दमकल विभाग को बुला लिया. बाद में पता चला कि वह अलार्म असल में तोते की आवाज थी.

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी की जांच के लिए एसआईटी गठित



मुंबई, 25 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जो राज्य में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी की जांच करेगा। एसआईटी इसमें अवैध अप्रवासियों के एंगल से जांच करेगी।

राज्य में अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों की आमद बढ़ने की भी जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि एसआईटी का नेतृत्व इंस्पेक्टर जनरल दत्ता कराले करेंगे। महाराष्ट्र में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जब किसी व्यक्ति के जन्म या मृत्यु के कम से कम एक साल उनके जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किए गए हैं। हाल ही में फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में उनके घर पर हमले की घटना हुई। इस मामले में जिस आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार किया गया है, वह भी बांग्लादेशी नागरिक है।

सैफ पर हुए हमले के बाद से महाराष्ट्र और खासकर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ का मामला गरमा गया है। एसआईटी गठन पर राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि देरी से जारी किए गए जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में कथित घोटाले का आरोप लगाया था। उसके बाद ही सरकार ने इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच करने का फैसला किया है।

# 942 कर्मियों को पुलिस मेडल से सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू, इनमें 95 वीरता पदक भी शामिल



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कुल 942 पुलिस, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षाकर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित करेंगी। ये पदक विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे, जिनमें 95 वीरता पदक भी शामिल हैं। शनिवार को जारी एक सरकारी बयान में इसकी जानकारी दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा कर्मचारियों के साथ ही सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।

**वीरता पदक से सम्मानित होने वाले 28 कर्मी नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात**

गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, वीरता पुरस्कार विजेताओं में से 28 कर्मी नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। 28 जवान जम्मू कश्मीर क्षेत्र में और तीन पूर्वोत्तर क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं देश के अन्य हिस्से में सेवा दे रहे अन्य 36 कर्मचारियों को भी वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। विशिष्ट सेवा (PSM) के लिए 101 राष्ट्रपति पदकों में से 85 पदक पुलिस कर्मियों को, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों को, सात नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड कर्मियों को और चार सुधारात्मक सेवा के कर्मचारियों को दिए जाएंगे।

**746 सराहनीय सेवा पदक से किए जाएंगे सम्मानित**

विशिष्ट सेवा पदकों के अलावा 746 सराहनीय सेवा पदक (एमएसएम) भी दिए जाएंगे। इनमें से 634 पुलिस सेवा, 37 अग्निशमन सेवा, 39 नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड्स सेवा तथा 36 सुधारात्मक सेवा के कर्मचारियों को दिए जाएंगे। वीरता पदक, सेवा के दौरान वीरता के काम के लिए दिया जाता है, जिसमें जीवन और संपत्ति की रक्षा करना, अपराध को रोकना या अपराधियों को गिरफ्तार करना शामिल है। इसमें जोखिम का आकलन संबंधित अधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों के अनुसार किया जाता है। वहीं सेवा में विशेष काम के लिए 'विशिष्ट सेवा का राष्ट्रपति पदक' दिया जाता है। संसाधन और कर्तव्य के प्रति सराहनीय समर्पण के लिए 'सराहनीय सेवा पदक' से सम्मानित किया जाता है।

## इंग्लैंड के रोड्स को हिमालय पर दिखा कुछ अजीब, छोड़ी डॉक्टरी, पहना भगवा, बने रोहित

**इनकी इच्छा सुन हिल जाएंगे!**



बोकारोः एक विदेशी डॉक्टर भारत घूमने आए. घूमते-घूमते हिमालय पर जा पहुंचे. वहां उनकी मुलाकात एक साधु से हो गई. फिर डॉक्टर की जिंदगी ऐसी बदली कि उन्होंने भगवा पहन लिया. नाम भी बदलकर रोड्स से रोहित कर लिया. शाकाहारी बन गए. यहां तक की कोलकाता में योग सीखने लगे और अब प्रयागराज महाकुंभ में जाने की तैयारी है. बोकारो पहुंचे रोड्स ऊर्फ रोहित ने बताया कि इंग्लैंड में डॉक्टर की डिग्री लेने के बाद घूमने निकले और आज पश्चिम बंगाल के आनंद नगर में योग और साधना की ट्रेनिंग ले रहे हैं. योग में गहरी रुचि होने के कारण उन्होंने साधु का जीवन अपना लिया है. चास बाजार में फलों की खरीदारी करने आए रोड्स ने बताया कि कैसे वह रोड्स से रोहित बने. रोड्स ने बताया, वह मूल रूप से इंग्लैंड से हैं और डॉक्टर की पढ़ाई कर चुके हैं. हालांकि, उन्होंने कभी प्रैक्टिस नहीं की, क्योंकि उन्हें घूमने का शौक था. घूमते-घूमते वह भारत पहुंचे और 1998 में वह हिमालय के एक योगी से मिले. उस मुलाकात के दौरान वह योग और साधना से बेहद प्रेरित हुए. वर्तमान में वह आनंद मार्ग में गुरु से योग और साधना सीख रहे हैं. आगे बताया, मैंने अपना नया नाम रोहित रखा है. सनातन धर्म को लेकर उन्होंने बताया कि उन्हें सनातन धर्म की सच्चाई और आध्यात्मिकता बेहद आकर्षित करती है. योग और साधना के जरिए जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस कर रहे हैं. वहीं, भारतीय खान-पान को लेकर बताया कि वह शाकाहारी हैं. भारतीय व्यंजनों में डोसा, समोसा, बिरयानी और बंगाली रसगुल्ले उन्हें बेहद पसंद हैं. वहीं, गाड़ियों के प्रति अपने प्रेम को लेकर बताया कि उन्हें भारत की रॉयल एनफील्ड बुलेट और बजाज चेतक स्कूटर चलाना बेहद पसंद है. रोड्स ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य योग और साधना के माध्यम से मोक्ष प्राप्त करना है, ताकि अंत में वह समाधि में जा सके.

# ठाणे जिले में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार



ठाणे, 25 जनवरी (एजेंसियां)। देश के अलग-अलग राज्यों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सभी बांग्लादेशी नागरिकों को कल्याण-डोंबिवली इलाके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सभी ने बिना किसी पासपोर्ट या आवश्यक दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। ये सभी ठाणे के कल्याण और डोंबिवली इलाके में झुग्गी बस्तियों और रेलवे स्टेशन के पास रहते थे।

पुलिस के अनुसार, ये बांग्लादेशी नागरिक घरेलू कामकाज और अन्य छोटे-मोटे काम करते थे। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) अतुल जेंडे के अनुसार, गिरफ्तार लोगों के पास भारत में प्रवेश या रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं था। सभी बांग्लादेशी नागरिकों को विदेशी नागरिक अधिनियम और भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इससे पहले महाराष्ट्र के कल्याण में पुलिस ने 20 जनवरी को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया था। उनकी पहचान परवीन शेख, खदीजा शेख और रीमा सरदार के रूप में हुई थी। तीनों महिलाएं पिछले कई साल से इलाके में रह रही थीं। दरअसल, तीन महिलाओं की गिरफ्तारी कल्याण की महात्मा फुले थाना पुलिस ने की है।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि बांग्लादेश की तीन महिलाएं कल्याण-डोंबिवली इलाके में रह रही थीं।

## सरकार बनने के बाद सीवर ओवरफ्लो की शिकायतों पर सबसे पहले होगा काम : केजरीवाल




नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए एक और घोषणा की है। इसके मुताबिक सरकार बनने के बाद सीवर ओवरफ्लो की समस्या पर सबसे पहले काम किया जाएगा। क्योंकि यह दूषित पानी, पीने के पानी की पाइपलाइन में घुसकर लोगों को बीमार कर सकता है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब हमारी पहली बार सरकार बनी थी तो बहुत सारी समस्याएं थीं। उनमें से एक बड़ी समस्या सीवर की थी। दिल्ली में 1792 कच्ची कॉलोनियां हैं। इनमें से 2015 के पहले किसी किस्म का विकास अलाउड नहीं था। सुप्रीम कोर्ट का आदेश था, सेंट्रल गवर्नमेंट का आदेश था। उन सब बाधाओं को पार करके हमने सारी कच्ची कालोनियों के अंदर काम करना चालू किया। इन कच्ची कॉलोनियों में सीवर की कोई पाइपलाइन नहीं थी। सारा सीवर नालियों के अंदर व गलियों के अंदर बहता था। लोगों का जीवन नर्क था। पिछले 10 साल में लगभग सभी कॉलोनियों में हमने सीवर की पाइपलाइन डाली है। उसे जोड़ने का काम चल रहा है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दूसरी तरफ कई कॉलोनियों के अंदर जहां सीवर की पाइपलाइन है। वह बहुत पुरानी हो गई हैं।

उसमें आज कई जगह से मुझे शिकायत सुनने को मिलती है कि सीवर ओवरफ्लो कर रहा है, सीवर लीक कर रहा है, सीवर जाम हो गया है, सीवर का पानी पीने के पानी से मिक्स हो रहा है। इसलिए मैंने यह तय किया है कि बहुत जल्द हमारी सरकार बनने के बाद पुरानी पाइपलाइन को रिप्लेस किया जाएगा, ताकि लोगों को सीवर की वजह से होने वाले समस्याओं से छुटकारा दिलाया जा सके।

## बाहर से दिख रही थी साधारण झोपड़ी, चुपके से अंदर बुलाकर ले गई महिला, अंदर का नजारा देख उड़े होश!



बाहर से देखने पर कई बार चीजें बहुत ही साधारण सी नजर आती हैं. कुछ लोग उन्हें देखकर मुंह मोड़ लेते हैं. लेकिन उन साधारण चीजों के अंदर कई बार ऐसी चीजें मौजूद होती हैं, जो बड़े से बड़े महलों में नहीं देखने को मिल सकती हैं. आज हम आपको एक ऐसा ही वीडियो दिखाने जा रहे हैं. इस वीडियो में जंगल के बीचों-बीच एक साधारण झोपड़ी नजर आ रही है. उस झोपड़ी के अंदर एक महिला चुपके से बुलाकर ले जाती है. जब वो महिला अंदर जाती है तो लंबा-चौड़ा गलियारा दिखता है. वो तमाम गलियारे को पार करती हुई ऐसी जगह पहुंचती है, जिसका नजारा देखकर किसी के भी होश उड़ जाएं. आंखों पर विश्वास ही नहीं हो पाता है कि जंगल में कोई ऐसी जगह भी मौजूद हो सकती है. झोपड़ी लग्जरी लाइफ से जुड़ा हर सामान मौजूद था, लेकिन उससे बाहर कुछ ऐसा दिखा जिसे भूल पाना मुश्किल है.

इंस्टाग्राम पर इस वीडियो लंदन की रहने वाली सैंडी ब्रेटमायर ने कैप्चर किया है. वो खुद इस वीडियो में नजर आ रही हैं. झोपड़ी की तरफ इशारा करती हुई सैंडी कहती हैं, 'अफ्रीका की ये जगह सबसे खूबसूरत और जादुई है. आइए आपको दिखाते हैं. लेकिन सबसे पहले मुझे चुप रहना होगा, जब मैं इस झोपड़ी के अंदर घुसुंगी. यहां पर एक लंबा अंडरग्राउंड गलियारा है. यहां पर मुझे अपने जूते उतारने होंगे, जैसा कि निर्देश लिखा है. जूते खोल देने से चलने की आवाज भी नहीं आएगी. इसके बाद मैं इस कमरे में घुसती हूं. तब जाकर मुझे अहसास हुआ कि असल में मैं जंगल सफारी के बीचों-बीच पहुंच गई, जहां पर पानी का होल है.' सैंडी ने आगे बताया कि ये जगह जानवरों की नजर से छुपी हुई है. उन्हें पता नहीं चल पाता है कि उनकी मस्ती को कोई देख रहा है. आप खिड़कियों को खोलकर उन जानवरों की तस्वीर भी ले सकते हैं.

# प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल के कटआउट को यमुना में डुबोया, लिखा था-'मैं फेल हो गया'



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली विधानसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के प्रवेश वर्मा चुनावी मैदान में हैं। शनिवार को उन्होंने अरविंद केजरीवाल के कटआउट को यमुना नदी में डुबकी लगवाकर 'आप' को घेरा। कटआउट पर लिखा था- मैं फेल हो गया, मुझे माफ करना। इसमें केजरीवाल कान पकड़े नजर आ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल के कटआउट को यमुना नदी में डुबकी लगवाने के बाद भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए आप पर दिल्ली को प्रदूषित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि पूरी दुनिया में जहां पर नदियां होती हैं, वहां पर लोग बसते हैं। वहीं, दिल्ली में करीब 28 किलोमीटर यमुना नदी बहती है, जिसका हम बहुत फायदा उठा सकते हैं। यहां का पानी साफ करके पूरे दिल्ली एनसीआर को सप्लाई कर सकते हैं। यमुना नदी को साफ करना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। उन्होंने आगे कहा, जैसे पीएम मोदी ने साबरमती रिवर फ्रंट को बनाया, वैसे ही हम यमुना रिवर फ्रंट बना सकते हैं। 11 साल का समय बहुत लंबा होता है। केजरीवाल ने बार-बार कहा कि अगर मैं यमुना को साफ नहीं कर पाया तो वोट नहीं देना। उन्होंने इस पर करीब 8,000 रुपए खर्च किए, वो पैसे कहां गए, किसी को पता नहीं चला। इसकी जांच होगी। दिल्ली की जनता से मेरी अपील है कि उनको पांच फरवरी को मौका मिला है, वो एक बार भाजपा को मौका दें। हमारी प्राथमिकता है कि दिल्ली में हम यमुना नदी को साफ करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी ने लोगों से अपील की कि जैसे केंद्र में मोदी की सरकार बनाई है। उसी तरह दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनाइए, जिससे केंद्र और राज्य में कोई झगड़ा न हो। केजरीवाल चुनाव के समय बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं, लेकिन बाद में उसे भूल जाते हैं। केजरीवाल कहते थे कि 2025 से पहले वो यमुना में डुबकी लगाएंगे, अगर नहीं लगाएंगे तो कोई उनको वोट नहीं दे। ऐसे में मेरी अपील है कि दिल्ली की जनता उनको वोट न दे।

## आप के चुनावी पोस्टर में पहली बार राहुल

### बेइमानों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर दिखाया भाजपा के लिए लिखा-8 फरवरी को बैग पैक

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच पोस्टर पॉलिटिक्स जारी है। शनिवार को भी दोनों ही पार्टियों ने एक-दूसरे के खिलाफ पोस्टर जारी किए। आप ने कुछ वीडियो रिलीज किए। आप के पोस्टर में इस बार भाजपा नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी और संदीप दीक्षित की भी तस्वीर नजर आई। आप ने दोनों को बेइमानों की लिस्ट में दिखाया।

आप ने पहली बार राहुल गांधी पर भी पोस्टर के जरिए निशाना साधा। वहीं, भाजपा ने X पर शेयर किए पोस्टर में आप नेताओं को गुंडा कहा है। इसमें अरविंद केजरीवाल, ताहिर हुसैन, अमानतुल्लाह खान, नरेश बाल्यान, मोहिंदर गोयल, संजय सिंह, सोमनाथ भारती, ऋतुराज झा, अखिलेश पति त्रिपाठी के नाम हैं।





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 304 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.12 2081 रविवार, 26 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई हमले (26/11) के दोषी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। 13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को खारिज कर दिया था। राणा के पास प्रत्यर्पण से बचने का ये आखिरी मौका था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जहां उसकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

**भारत-इंडोनेशिया के बीच कई क्षेत्रों में हुआ करार**

# हमारा सहयोग और मजबूत : पीएम मोदी



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत पहुंच चुके हैं। गुरुवार की रात को वे नई दिल्ली पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और इंडोनेशिया के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।

**पीएम मोदी ने किया इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का स्वागत :**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा, भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा है। मैं भारत में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो का स्वागत करता हूं।

उन्होंने आगे कहा, 2018 में मेरी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए हमने विनिर्माण और आपूर्ति में मिलकर काम करने का फैसला किया है। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और डी-रेडिकलाइजेशन में सहयोग पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने आगे कहा, समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में आज हस्ताक्षरित समझौता अपराध की रोकथाम, खोज एवं बचाव और क्षमता निर्माण में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा।

## आपको प्रेरणा और शक्ति कहां से मिलती है? : एनसीसी कैडेट्स के सवाल पर पीएम मोदी ने दिया जवाब

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस से पहले एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों, राष्ट्रीय रंगशाला शिविर के कलाकारों, आदिवासी मेहमानों और झांकी कलाकारों से बातचीत की है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के निवास स्थान लोक कल्याण मार्ग पर आयोजित किया गया जहां पीएम मोदी ने सभी से बातचीत की।

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जब पूछा गया कि उन्हें प्रेरणा और शक्ति कहां से मिलती है, तो उन्होंने कहा, यह बहुत कठिन सवाल है। जब मैं आप जैसे युवाओं से मिलता हूं, तो मुझे ऊर्जा मिलती है। जब मैं आप सभी को देखता हूं, तो मुझे प्रेरणा मिलती है। कभी-कभी जब मैं देश के किसानों को याद करता हूं, तो मुझे लगता है कि वे कितने घंटे काम करते हैं, जब मैं देश के जवानों को याद करता हूं, तो मुझे लगता है कि वे कितने घंटे सीमा पर खड़े रहते हैं, हर कोई करता है और बहुत मेहनत करता है।

# दिल्ली चुनाव : शाह ने संकल्प पत्र का पार्ट-3 लॉन्च किया

### केजरीवाल जैसा झूठ बोलने वाला नहीं देखा, उन्हें कुंभ में डुबकी लगानी चाहिए



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में पार्टी के संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने केजरीवाल जैसा झूठा इंसान अपने पूरे जीवन में नहीं देखा है। अभी कुंभ लगा है, केजरीवाल डुबकी लगा लो तो झूठ बोलने के पाप कट जाएंगे।

शाह ने आप सरकार पर घोटाले करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में स्कूलों और मंदिरों, गुरुद्वारों को भी नहीं बख्शा। सबके ठेके दे दिए, हजारों करोड़ का घोटाला किया। केजरीवाल ने हर चुनाव में झूठे वादे किए हैं। भाजपा कोरे वादे नहीं करती। इससे पहले 7 जनवरी को भाजपा ने संकल्प पत्र का पहला हिस्सा जारी किया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को 'विकसित दिल्ली की नींव' बताया था। इसके बाद 21 जनवरी को संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने किया था। उधर, केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी करने वाली है। वो इसमें जरूर बताए कि उनका प्लान और विजन क्या है। केजरीवाल ने भाजपा से यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) का विजन कॉपी न करना। अमित शाह ने कहा कि हम चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं। भाजपा कोरे वादे नहीं करती है। एक लाख आठ हजार लोगों ने अपना सुझाव दिया। 62 प्रकार के समूहों की बैठक की गई। ये सुझाव, दिल्ली का बजट और दिल्ली की जरूरतों को ध्यान में रखकर ये संकल्प पत्र बनाया गया है।

शाह ने कहा कि केजरीवाल की सरकार ने ढेर सारे वादे किए थे, जिन्होंने पूरा करने के लिए इनके पास न उत्साह है न संकल्प। कहा था कि मैं, मेरी सरकार और कोई मंत्री सरकारी बंगला नहीं लेगा। बंगला लिया 10 साल से रह रहे हैं। 51 करोड़ से ज्यादा खर्च कर दिया, 4 बंगले मिलाकर एक शीश महल बनाया। करोड़ों के पर्दे, लाखों के सोफा और एलईडी है। पूछता हूं अन्ना के आंदोलन से एक पार्टी ने जन्म लिया। कहा था कि न गाड़ी लेंगे और न घर।

# वाईएसआरसीपी नेता विजयसाई रेड्डी का राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। वाईएसआरसीपी पार्टी से राज्यसभा सांसद वी विजयसाई रेड्डी ने संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि रेड्डी कल ही राजनीति से संन्यास का एलान कर चुके हैं। विजयसाई रेड्डी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैं किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं। मैंने किसी राजनीतिक फायदे, पद या आर्थिक फायदे के लिए इस्तीफा नहीं दिया है। यह मेरा पूर्णतः निजी फैसला है। इसके लिए मुझ पर कोई दबाव या किसी का कोई प्रभाव नहीं है। विजयसाई रेड्डी को वाईएसआरसीपी के मुखिया और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी का करीबी माना जाता है। विजयसाई रेड्डी ने पार्टी के महासचिव पद से भी इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के गठन के समय से ही विजयसाई रेड्डी वाईएसआरसीपी के साथ जुड़े रहे और इस दौरान कई पदों पर रहे। राजनीति छोड़ने का एलान करते हुए विजयसाई रेड्डी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह वाईएसआर परिवार के कर्जदार हैं, जिन्होंने मुझे पर भरोसा किया। विजयसाई रेड्डी ने पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी की भी तारीफ की और उन्हें भी धन्यवाद दिया। >14

# 'संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का आधार'

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था लेकिन भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा... आज के दिन सबसे पहले हम उन सूर वीरों को याद करते हैं जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी दी... इस वर्ष हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं। वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं, जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा, न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो। ये जीवन मूल्य को सदा से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रहे हैं। भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में दिखाई देता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा, सरकार ने जन-कल्याण को नई परिभाषा दी है जिसके अनुसार आवास और पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों को अधिकार माना गया है। >14

# सेना ने किया 'आकाश मिसाइल' का सफल परीक्षण

भुवनेश्वर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के गोपालपुर सीवर्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के चेतक कोर के वायु रक्षा योद्धाओं ने दिन और रात के समय लक्ष्य बनाकर कम ऊंचाई और अधिकतम सीमा पर सटीकता के साथ आकाश मिसाइल से फायरिंग की। दक्षिण पश्चिमी सेना कमान ने कहा कि सटीक फायरिंग भारतीय सेना की सेना वायु रक्षा कोर की परिचालन तत्परता और अत्याधुनिक क्षमताओं का उदाहरण है।

बता दें कि आकाश मिसाइल एक साथ चार निशानों को तबाह करने की ताकत रखता है। आत्मनिर्भर भारत पहल को बढावा देने के लिए आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। यह डीआरडीओ द्वारा निर्मित एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है।

# मुडा मामले में लोकायुक्त पुलिस ने विशेष अदालत को सौंपी रिपोर्ट

**27 जनवरी को होनी है सुनवाई**

बेंगलूरू, 25 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी से जुड़े मुडा मामले में लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार को बेंगलूरू की विशेष अदालत को रिपोर्ट सौंप दी है। ये रिपोर्ट 27 जनवरी को होने वाली अदालत की सुनवाई से पहले प्रस्तुत किया गया है। बता दें कि रिपोर्ट को पहले 26 जनवरी को पेश किया जाना था, लेकिन 25 जनवरी को शनिवार और अदालत की छुट्टी होने के कारण लोकायुक्त पुलिस ने रिपोर्ट 24 जनवरी को ही प्रस्तुत कर दी। साथ ही भाजपा ने शुक्रवार को मीडिया में आई उन खबरों के मद्देनजर मुडा घोटाले में लोकायुक्त जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, जिनमें कहा गया है कि लोकपाल की पुलिस शाखा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके परिवार को क्लीन चिट दे दी है। सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम और उनके पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी यहां एक विशेष अदालत के निर्देश पर लोकायुक्त पुलिस की तरफ से दर्ज मामले में आरोपी हैं।



मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50 प्रतिशत के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार की तरफ से योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा।


मामले में आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री की पत्नी की तीन एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा की तरफ से अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी। आरोप है कि मुडा ने इस जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर तृतीय चरण की योजना विकसित कर दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ 1.3 करोड़ रुपये की रिश्वत का मामला खारिज हो गया है। निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने सिद्धरमैया से जुड़े मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की दायर क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है।

## पद्म पुरस्कारों का ऐलान : 100 साल की स्वतंत्रता सेनानी लीबिया लोबो सरदेसाई

### एमपी की उद्यमी शैली होल्कर, मराठी लेखक मारुति भुजंगराव को पद्मश्री



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 30 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। गोवा स्वतंत्रता आंदोलन की सेनानी लीबिया लोबो सरदेसाई, मध्यप्रदेश के उद्यमी शैली होल्कर, मराठी लेखक मारुति भुजंगराव को पद्मश्री दिया जाएगा। दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला, सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह भावेश, दक्षिण भारतीय संगीतकार पी. दत्चनमूर्ति, फल किसान एल. हैंगथिंग को भी पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल के ढाक वादक गोकुल चंद्र दास, कुवैत की योग टीचर शेखा ए जे अल सबा, उत्तराखंड के ट्रैवल ब्लॉगर दंपति ह्यूग ..>14




# फिट्जी कोचिंग देश के 5 राज्यों में बंद

> बिना नोटिस सेंटर्स पर ताले लगाकर भागे > 2 से 3 लाख तक एडवांस फीस वसूल चुके थे

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 5 राज्यों में कोचिंग इंस्टीट्यूट फिट्जी ने अपने एग्जाम सेंटर अचानक बंद कर दिए गए हैं। कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

फिट्जी, जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी आईआईटी-जी एग्जाम की तैयारी कराने वाला एक जाना माना इंस्टीट्यूट है। जिन शहरों में ये सेंटर बंद हुए हैं, वहां पेरेंट्स के पहुंचने से पहले ही संचालक ताला लगाकर भाग चुके थे। कई पेरेंट्स का कहना है कि वो लाखों की एडवांस फीस जमा कर चुके हैं। बावजूद इसके, बिना कसि अर्ली नोटिस के कोचिंग संस्थान ताला लटकाकर भाग गए।

फिट्जी के इन कोचिंग सेंटर्स में मेरठ में 400 स्टूडेंट्स, नोएडा में 2000 स्टूडेंट्स, भोपाल में 700 स्टूडेंट्स, पटना में 200 स्टूडेंट्स पढ़ रहे थे। 1992 में आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र डीके गोयल ने फिट्जी की शुरुआत की थी। यह संस्थान इंजीनियरिंग और विज्ञान की परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए मशहूर था।




### टीचर बोले- एक साल नहीं मिली सैलरी

भोपाल सेंटर एक टीचर के. के. पांडेय ने हमें बताया, 'कंपनी बीते 1 साल से टीचर्स को सैलरी नहीं दे पा रही थी। हमें कहा जाता था कि जल्द सब ठीक हो जाएगा। पूरे साल में 3-4 महीने ही सैलरी आई। जब टीचर्स के सब्र का बांध टूट गया तो कई सेंटर्स के टीचर्स ने एकसाथ रिजाइन कर दिया। कोचिंग बंद होने पर कई पेरेंट्स ने टीचर्स और फैकल्टी को कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की। उन्हें जब कोई रास्ता नहीं मिला तो कई पेरेंट्स मुझे ही फोन करके धमकाते हैं।'

### भोपाल में दिसंबर में ही बंद हुआ सेंटर

16 दिसंबर को फिट्जी कोचिंग के 25 से ज्यादा स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने हंगामा किया था। एमपी नगर थाने में शिकायत की गई जिसमें कोचिंग संचालक के खिलाफ फीस के रुपए हड़पने के आरोप लगाए थे। साथ ही एडवांस के तौर पर जमा की गई फीस वापस मांगी थी। इसके बाद पुलिस ने कोचिंग स्टाफ को पक्ष रखने के लिए बुलाया था। फिट्जी कोचिंग की भोपाल ब्रांच मे करीब 700 स्टूडेंट्स के एडमिशन हैं। प्रति स्टूडेंट डेढ़ से 3 लाख रुपए फीस ली जाती है। इसे लेकर भोपाल के कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि कोचिंग सेंटर पर एक्शन लिया जाएगा। बच्चों की फीस वापस कराने का प्रयास करेंगे।

## शिकार करने गए व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

शिमला, 25 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के सोलन में शिकार के लिए जंगल में गए व्यक्ति के सिर पर गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। आरोपियों ने डर से मृतक व्यक्ति का सिर धड़ से अलग कर दिया और उसके धड़ को सिरमौर के वासनी स्थित एक गुफा में छिपा दिया। जबकि सिर को सोलन के सुल्तानपुर के जंगल में दबा दिया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर सोलन निवासी आरोपियों भुट्टो राम और संदीप को गिरफ्तार कर दिया है। मामले की जांच जारी है। मामले की पुष्टि एसपी सोलन गौरव सिंह ने की है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार मृतक सोमदत उर्फ सोनू (38) निवासी गांव पलहेच, तहसील पच्छाद सोलन में अपने जीजा के घर आया था, क्योंकि इसकी पत्नी काफी समय से बीमार चल रही थी।

# भाजपा प्रत्याशी कपिल मिश्रा का तंज बोले 'दिल्ली में कांग्रेस पार्टी बीमार'



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की करावल नगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के सत्ता में आने का दावा किया। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं दिग्गज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बीमारी पर तंज कसते हुए कहा कि अभी कांग्रेस पार्टी ही बीमार है। राहुल गांधी के बीमार होने के कारण दिल्ली के चुनाव प्रचार में कम सक्रियता पर भाजपा प्रत्याशी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, वे कह रहे हैं कि राहुल गांधी बीमार हैं, हम कह रहे हैं कि कांग्रेस ही बीमार है। पार्टी को इलाज की जरूरत है। हालांकि, मेरी कामना है कि राहुल गांधी जल्द स्वस्थ हों। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 8 फरवरी को चुनाव परिणाम आने के उपरांत आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से जा रही है। वहीं, भाजपा दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के लिए आ रही है। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल की नौटंकी को पूरी तरह से जान चुकी है। इस बार जनता दिल्ली के विकास के लिए भाजपा सरकार को निसंदेह चुनेगी। उन्होंने कहा, जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ एक संकल्प है कि पीएम मोदी के हाथों दिल्ली की सत्ता देनी है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार और गवर्नेंस की फेलियर मुख्य मुद्दा है, जिसके खिलाफ हम चुनाव लड़ रहे हैं। 'आप-दा' जा रही है और भाजपा आ रही है। ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे के यातायात पुलिस से बदतमीजी करने पर भाजपा प्रत्याशी ने हमला बोला। उन्होंने कहा, अमानतुल्लाह खान की पहचान बन गई है कि मुसलमानों में भी जो असामाजिक तत्व और घुसपैठिए हैं, वे उनके दम पर राजनीति करना चाहते हैं। बता दें कि दिल्ली चुनाव में अब 10 दिन से भी कम का समय बचा है। सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने दावों और वादों के साथ प्रचार में जुटी हैं। दिल्ली की करावल नगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने भी अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में उन्होंने करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के खजूरी खास इलाके में अपना प्रचार-प्रसार किया।

# रिश्वत मामले में फंसे रिटायर्ड डीपीओ को बड़ा झटका

### सीतामढ़ी में 50 हजार की घूस लेते पकड़े गए थे, 100% रुका पेंशन

सीतामढ़ी, 25 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के शिक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीतामढ़ी के पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीपीओ) संजय प्रसाद देव उर्फ कन्हैया प्रसाद की पेंशन पर आजीवन रोक लगा दी है। यह कार्रवाई उनके खिलाफ रिश्वत के एक मामले में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, संजय प्रसाद को मार्च 2023 में पटना निगरानी विभाग की टीम ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। खास बात यह है कि गिरफ्तारी के दिन वह जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर योगदान देने जा रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था और विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया था। बता दें कि 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त होने के बाद, विभाग ने 29 सितंबर 2024 को उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई को बिहार पेंशन नियमावली के तहत परिवर्तित किया। जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने के बाद उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन वे कोई नया साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। शिक्षा विभाग के निदेशक सुबोध कुमार चौधरी के निर्देश पर संचालन पदाधिकारी ने उनकी 100 प्रतिशत पेंशन को स्थायी रूप से रोकने का दंड निर्धारित किया। इस निर्णय के लिए बिहार लोक सेवा आयोग से भी परामर्श लिया गया। वर्तमान में यह मामला विजिलेंस कोर्ट में विचाराधीन है।

# सम्मान समारोह में शामिल हुए राजनाथ सिंह विजेताओं से बोले- आप देश का भविष्य



नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। प्रोजेक्ट वीर गाथा के तहत आज राजधानी दिल्ली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान राजनाथ सिंह ने प्रोजेक्ट वीर गाथा कार्यक्रम की जमकर तारीफ की और इसमें चुने गए युवाओं को देश का भविष्य बताया। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'प्रोजेक्ट वीर गाथा में चयनित होना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आप देश का भविष्य हैं। आप सभी पूरी दुनिया में देश को गौरवान्वित करेंगे क्योंकि आपमें प्रतिभा है। जो 100 युवा चयनित हुए हैं, उनमें से 66 लड़कियां हैं। इनमें से एक मणिपुर से है। मैं सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देता हूं।' प्रोजेक्ट वीर गाथा की शुरुआत साल 2021 में वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता, निस्वार्थ बलिदान और साहस की प्रेरक कहानियों और इन बहादुरों की जीवन गाथाओं को छात्रों के बीच प्रसारित करने के उद्देश्य से की गई थी, ताकि उनमें देशभक्ति की भावना पैदा हो सके। प्रोजेक्ट वीर गाथा के जरिए स्कूली छात्रों को वीरता पुरस्कार विजेताओं के वीरतापूर्ण कार्यों और बलिदान पर आधारित रचनात्मक गतिविधियों को करने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है।

# राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक : आर्थिक सेहत में यूपी-एमपी, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना अग्रणी




## पंजाब-आंध्र पिछड़े

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। नीति आयोग की राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2025 रिपोर्ट में ओडिशा और छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन किया है। यह रिपोर्ट बताती है कि कौन-कौन से राज्य अपने पैसे को अच्छे से खर्च कर रहे हैं और कैसे वे अपने क्षेत्र का विकास कर रहे हैं।

ओडिशा 67.8 के स्कोर के साथ 18 राज्यों में शीर्ष पायदान पर है। छत्तीसगढ़ 55.2 के स्कोर के साथ दूसरे और गोवा 53.6 का स्कोर अर्जित कर तीसरे स्थान पर है। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की रिपोर्ट का प्रथम अंक जारी किया। राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) का उद्देश्य उप-राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय स्थिति पर प्रकाश डालना और टिकाऊ और लचीले आर्थिक विकास के लिए नीति सुधारों का मार्गदर्शन करना है। सफल राज्यों ने मजबूत राजकोषीय स्वास्थ्य प्रदर्शित किया है, तथा राजस्व जुटाने, व्यय प्रबंधन और ऋण स्थिरता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। झारखंड में अच्छा सुधार देखा गया, इसने राजकोषीय विवेक और ऋण स्थिरता को मजबूत किया है। वहीं कर्नाटक को व्यय गुणवत्ता और ऋण प्रबंधन में कमजोर प्रदर्शन के कारण गिरावट का सामना करना पड़ा है। ये अंतरराज्यीय असमानताएं विशिष्ट राजकोषीय चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए लक्षित सुधारों की आवश्यकता को उजागर करती हैं। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया ने कहा कि संतुलित क्षेत्रीय विकास, दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता और विवेकपूर्ण शासन के लिए राज्यों को स्थिर राजकोषीय पथ अपनाने की जरूरत है।

### पांच बिंदुओं पर हुआ मूल्यांकन

रिपोर्ट में पांच प्रमुख बिंदुओं- व्यय की गुणवत्ता, राजस्व जुटाना, राजकोषीय विवेक, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता के आधार पर 18 प्रमुख राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन प्रदान किया गया। साथ ही राज्य-विशिष्ट चुनौतियों और सुधार के क्षेत्रों के बारे में जानकारी भी दी गई।

### यूपी, एमपी, कर्नाटक, तेलंगाना को अग्रणी श्रेणी में रखा गया

राज्यों की राजकोषीय सेहत के बारे में समझ विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक को अग्रणी श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल सबसे खराब प्रदर्शन वाले राज्य हैं और सभी महत्वपूर्ण आर्थिक चुनौतियों को सामना कर रहे हैं।

## दिल्ली में वोटिंग तक टल सकता है बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष चुनाव

भोपाल, 25 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में बीजेपी के 62 संगठनात्मक जिलों में से अब तक 59 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। इंदौर शहर, इंदौर ग्रामीण और निवाड़ी जिलों के अध्यक्षों की घोषणा अभी बाकी है। अब सभी की नजरें प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव पर टिकी हैं।

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदान तक टल सकता है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव टलने की दो प्रमुख वजहें हैं। पहला, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 जनवरी से 2 फरवरी तक विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, और दूसरा कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी नेताओं की व्यस्तता है। इन दोनों कारणों से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद, 5 फरवरी को वोटिंग होने के बाद शुरू की जा सकती है। मध्यप्रदेश बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की रायशुमारी में हिस्सा लेने वाले प्रदेश परिषद के सदस्यों की सूची दिल्ली के केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी है।

# कटरा-श्रीनगर वंदे भारत का ट्रायल पूरा

### माइनस 10° में भी चलेगी, कोच और बाथरूम में हीटर; फरवरी से शुरू हो सकती है

श्रीनगर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। यात्रीगण कृपया ध्यान दें... कश्मीर जाने के लिए ट्रेन संख्या 244027, वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खड़ी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को दूसरी ट्रेनों का इंतजार कर रहे सैकड़ों यात्री यह सुनकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। यह खुशी इसलिए थी, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को पहली बार वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है। शनिवार को इसका ट्रायल पूरा हुआ। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची। यानी 160 किलोमीटर का सफर 3 घंटे में पूरा किया।

जम्मू-कश्मीर में चलने वाली यह ट्रेन खास तौर पर कश्मीर के मौसम के हिसाब से डिजाइन की गई है। बर्फबारी में भी यह आसानी से चलेगी।

ट्रेन में लगा हीटिंग सिस्टम पानी की टंकियों और बायो-टॉयलेट को जमने से रोकेगा। ड्राइवर का विंडशील्ड और एयर ब्रेक माइनस टेंपरेचर में भी काम करेगा। पीएम फरवरी में इसका उद्घाटन कर सकते हैं। 11 जनवरी को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक प्रोजेक्ट सपना सच होने जैसा है।



## उज्जैन में कार ऑटो की टक्कर से पिता-बेटी की मौत

उज्जैन, 25 जनवरी (एजेंसियां)। उज्जैन में शुक्रवार रात सड़क हादसे में पिता और बेटी की मौत हो गई। घटना एमआर-5 रोड में कार और ऑटो की टक्कर से हुई। देर रात हुए सड़क हादसे की खबर लगने के बाद आसपास के रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप था कि इस जगह पर आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाए। शुक्रवार रात ऑटो चालक शेख जीशान (38) पत्नी शहाना (30) बेटे आरिल और 6 माह की बेटी अनाविया को लेकर तोपखाने ससुराल गए थे। देर रात ढांचा भवन में घर लौटे समय आलोक इंटरनेशनल स्कूल के सामने से टर्न लेते समय सामने से आ रही कार क्रमांक MP 13 ZM 9406 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की हादसे के दौरान कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी और ऑटो के परखच्चे उड़ गए।

# सोनिया, राहुल व प्रियंका के सीआरपीएफ सुरक्षा कर्मियों को ही मिला 20 % सशर्त 'विशेष सुरक्षा भत्ता'




नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की वीआईपी सिक्योरिटी विंग में तैनात जवानों के लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग का एक आदेश, परेशानी का सबब बन गया है। अभी तक वीआईपी सुरक्षा में तैनात जवानों और अफसरों को वेतन के अलावा अन्य कोई भी स्पेशल सिक्योरिटी अलाउंस 'एसएसए' नहीं मिलता। दो दिन पहले व्यय विभाग से एक आदेश जारी होता है।

इसमें सीएपीएफ की वीआईपी सुरक्षा में तैनात जवानों को उनके मूल वेतन पर 20 प्रतिशत 'विशेष सुरक्षा भत्ता' देने की बात कही गई। इसके लिए जो शर्त रखी गई, उसके तहत यह भत्ता केवल सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की सुरक्षा करने वाले सीआरपीएफ के चुनींदा जवानों को ही मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जिनके पास जेड प्लस (एएसएल) सुरक्षा है, इनके जवानों को भी भत्ते से वंचित कर दिया गया। दूसरी तरफ जो 20 प्रतिशत सिक्योरिटी अलाउंस देने की बात कही गई है, वह देश में सबसे कम सुरक्षा भत्ता है। विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों में 55 प्रतिशत तक 'स्पेशल सिक्योरिटी अलाउंस' मिल रहा है।

बता दें कि दो दिन पहले व्यय विभाग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के उस प्रपोजल को मंजूरी दी है, जिसमें सीएपीएफ की वीआईपी सिक्योरिटी विंग के जवानों को 20 प्रतिशत विशेष सुरक्षा भत्ता देने की बात कही गई है। इसमें जो शर्त रखी गई है, उसने सभी को हैरान कर दिया है। स्पेशल सिक्योरिटी अलाउंस 'एसएसए' तो मिलेगा, मगर जेड प्लस और जेड प्लस विद् (एएसएल) सुरक्षा प्राप्त अति विशिष्ट लोगों के सिक्योरिटी कवर में शामिल जवानों को ही मिलेगा। यहां पर एक अन्य शर्त भी रख दी गई। उसमें कहा गया कि ऐसे अति विशिष्ट व्यक्ति, जिनके पास अब जेड प्लस या जेड प्लस (एएसएल) सुरक्षा है, मगर इससे पहले उनके पास एसपीजी या एनएसजी सुरक्षा रही है। यानी एसपीजी या एनएसजी के बाद उनकी सुरक्षा सीएपीएफ की वीआईपी सुरक्षा विंग को मिली है। ऐसे जवानों को ही बीस प्रतिशत विशेष सुरक्षा भत्ता मिलेगा। यहां पर तीसरी शर्त यह रहेगी कि ये भत्ता केवल उन्हीं जवानों को मिलेगा, जो ड्यूटी पर होंगे। वैसे नहीं मिलेगा, जैसे विशेष जोखिम वाले क्षेत्रों में तैनात बटालियन के सभी जवानों को मिलता है।

सूत्रों के मुताबिक, देश में जेड प्लस (एडवांस सिक्योरिटी लाइजन) 'एएसएल' सुरक्षा केवल पांच लोगों को ही मिली हुई थी। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर शामिल हैं। हालांकि तकनीकी रूप से गुरशरण कौर के पास पहले से ही एडवांस सिक्योरिटी लाइजन नहीं है। वजह, उनका कहीं बाहर आना जाना नहीं रहता था। ऐसे में अब चार अति विशिष्ट व्यक्ति बचे हैं, जिनके पास जेड प्लस 'एएसएल' सुरक्षा है। कुछ समय पहले ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी जेड प्लस 'एएसएल' सुरक्षा मिली है। हालांकि उनके पास सीआईएसएफ का सुरक्षा कवर है। उनकी सुरक्षा में तैनात जवानों को भी सुरक्षा भत्ता नहीं मिलेगा। वजह, उनके पास पहले एसपीजी/एनएसजी सुरक्षा नहीं थी।

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें X @SCRailwayIndia पर फॉलो करें। हमारी सभी निविदा सूचनाओं का विवरण हमारी वेबसाइट www.scr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in के माध्यम से) PUB/0066
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्न कार्यों हेतु सीइ/सीआयआय/एससी एण्ड सीइ/सी-IV/एससी, निर्माण संगठन या कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन दम रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम सं.1, एनआयटी सं.-01-सीएओ-सी-एससी-2025,दि.10.01.2025 कार्य विवरण: एससीआर कंस्ट्रक्शन आर्गनाइजेशन:नांदेड डिवीजन:-महाराष्ट्र राज्य के नांदेड जिले के मिट्टी का कार्य या एर्थवर्क इन फार्मेशन,पुलों का निर्माण कार्य,ट्रैक को बिछाना व जोडना, रेल्स की वेल्डिंग, प्लाटफार्म,स्टेशन बिल्डिंग, एप्रोच रोड्स या सडकें आदि का निर्माण कार्य, तत्संबंधित मुदखेड जंक्शन पर, मुदखेड बायपास लाइन के लिए, एमयुड-अदिलाबाद एवम् एमयुड-एससी लाइन(2.527किमी) कनेटिक्टिन्ग हेतु इसके साथ एससी छोर के एमयुड यार्ड से बाय पास टेक आफ्फ तक डबलिंग लाइन बिछाने का कार्य। विवरण:-अनुमानित मूल्य: रु.48,61,22,522.62, पूधरा:रु.25,80,600.00, पूरा करने की अवधि: 18(अठारह) महिने, खोलने की तिथि: 03-02-2025 के 15.00 बजे

क्रम सं.2, एनआयटी सं. -02-सीएओ-सी-एससी-2025, दि.10/01/2025, कार्य विवरण: एससीआर-निर्माण संगठन-हैदराबाद डिवीजन-एमबीएनआर-एमक्यूएन सेक्शन-महबूबनगर-मन्यमकोंडा स्टेशनों के बीच डबलिंग लाइन का प्रस्ताव-महबूबनगर से मन्यमकोंडा (दोनों याड्स) स्टेशनों के बीच सीएच.112000.0 से 128200.0 तक अन्य छिटपुट कार्य तथा बीजी ट्रैक को बिछाना व जोडना, पाइंट्स व क्रासिंग्स की एसेंब्लिंग व इनर्सशन का प्रस्ताव, स्टोन बल्लास्ट की लिडींग व डम्पिंग संबंधित कार्य।विवरण:-अनुमानित मूल्य:रु. 17,04,15,973.37, पूधरा:रु. 10,02,100.00, पूरा करने की अवधि:12(बारह) महिने, खोलने की तिथि:05-02-2025 के 15.00 बजे

i) बोली दस्तावेज एवम् अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट:https://ireps.gov.in पर लागिन करें।
ii) निविदादातागण अपने आफर्स को, आनलाईन रूप में, निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान अर्थात् निविदा बंद की तिथि से पंद्रह दिन पहले की अवधि में, प्रस्तुत कर सकते हैं।
iii) निविदादातागण कोई भी शुध्दिपत्र को (केवल आनलाइन में जारी) निविदा प्रस्तुति अवधि के प्रारंभ की तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण/सिकंदराबाद

निविदा सूचना PUB/0067
34-जीएसयु-24-25-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबी,
36-ओएसडब्ल्यू-24-25-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबी
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निर्वहणकर्ता एसआर.डीइइ/एम/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निम्न निविदाओं की बंद तिथि 20-02-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स प्राप्त होने पर उसपर विचार नही किया जायेगा।

क्रम सं.-1, कार्य विवरण: निविदा सं.34-जीएसयु-24-25-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबी: हैदराबाद डिवीजन:-1)गति शक्ति इकाई/हैदराबाद डिवीजन (एससी-एमयुड)-अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मेदक स्टेशन पर नई लिफ्ट का प्रावधान तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्थाएं(आयडी.11.03.53.24.3.52.003) -बिजली आपूर्ति व्यवस्थाएं 2) बोधन:-700 * 15 मीटर्स युक्त सीसी प्लाटफार्म सरफेस के बिछाने के साथ गूड्स प्लाटफार्म सरफेस या सतह का सुधार कार्य-बिजली व्यवस्थाएं (आयआरपीएसएम आयडी:11.03.53.24.3.52.006) (3)रेल निलयम में लिफ्ट नं.7(आडिटोरियम के पास) के बदले, नई लिफ्ट(क्षमता 13 व्यक्ति) का प्रतिस्थापन व्यवस्था-बिजली व्यवस्थाएं (आयआरपीएसएम आयडी:11.03.51.24.3.52.003), अनुमानित मूल्य: रु.1,26,27,394.40, पूधरा:रु.2,13,100.00, पूरा करने की अवधि: 12 महिने, बंद करने की तिथि: 20-02-2025

क्रम सं.-2, कार्य विवरण:निविदा सं.36-ओएसडब्ल्यू-24-25-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबी: हैदराबाद डिवीजन:1)7वें बटालियन/आरपीएसएफ/मौलाली, हैदराबाद पर 8 स्टोर रूम्स युक्त (हरेक रूम 20फीटX30फीट) एक डबल स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 2) 7वें बटालियन/आरपीएसएफ/मौलाली, हैदराबाद पर, युनिट ड्राई तथा वेट कैन्टिन के लिए, स्टोर रूम्स सहित एक डबल स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य: रु.64,79,692,00, पूधरा:रु.1,29,600.00, पूरा करने की अवधि: 12 महिने, बंद करने की तिथि: 20-02-2025

वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड स्थान, जहां निविदा विवरण को देखा जा सकता है: कार्यालय-एसआर. डीइइ/एम/एचवायबी, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/हैदराबाद

निविदा सूचना सं.23-एमइसीएच-एबी-एमओडी-24-25 PUB/0070
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निर्वहणकर्ता डीवाय.सीएमइ/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा निम्नलिखित निविदा सं. एवं तत्संबंधित बंद तिथि के 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स प्राप्त होने पर उसपर विचार नही किया जायेगा।

क्रम सं.1,कार्य विवरण: निविदा सूचना सं.23-एमइसीएच-एबी-एमओडी-24-25, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति द.म. रेलवे पर 12 महिनों की अवधि के लिए, सीएफ शाप के एलएचबी एयर ब्रेक सेक्शन के संशोधित गतिविधियों या माडिफिकेशन एक्टिवीटीज की आउटसोर्सिंग कार्य। अनुमानित मूल्य:रु.14,78,000.00, बोली सुरक्षा राशि:रु.29,600.00, पूरा करने की अवधि:12 महिने, बंद करने की तिथि:14-02-2025 के 11.00 बजे तक.

वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड स्थान, जहां निविदा विवरण को देखा जा सकता है: कार्यालय- दि चीफ वर्कशाप मैनेजर, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

उप मुख्य मेकानिकल अभियंता,सीआरएस, तिरुपति

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in के माध्यम से) PUB/0071
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निर्वहणकर्ता डीवाय.सीइइ/जीएस/एससी, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेंडरिंग में ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम सं.1,एनआयटी नं.-सीइ29 जीएसयु इलेक.052024-25,कार्य विवरण: निविदा सं. सीइ29 जीएसयु इलेक052024-25 दि.23-01-2025
1)जानवळ-एससी डिवीजन के वीकेबी-पीआरएलआई सेक्शन पर दो अतिरिक्त लूप लाइन्स का प्रावधान-टीआरडी व्यवस्थाएं 2)घाटनांदूर-- एससी डिवीजन के विकाराबाद-परली सेक्शन पर दो अतिरिक्त दो लूप लाइन्स का प्रावधान-टीआरडी व्यवस्थाएं 3) जानवळ- विकाराबाद-परली सेक्शन के जानवळ दो अतिरिक्त लूप लाइन्स का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं 4) जानवळ-जेओए पर स्टेशन बिल्डिंग का रेहाबिलिटेशन या पुनर्वसन-बिजली व्यवस्थाएं 5)घाटनान्दूर-विकाराबाद-परली सेक्शन के घाटनांदूर पर दो अतिरिक्त दो लूप लाइन्स का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं। निविदा मूल्य: रु.3,95,69,752.58, पूरा करने की अवधि: 9 महिने, बंद करने की तिथि: 14-02-2025 के 15.00 बजे

1)बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट: http://ireps.gov.in पर लागिन करें।
2) निविदाकर्ता, केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही तत्संबंधित में भाग ले सकते हैं तथा इस मामले में किसी भी मैन्युएल आफर्स पर विचार नहीं किया जायेगा।
3) सभी भावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि, पूधरा का भुगतान केवल आनलाइन पेमेंट्स द्वारा ही करें।
4) सभी भावी निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें।
5) निविदाकर्ताओं को, किसी भी शुध्दिपत्र(केवल आनलाइन द्वारा जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभ तिथि तक ही अवलोकन करना चाहिए।

उप मुख्य बिजली अभियंता/गति शक्ति/सिकंदराबाद
A0084
निविदा शर्तों/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग के लिए कृपया हमारे वेबसाइट:https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 26 जनवरी, 2025 5

सु वि चा र
जिंदगी की किताब में सबसे अच्छा पेज़ बचपन होता है।

## राज्यपाल ने लोकतंत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया

### तेलंगाना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भर में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की और नागरिकों से लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने के लिए चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनावों के तेलंगाना के रिकॉर्ड की सराहना की और सभी हितधारकों से इस मानक को बनाए रखने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा, मैं तेलंगाना के सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होकर हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करें। सरकार के निर्णय लेने को प्रभावित करने के सबसे महत्वपूर्ण तरीकों में से एक है मतदान। मैं सभी मतदाताओं को मतदाता के रूप में नामांकन और मतदान में आसानी के लिए आयोग द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न तकनीकी उपकरणों का लाभ उठाने और चुनावी प्रक्रिया में पूरे दिल से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि मतदान नागरिकों के लिए शासन को प्रभावित करने का एक बुनियादी तंत्र है। उन्होंने मतदाताओं को निर्बाध नामांकन और मतदान के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा पेश किए गए तकनीकी उपकरणों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। पहली बार मतदान करने वाले 5,45,026 नए ईपीआईसी कार्ड जारी करने की सराहना करते हुए, उन्होंने 6 जनवरी, 2025 को फोटो मतदाता सूची के सारांश संशोधन के सफल प्रकाशन में उनके प्रयासों के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी और उनकी टीम की सराहना की। राज्यपाल ने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, मतदान केंद्रों पर रैंप, ब्रेल-सक्षम ईवीएम और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आउट-ऑफ-टर्न वोटिंग सहित पहुंच बढ़ाने के लिए ईसीआई की पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से पूरे दिल से चुनाव में भाग लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने राज्य के सीईओ की पीठ थपथपाई और कहा, तेलंगाना में, चुनाव मशीनरी ने हाल ही में विधानसभा और संसद के चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं। राजनीतिक दलों के साथ-साथ नागरिक समाज संगठनों की सक्रिय भागीदारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में बहुत योगदान देती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री सी. सुदर्शन रेड्डी ने बताया कि 18-19 वर्ष की आयु के 5,45,026 मतदाताओं को सारांश संशोधन रोल 2025 के मसौदे में नामांकित किया गया था। युवा मतदाताओं को जोड़ने के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने थीम दोहराई, मतदान से बढ़कर कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से मतदान करूंगा। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के 20,034 स्थानों पर 35,907 मतदान केंद्रों पर जश्न मनाया गया। अतिरिक्त सीईओ लोकेश कुमार डी.एस., आई.ए.एस., डिप्टी सीईओ सत्य वाणी और श्रीमती आई. रानी कुमुदिनी, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## अगर राज्य सरकार ने 'इंदिरम्मा' नाम दिया तो पीएमएवाई के तहत एक भी घर नहीं मिलेगा : बंडी

करीमनगर, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने आज तेलंगाना में इंदिराम्मा आवास योजना के क्रियान्वयन पर सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार केंद्र द्वारा स्वीकृत घरों को 'इंदिरम्मा' नाम देती है तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक भी घर स्वीकृत करने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने पूछा, अगर केंद्र सरकार मुफ्त चावल वितरित कर रही है तो राशन के चावल पर प्रधानमंत्री की तस्वीर क्यों नहीं लगाई जा रही है। उन्होंने मांग की कि नए राशन कार्ड पर मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री की तस्वीर भी लगाई जानी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से पूछा कि अगर वितरण में प्रधानमंत्री की तस्वीर का इस्तेमाल नहीं किया गया तो केंद्र द्वारा राज्य सरकार को मुफ्त चावल क्यों दिया जाना चाहिए? उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो केंद्र गरीबों को सीधे मुफ्त चावल वितरित करने के बारे में सोचेगा। उन्होंने इस प्रचार को खारिज कर दिया कि दावोस में तेलंगाना में लाखों करोड़ रुपये के निवेश के लिए राज्य सरकार द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, इसे "झूठ" बताया। पिछले 10 वर्षों में, समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और लगातार सरकारों ने कहा है कि तेलंगाना में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है, लेकिन व्यवहार में वादा किए गए निवेश का दसवां हिस्सा भी राज्य में नहीं आया है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: WAT-TRS-OT-28-2024-25, दिनांक: 20.01.2025

कार्य का नाम: ELS/विशाखापटनम में प्रमुख अनुसूची इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए संशोधित कैसनब बोगी-22WM की डमी बोगी की असेंबलिंग और संशोधन एवं फिटमेंट का निर्माण।

विज्ञापित मूल्य: ₹ 10,41,845.72

ईएमडी: ₹ 20,800/-, पूर्णता अवधि: 6 (छह) माह

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 10.02.2025 को 1500 बजे

निविदा दस्तावेज और पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)
PR-910/P/24-25 विशाखापटनम

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Ajay Kumar S/o. Radheshyam Agarwal R/o. 2-4-66/HE/4F/401. Hargun Elite, Rajendranagar Circle. Upparpally. K.V.Rangareddy, TS-48 Changed My Name As "ajay kumar agarwal S/o. Radheshyam agarwal.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## अपमानजनक टिप्पणी के लिए बंडी संजय की निंदा की

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए केंद्रीय मंत्री बंडी संजय की कड़ी आलोचना की है और मांग की है कि केंद्रीय मंत्री लोगों से बिना शर्त माफी मांगें। शनिवार को यहां गांधी भवन में मीडिया से बात करते हुए टीपीसीसी प्रमुख ने कहा कि केंद्रीय मंत्री होते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी घटिया टिप्पणी करना शर्मनाक है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हाल ही में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में 1,78, 950 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जो तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से रिकॉर्ड है और दावोस निवेश इस बात का सबूत है कि कांग्रेस पार्टी सरकार को कुशलतापूर्वक चला रही है।

## श्रवण ने सीएम रेवंत को अपनी दुर्भावनापूर्ण राजनीति छोड़ने की सलाह दी

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. श्रवण दासोजू ने रेवंत रेड्डी और उनकी टीम द्वारा लगाए गए बिलबोर्ड की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे विकृत राजनीति का एक स्पष्ट प्रतीक और केसीआर और केटीआर पर दुर्भावनापूर्ण मानसिकता का आरोप बताया है। उन्होंने इस कृत्य की आलोचना करते हुए इसे सीएम की हताशा और गरिमा की कमी का दुर्भाग्यपूर्ण प्रदर्शन बताया, जिसका उद्देश्य तेलंगाना के लोगों को गुमराह करना है। एक तीखी आलोचना में डॉ. श्रवण ने प्रतिष्ठित दावोस शिखर सम्मेलन 2025 में तेलंगाना के रेवंत रेड्डी के विनाशकारी प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, उनकी असंगतता, अज्ञानता और तैयारी की कमी ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर तेलंगाना के गौरव को बनाए रखने में उनकी अक्षमता को उजागर किया है। अपने अनुचित और गैर-पेशेवर पोशाक से लेकर अपने खराब संचार और निवेश की मात्रा के बारे में झूठे दावों तक, रेवंत रेड्डी ने हमारे राज्य के लिए शर्मिंदगी के अलावा कुछ नहीं लाया है। डॉ. श्रवण ने रेवंत रेड्डी पर आरोप लगाया कि वे अपनी अक्षमताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए जानबूझकर सस्ते प्रचार और घटिया नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अपनी स्पष्ट विफलताओं को संबोधित करने और परिणाम देने के बजाय, रेवंत रेड्डी राजनीति के सबसे निचले स्तर पर गिर गए हैं।

## सीडीपीओ और आंगनवाड़ी शिक्षिका निलंबित

### छत गिरने का मामला


संगारेड्डी, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। छत गिरने की घटना में छह बच्चों के घायल होने के कुछ घंटों बाद संगारेड्डी कलेक्टर वल्लूरू क्रांति ने वेंकटपुर की आंगनवाड़ी शिक्षिका आर अंबिका और सीडीपीओ एन सुजाता को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए निलंबित कर दिया। कलेक्टर ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग की अधिकारी वसंतकुमारी को निर्देश दिए कि वे सभी आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की गहनता से जांच करें ताकि भविष्य में ऐसी किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। क्रांति ने कहा कि अगर आस-पास कोई और इमारत है तो बच्चों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाए।



# राष्ट्र ध्वज के रचयिता : पिंगली वेंकैया



अतुल कुमार




हमारा राष्ट्र ध्वज देशवासियों के गर्व ,आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है .इससे हमारी भावनाएं श्रद्धा और आदर जुडे हैं . विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में एक भारत को माना गया जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है . राष्ट्र ध्वज की महिमा और शान को इसी से समझा जा सकता है कि इसके मान संरक्षण के लिये कई लोगों ने अपने प्राणों कि आहुतियां दीं और इसके गौरव को सुरक्षित रखा . इस पर प्रसिद्ध साहित्यकार डा हरिवंश राय बच्चन ने खूब लिखा " चलो उसे सलाम आज सब करें / चलो उसे प्रणाम आज सब करें / अजर सदा इसे लिये हुए जियें / अमर सदा इसे लिये हुए मरें / अजय ध्वज हरा सफेद केसरी / नागाधिराज श्रृंग पर खडी हुई / समुद्र की तरंग पर अडी हुई /स्वदेश की जगह जगह गडी हुई / अटल ध्वजा हरि सफेद केसरी // तिरंगा अर्थात देश की शान बान और आन .बहुत कम लोग जानते हैं कि इसे स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने डिज़ाइन किया .

उनके अनुसार केसरिया रंग शक्ति साहस और बलिदान का प्रतीक है , सफेद रंग शांति और सत्य का तो हरा रंग विकास उर्वरता , शुभता का द्योतक है . दक्षिण अफ्रीका में ब्रिटिश सेना में सेवा करते समय उन्होंने ध्वज के महत्व और मान को तब समझा जब ब्रिटिश नैशनल फ्लैग यूनियन जैक को क्रूज़ को ले जाने और उसे सलाम करने के लिये कहा

गया. उस समय उन्होंने उसे गिरा दिया तब उनकी देश भक्ति की भावनाएं जागृत हुई और उन्होंने संकल्प लिया कि देश को ब्रिटिश शासन से आज़ाद करवाना होगा. इसके लिये सोचा कुछ करना होगा . इस घटना से उनका ह्रदय परिवर्तन हुआ . महात्मा गांधी की लडाई ने पिंगली वेंकैया को स्वतंत्रता सेनानी बनाया . स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई स्वतंत्रता सेनानियों ने आज़ादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर किये तो कई ने अपने को झोंक कर इस संग्राम में काम किया लेकिन उनके बारे में लोगों को कोई खास जानकारी नहीं है . वेंकैया उन्हीं में एक थे जिन्होंने देश की आज़ादी के लिये लडाई लडी .

वह झंडों को ले बहुत उत्साहित थे .भारत की आज़ादी की लडाई के लिये अपना समय झंडों को डिज़ाइन करने में लगाया जो पूरे देश को एक सूत्र में बांध सकें और स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में माना जा सके इसके लिये राष्ट्रीय ध्वज का सपना देखने लगे . सन 1916 में झंडों पर एक पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक था " भारत एक राष्ट्रीय ध्वज के लिये " जिसमें 24 झंडों के डिज़ाइन शामिल किये . इनमें हर डिज़ाइन पर कडी मेहनत की और इसके लिये उस समय के तीस से अधिक देशों के झंडों का गहराई से अध्ययन किया शुरुआत में डिज़ाइन किये गये ध्वज में केवल केसरिया और हरा रंग़ था और बीच में एक चरखा ( परिश्रम का प्रतीक ) रखा गया बाद में तीसरे सफेद रंग़ को रखा . उस समय के स्वतंत्रता आंदोलन के लिये वह चाहते कि इसके लिये अन्य झंडों के बजाए अपने देश के बने झंडे का उपयोग हो ,जिससे जन मानस में राष्ट्रीय भावना जागृत हो .मूल रूप से किसान थे . सोचिये ! कितनी बडी और दूर दृष्टि के ज्ञाता थे .

उनके लिये ध्वज सिर्फ झंडा नहीं बल्कि स्वतंत्रता प्राप्ति , देश के विकास और देश का परिचय उसमें शामिल थे .अतः सभी देशों के झंडों पर रिसर्च कर उसके महत्व ,महिमा और मतलब को जाना और समझा .इसके लिये कई रंगों व वस्त्रों का अध्ययन किया इनमें सबसे उपयुक्त खादी को पाया जिसमें स्वराज , स्वतंत्रता , और समृद्धी के सूत्र को वरीयता दी समर्पित गांधीवादी विचारक होने के साथ एजुकेशनिस्ट भी थे शिक्षा के महत्व को जान अपनी खेती की आय से मछलीपट्टणम में स्कूल खोला . भाषा शास्त्री थे . जापानी भाषा में इतने माहिर कि जापान गये तब उनके एक सम्मेलन में जापानी भाषा में इतना सुलझा हुआ भाषण दिया कि उसे सुन जापानी भाषी भी हैरत करने लगे और उनको अपना मानने लगे . इस योग्यता के कारण वह जापान वेंकैया के नाम से जाने गये . भाषा की ताकत को अच्छी तरह से जान कई भाषाएं सीखीं ताकि देश के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति लोगों में जागरूकता को बढावा दिया जा सके . ब्रिटिश सेवा के दौरान उनका परिचय महात्मा गांधी से हुआ .प्रसिद्ध भू वैज्ञानिक ( जियोलाजी साइंटिस्ट ) थे .कंबोडिया काटन पर उनके रिसर्च के कारण लोग उनको पट्टी वेंकैया के रूप में भी जानने लगे .तेलुगु में पट्टी का अर्थ कपास ( काटन ) होता है जो मछलीपट्टणम के लिये बहुत महत्वपूर्ण था . जो पूर्व में एक बंदरगाह शहर था जो अपनी कलम कारी और हथकरघा बुनाई के लिये मशहूर हुआ .मद्रास में स्कूली पढाई पूरी करने के बाद आगे की पढाई के लिये कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में गये . केवल 19 वर्ष की उम्र में ब्रिटिश इंडियन आर्मी में सेना नायक बने .सेना में रहते हुए दक्षिण अफ्रीका में ऐंग्लो बोअर युद्ध के बीच महात्मा गांधी से उनकी मुलाकात हुई जानकारों के अनुसार गांधी से मिल इतने प्रभावित हुए कि हमेशा के लिये भारत लौट आये और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गये .

आंदोलन के दौरान पिंगली ने गांधी जी को बताया कि अपना राष्ट्रीय ध्वज होना चाहिये इस पर गांधी जी कि अनुमति से सन 1916 से 1921 तक दुनिया भर के देशों के झंडों के इतिहास और ,महत्व पर शोध किया और ऐसे ध्वज को डिज़ाइन किया जो अपने आप में आज़ादी की लडाई का इतिहास समेटे हुए है .तिरंगा भी स्वतंत्रता सेनानियों के आत्म सम्मान का प्रतीक रहा . बलिदान समृद्धि और शांति के प्रतीक इस तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज का दर्जा दिलाने के लिये लंबी लडाई लडी .जियोलाजिस्ट होने के कारण आंध्र प्रदेश नैशनल कालेज में लेक्चरर के तौर पर भी काम किया. भारत लौटने के बाद एक रेल्वे गार्ड के रूप में भी बेल्लारी में काम किया .

पहले हरे और लाल रंग का इस्तेमाल करते हुए ध्वज बनाया जिसे सबकी सहमति नहीं मिली .इसके बाद एक ऐसा ध्वज तैयार किया कि जिसमें केसरिया ,सफेद और हरे रंग की पट्टियां थीं .जिस पर सभी सहमत हुए ध्वज के बीच में चक्र को रखा जो गतिशीलता का प्रतीक है आज़ादी की लडाई में अहम भूमिका निभाने वाले इस ध्वज को भारत की संविधान सभा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के कुछ दिन पूर्व 22 जुलाई 1947 को लागू किया गया .पिंगली वेंकैया का जन्म 2 अगस्त 1876 को आंध्र प्रदेश के कृष्णा ज़िले के भटला पेनमरु गांव में हुआ .4 जुलाई 1963 को इस महान स्वतंत्रता सेनानी ने संसार त्यागा .

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान तिरंगा स्वराज ध्वज के तौर पर काफी लोकप्रिय हुआ .15 अगस्त 1947 को तिरंगा देश की पहचान बना . आज बडे गर्व से हर घर तिरंगा को मनाया जाता है जो गौरव का द्योतक है . कहा भी गया " जहां जहां तिरंगा लहराता है वहां वहां देश भक्ति का सूरज चमकता है " पिंगली वेंकैया ने ध्वज को रच जो स्वर्णिम इतिहास लिखा वह अजर ,अमर और अमिट रहेगा .

# काव्य कुंज

## मित्रों



डॉ डी डी देसाई

मित्रोंहम देश का विकास चाहते हैं।
भले ही अँधेरे में जकड़ी हो जिंदगियाँ,
गली मोहल्ले में हम रोशनदान चाहते हैं।
मित्रों.. हम देशभर में चिकनी सड़कें चाहते हैं
चाहे घीस घीस के एडियाँ लहूलुहान क्यों न हो,
पर महिलाओं को हम मुफ्त में सफर देते हैं।
मित्रों. हम देश से गरीबी हटाना चाहते हैं।
चाहे असमर्थो से घुस लेता हो सरकारी दफ़्तर,
पर समर्थो को हम मुफ्त का चावल देते हैं।
मित्रों. हम भारत देश साक्षर चाहते हैं।
मेडिकल इंजिनियरिंग कॉलेजों में खौलता हैं धन,
पर बुनियादी शिक्षा हम मुफ्त में परोसते हैं।
मित्रोंहम लोकतान्त्रिक भारत चाहते हैं।
भले ही ख़रीदा-बेचा जाता हो जमीर मतदाता का,
पर हम जानता का मत – दान ही लेते हैं।।

## मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए



संजीव ठाकुर,
रायपुर

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक मां को देखा
मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए।
मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे में ईश्वर देखा।
फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा मां से मिलता जुलता।
फिर बिटिया हुई बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है,
बिटिया में मां पत्नी
दोनों दिखाई दी
दोनों ईश्वर की प्रतिमान।
मां के चले जाने के बाद
बिटिया और पत्नी में
पूरी पूरी मां दिखाई देती है
उस मां के चेहरे में
ईश्वर के दर्शन हो जाते हैं।
पर मैंने ईश्वर को नहीं देखा
बेटी पत्नी और मां को देखा
सचमुच सीधे और सपाट
भाव में ईश्वर को देख लिया,
मां अब हर स्त्री के चेहरे
में स्पष्ट दिखाई देती है
और हर स्त्री के चेहरे में अब
निश्चल भाव से ईश्वर दिखाई देते हैं।
मैंने ईश्वर को नहीं देखा पर मां को देखा था
अब ईश्वर को देख लिया
क्योंकि मां होती है ईश्वर भी होते हैं।

## भारत देश महान



दर्शन सिंह
हैदराबाद

इसी धरणी ने पाया भगत,
राजगुरु,सुखदेव का सम्मान
रहते जुबां पर सुभाष, झांसी,
प्रताप, बिस्मिल के गौरवगान
हैं जहां सम्मानित विवेकानंद, ।
टैगोर, गांधी,अटल, कलाम
ऐसी मातृभूमि की माटी को कोटि कोटि सलाम
इसी माटी से आलोकित हैं नीरज, मनुभाकर,नेहवाल
किया विश्व में एवरेस्ट से ऊंचा देश का भाल
इसी तिरंगे का है चंद्रयान व मंगलयान
प्रथम प्रयास में चूमा आसमान
रहेगी जबतक माते गंगा, पिता हिमालय दीप्तिमान
खिली रहेगी सवा सौ करोड भारतीयों की मुस्कान
निश्चित कह सकते हैं भारत देश महान ।।

## गुनाह



हेमंत सुराना,
उदयपुर

चुप रहना अगर गुनाह है,
तो गुनाह हमसे हो गया
सहारा देना अगर गुनाह है,
तो गुनाह हमसे हो गया
सहना अगर गुनाह है,
तो गुनाह हमसे हो गया
किसी को दिल से चाहना गुनाह है,
तो गुनाह हमसे हो गया
भरोसा करना गुनाह है,
तो गुनाह हमसे हो गया
गुनाह मर्जी से करता हूँ ,
रोज गुनाह दोहराता हूँ
आदत से मजबूर हूँ,
कई बार हारा भी हूँ
मेरे गुनाहों की सजा तू दे दे,
गुनहगार को सजा तू दे दे
फैसला अब तुझे करना होगा,
जन्नत या ज़हन्नुम बताना होगा
दुनिया को बताना होगा,
दुनिया को बताना होगा ।

## गणतंत्र दिवस पर



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

देश हित के पथ पर
मन में ऊँचे भाव रख कर
चलो चलें मनायें सब मिलकर
गणतंत्र दिवस पर झण्डा फहरायें।
संविधान की राह पर चलकर,
अपने अधिकार कर्तव्य जानकर,
नीति नियमों को सहर्ष अपनाकर,
शासन-प्रशासन के मूल्य मानकर,
गणतंत्र दिवस पर
चलो चलें झण्डा फहरायें।

## गणतंत्र दिवस



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

गणतंत्र दिवस गणतंत्र दिवस डॉक्टर
अतिशय आक्रांताओं से लड़कर,
ज्वालामयी अग्नि शिखा पर चलकर
अनगिनत शहीदों की बलि चढ़ा कर
अंततः इस धवल धरती पर
शुभ्र नील नभ पर उदित हुए मुदित दिवाकर
गणतंत्र दिवस गणतंत्र दिवस ।।
ग्राम नगर या कुछ लोगों का नाम नहीं होता है देश
देश तो उन वीर बाँकुरों से होता है
जो सत्य निष्ठा और प्रेम के,
पुष्प चढ़ाते भारत माँ की पुण्य वेदी पर ।
देश नहीं होता है केवल सीमाओं से घिरा घर - बार
जहाँ हर बच्चा युवा उत्साहित हो,
बढ़ चढ़ कर ले देश के विकास में भाग ।
जहाँ जात-पाँत भाषा भाषी पर होता नहीं विवाद
वही देश कहलाता महान ।
जहाँ प्रेम के दीपक जलते जहां इरादे नहीं बदलते
वही हुआ करता है देश ।
जहाँ एकता और अखंडता के गीत सभी मिलकर गुनगुनाएँ
वही हुआ करता है देश ।।
जहाँ के वीर वीरागंनाएँ तट रक्षक बन खडे रहते अटल
वही हुआ करता है देश ।।
उन वीरों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिवस है
इतिहास के पन्नों पर नया इतिहास रचने का दिन है ।
यह गणतंत्र दिवस है यह गणतंत्र दिवस है।
सम्पूर्ण दासता से मुक्त दिवस है ।


## ह्रदय



देबस्मिता बोई,
ओडीशा

कभी देखे हो ह्रदय को ?
अपनी आखों से...
कभी छुए हो ह्रदय को ?
अपने हाथों से...
कैसा दिखता है??
क्या वह लाल रंग का,
मांस का एक टुकड़ा मात्र है?
क्या वह जीवित है, या निर्जीव है?
क्या वह बोल सकता है?
कहो ना!! कैसा दिखता है तुम्हे?
मैं बताऊं तुम्हें...?
गुलाब की पंखुड़ियों सा है ह्रदय।
कोमल और सतेज है...
मोर की पंखों सा है,
सभी रंगों को समेट कर बना है,
शरीर की ऊष्म से बना है,
कभी कभी वो हम से बात करता है
हमारी यादों को याद दिलाता है ।
बताता है कि हूँ में तुम्हारे साथ ।
टूटना मत कभी,मैं हूँ... हर पल... हर घड़ी।
अटूट हूँ... तुझ संग।
हर दिन बात करता है, अपनी धड़कन सुनाता है।
मेरी रूह को स्पर्श करता है
धमनियों में रक्त बन बहता है
मुझे जीवित रखने का भरसक प्रयास
करता है... पल पल...,दिन-रात...सुबह-शाम....
मेरा ह्रदय।
लेकिन माँगता नहीं है कुछ मुझसे
पुछु तो कहता है, तुम ही तो हो सबकुछ
तुम बिन तो में भी नहीं।
न कसमें... न वादे।
न आशा... न ईरादे।
तुमसे अलग भला और क्या चाहूँ?
कहता है... मेरा ह्रदय...।

## क्या खोया है



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

पूछो न क्या क्या यार खोया है।
हमने अपना ही प्यार खोया है।
मोहब्बत जन्नत कब होती है।
जिसने भी ऐतबार खोया है।
वजूद जिंदा तभी तक रहता
जिसने सुकून ओ करार खोया है।
रास्ते बहुत है जहन्नुम के वास्ते
जिसने ख़ुद का संसार खोया है।
दौलत खातिर मां बाप को छोड़ा
सोचें जन्नत सा परिवार खोया है।
कैसे कह देते उल्फत की बातें
कसमें वादे त्यौहार खोया है।
मयकशी में मुब्तिला जो हो चुके
उसने अपना ही मयार खोया है।
जो सह गए अपने ग़मों को
कहें सुखों का दीदार खोया है।
हंस हंस के गमों को भूलने वाले
उसीने खुशी का अंबार खोया है।
जिसने भी छोड़ा अपनों का साथ
अपनेपन का इख्तियार खोया है।
कुटुंब के साथ है तो पहचान है
वरना खुदका आधार खोया है।
गरज के वास्ते जो रिश्ता निभाये
उसने इंसान का आकार खोया है।
सूरज को दिया क्या दिखाता है
रे बंदे क्यों खुद आबशार खोया है।
मर्जी तेरी नहीं ख़ुदा की चलेगी
जानबूझकर किरदार खोया है।
रेणु बख़ूबी जानती बंदगी उसकी
जिसने अपना ग़मख्वार खोया है।

## बचा लो गुलिस्ताँ



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

अशफाक न छीनो किसी से,
शजर को फूलने फलने दो ।
आज़र्दाह में न डुबाओ देश को,
मरजाद कायम रहने दो ।।
संत कबीर के देश में लिया है जन्म,
देश का मान धरो,
दुश्मन की क्रूर तिरछी नजर को,
देश पर न पड़ने दो
चंद स्वार्थों का न दो वास्ता ,सोच समझ के काम लो।
अस्ल बर्बाद हो अपनी ही ऐसे इंतजामात न करने दो।।
आएगा कुछ हाथ नहीं , गुलिस्ताँ को बिखेर के ।
बनाने वाले का साथ दो,प्रेम की सरिता बहने दो।।
संविधान हमारा है सर्वोपरि, कुछ गलत न हो पायेगा।
गणतंत्र विश्वास जंजीरों को, मजबूत बनी रहने दो।।
धर्म की आड़ लेकर जो जीतता जंग कुर्सी की।
ऐसे लुढ़कने लोटे नेताओं के हौसले न बढ़ने दो।।
सही इंसान की परख ,आने वाला समय बताएगा ,
'गीता' जो करेगा गद्दारी देश से उसे तो मरने दो।
***

## संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

अतुलनीय भारत का अनमोल उपहार,
है अतुलनीय भारतीय संविधान,
है ये भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च कानून,
26 जनवरी 1950 से लागू हुआ ये विधान।
है ये दुनिया का सबसे विस्तृत गौरव,
है ये कठोरता और लचीलेपन का मिश्रण,
एकात्मकता और संघीय प्रणाली का संगम,
अधिकारों और कर्तव्यों का है मार्गदर्शन।।
है वैचारिक- धार्मिक स्वतंत्रता,
है, जन- जन में व्याप्त समानता,
शोषण के विरूद्ध है जागरूकता,
है गौरवशाली संस्कृति और शिक्षा का प्रचार,
वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होता प्रसार,
हर वयस्क को है मत का अधिकार,
ये सब हैं हमारे मौलिक अधिकार।।
जैसे अधिकार हैं परमप्रिय,
वैसे ही कर्तव्यों का पालन हो प्रतिदिन।
हो परम सम्माननीय संवैधानिकता,
हो राष्ट्र ध्वज- राष्ट्र गान सम्मानित,
है एकता- अखंडता की रक्षा भी अपेक्षित,
हो नागरिकों में भाईचारा व समरसता संप्रेषित।
करें प्रकृति रक्षा और पर्यावरण संरक्षण,
रहे सांस्कृतिक गौरव सदा अक्षुण्ण।
हो हिंसा- शोषण का तिरस्कार ,
यही है भारत की संप्रभुता का आधार,
है भारतीय संविधान का शत शत आभार।।।

## मधुमय देश हमारा है



कुमुद बाला,
हैदराबाद

सहर्षोल्लास की किरणों ने गाया -
मधुमय देश हमारा है ,
पंछियों के हर्षित कलरव ने गाया -
मधुमय देश हमारा है ,
अनुरागाच्छादित सुमनो ने गाया -
मधुमय देश हमारा है ,
झरने की कलकल ध्वनियों ने गाया -
मधुमय देश हमारा है।।
सच है - मधुमय देश हमारा है।।
इस क्षिति की मिट्टी में रिश्तों की , गर्माहट है बड़ी पुरानी
अंकुरित बीजों की धड़कन ने लिखी,प्यार की नयी कहानी
फूलों की गलियों में विभिन्न , खुशबुओं ने है भरी निशानी
और यहाँ की नदियों में है , लहरों की मचलती रवानी
विपिन के नीरव सन्नाटे ने गाया - मधुमय देश हमारा है,
सहर्षोल्लास की किरणों ने गाया - मधुमय देश हमारा है ।।
सच है - मधुमय देश हमारा है।।
कण-कण यहाँ का शंकर और हर नदियों के जल में गंगा है
मूरख ! तू काहे घूमे तीरथ , माँ की कठौती में गंगा है
हर ऋतुओं की अपनी रंगत , घर - घर में फहरता तिरंगा है
मरुभूमि में बसती सरस्वती , यह भारत वर्ष बहुरंगा है
दिव्योदधि की मेखलाओं ने गाया - मधुमय देश हमारा है,
सहर्षोल्लास की किरणों ने गाया - मधुमय देश हमारा है ।।
सच है - मधुमय देश हमारा है।।
कहती , सिंधुघाटी की उन्नत सभ्यता , देश हमारा पावन है
राखीगढ़ी -हड़प्पा की ईंटों में , हँसता - मुस्काता आँगन है
समुद्र में डूबी कहती द्वारिका, संस्कृति भारत की सलोनी है
अयोध्या-मथुरा-वृंदावन की रज में,राम-कृष्ण का कानन है
मनभक्तिसागर की लहरों ने गाया - मधुमय देश हमारा है
सहर्षोल्लास की किरणों ने गाया - मधुमय देश हमारा है
सच है - मधुमय देश हमारा है।।
क्या खोया क्या पाया हुआ,पचहत्तर का देश का संविधान
सारी दुनिया देख रही , हमारे अपने इसरो का अनुसंधान
चंदा मामा को बाँधी राखी औ मंगल पे किये नये प्रयोग
महाकुंभ की धरती अपनी , अनोखे पहने इसने परिधान
साधु - संतों की त्रिजटाओं ने गाया - मधुमय देश हमारा है,
सहर्षोल्लास की किरणों ने गाया - मधुमय देश हमारा है।।
सच है - मधुमय देश हमारा है।।
बसंती चोला पहन के माता,कहती उज्ज्वल भविष्य हमारा
सजी वीरों से रणभूमि , बच्चे - बच्चे के हाथ तिरंगा प्यारा
प्रहरी जब अडिग हिमालय,देशको फिर किस बात की चिंता
त्योहारों के फूल खिलाता , विभिन्न बोलियों का देश हमारा
दुलार -प्यार की लोरियों ने गाया - मधुमय देश हमारा है,
सहर्षोल्लास की किरणों ने गाया - मधुमय देश हमारा है ।।
सच है - मधुमय देश हमारा है।।
***

## युद्ध नहीं होने देंगे

मानवता की बलिवेदी पर संत्रास नहीं पलने देंगे
अब युद्ध नहीं होने देंगे हम युद्ध नहीं होने देंगे
विश्वासों की छांव तले अनजाने विषधर पलते हैं
ममता की शीतल छाया में आतंकी पथ परचलते हैं
हम देशभक्ति के दीवाने ममता को न लुटने देंगे
अब युद्ध नहीं होने देंगे हम युद्ध नहीं होने देंगे
हर मन जिसका अनुगामी है वह सत्य अहिंसा लाने दो
जन गण मन का आशीष मिले वह गीत सृजन को गाने दो
बलिदानों की परिपाटी को हर युव-मन में जगने देंगे
अब युद्ध नहीं होने देंगे हम युद्ध नहीं होने देंगे
प्रज्वलित स्वस्ति के दीप मगर हर राह यहाँ भटकाती है
हमने जिनको अपना माना उनका मकसद बरबादी है
हम क्रांति ध्वजा लेकर कर में अन्याय नहीं होने देंगे
अब युद्ध नहीं होने देंगे हम युद्ध नहीं होने देंगे।।

पद्मा मिश्रा

## हम भारतीय है



टी तारासिंह
हैदराबाद

ये हमारी धरती है ये हमारा देश है
थोडी सी भी जमी किसी को ना देगे
इसके लिए खून बहायेगे बलिदान देगे
कुछ पाने के लिए कुछ खोना पडता
ये देश हमारा है ये भारत हमारा है
यहाँ की जातियाँ अनेक भाषाये अनेक
अनेकता मे एकता सिर्फ भारत मे मिलेगी
लाजवाब है यहाँ के भारतीय पहनावे
यहाँ के व्यंजन हर राष्ट्र के अलग-थलग है
जो हर किसी को मन्त्रमुग्ध करते
यहाँ की संस्कृति हजारो साल पुरानी है
हम सब को गर्व है भारतीय होने का
यहाँ की माठी यहाँ का पानी अमृत है
यहाँ सूर्योदय से पूजा पाठ करते
गंगाजल को भारतीय अमृत समान पीते ।।

## कुछ मुक्तक



डॉ टी महादेव राव

बम नहीं सुमन चाहिए
युद्ध नहीं अमन चाहिए
हर इंसान के चेहरे पर
मुस्कानों का चमन चाहिए
**
धर्म का बारूद नहीं चाहिए
मजहब का वजूद नहीं चाहिए
सुकून से न रहे इंसान जिसमें
ऐसा वतन खूनालूद नहीं चाहिए
**

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# क्या 29000 मंदिरों से निकलेगा बीजेपी की जीत का रास्ता

'कौए को कितना भी रंग दो, वो हंस नहीं बन सकता है। जैसे चोर अपनी प्रवृत्ति नहीं छोड़ता, वैसे ही केजरीवाल जी की झूठ बोलने की आदत है। हमें बीजेपी ने मंदिर प्रकोष्ठ के नाम पर जोड़ा। पहले किसी के भी साथ रहे हों, लेकिन अब हम बीजेपी के साथ हैं। चुनाव का जिक्र आते ही दिल्ली के केशवपुरम में सनातन धर्म मंदिर के पुजारी आचार्य शिव तिवारी अपनी नाराजगी रोक नहीं पाते। वे इस बात पर गुस्सा हैं कि दिल्ली सरकार मौलवियों को कई साल से सैलरी दे रही है, तब पुजारियों की याद नहीं आई। अब चुनाव से पहले पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना का ऐलान कर रहे हैं। वो भरोसा दिलाते हुए कहते हैं, 'इस बार बीजेपी ही आएगी।'

दिल्ली में करीब 29 हजार मंदिर और उनके पुजारी चर्चा में हैं। बीजेपी और आप इन्हें साधने का मौका नहीं छोड़ रहीं। बीजेपी ने 2022 की शुरुआत में मंदिर प्रकोष्ठ बनाया था। ये प्रकोष्ठ अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद लोगों को दर्शन के लिए ले जाने का इंतजाम कर रहा था। अब यही संगठन दिल्ली चुनाव में पुजारियों को एकजुट कर रहा है। आप भी ये वोट बैंक हाथ से नहीं निकलने देना चाहती है। लिहाजा चुनाव से ऐन पहले पार्टी ने पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का ऐलान किया है।

दिल्ली में 6 जनवरी को प्रदेश बीजेपी दफ्तर में पुजारियों की भीड़ जुटी। पार्टी के मंदिर प्रकोष्ठ की बैठक हुई, जिसमें 250 से ज्यादा पुजारी शामिल हुए। मकसद था- दिल्ली चुनाव में पंडित पुजारियों को एकजुट करना। प्रकोष्ठ के सहसंयोजक आचार्य राकेश शुक्ला कहते हैं, 'मंदिर में भगवान को प्रणाम करने हर कोई जाता है। बड़ी संख्या में लोग पंडित-पुजारियों से जुड़े होते हैं। इनकी बातों का बहुत असर होता है।' यानी इस बार चुनाव में बीजेपी पंडित-पुजारियों के जरिए वोटरों तक पहुंचने के प्लान पर काम कर रही है। बीजेपी में हमारे सोर्स ने बताया, 'दिल्ली चुनाव को ध्यान में रखकर 2022 में पीएम मोदी के निर्देश पर ये प्रकोष्ठ बनाया गया। देश में अभी सिर्फ दिल्ली में ही इसकी नींव रखी गई है। यानी पुजारी पॉलिटिक्स के लिए ये बीजेपी का पायलट प्रोजेक्ट है। चुनाव में असर दिखा तो देश के बाकी हिस्सों में भी ऐसे प्रकोष्ठ बनेंगे। ये प्रकोष्ठ कितना अहम है, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह शकूर बस्ती से पार्टी के उम्मीदवार भी हैं। उनके सामने आप के सीनियर लीडर सत्येंद्र जैन हैं।

## पुजारी बोले- केजरीवाल को मौलवी प्यारे, राम वालों को जिताएंगे



बीजेपी के मंदिर प्रकोष्ठ का जमीन पर कितना असर है, ये समझने के लिए मयूर विहार फेज-2 के नीलम माता वैष्णो मंदिर में पुजारी राहुल तिवारी से मिले। चुनावी घोषणा का जिक्र करते हुए पुजारी नाराजगी रोक नहीं पाए। वे कहते हैं, 'चुनाव के वक्त ही हमारी याद क्यों आई। क्या इससे पहले मंदिर में पुजारी नहीं थे। मौलवियों को सैलरी दी जा रही थी, तब इन्हें हमारे सम्मान की याद क्यों नहीं आई। जब चुनाव आता है, तब इन्हें सबके सम्मान की याद आ जाती है। वोट बैंक बनाने के लिए ये कुछ भी वादे कर सकते हैं।' हालांकि, बीजेपी के मंदिर प्रकोष्ठ की चर्चा पर वे साफ कहते हैं, 'मैं किसी पार्टी से नहीं जुड़ा हूं।

पार्टी कोई भी हो वो वोट बैंक की राजनीति करती है।' आगे ये भी कहते हैं, 'जहां-जहां मंदिर बने हैं वहां पुजारी भी रखे गए हैं। अगर वहां पुजारी हैं, तो उनका जीवन यापन भी हो ही रहा है। मतलब साफ है कि जितने मंदिर बनेंगे, उससे फायदा पुजारियों को ही होगा।'

त्रिनगर विधानसभा सीट के राजनगर में श्रीराम मंदिर के पुजारी रामदास शास्त्री आम आदमी पार्टी की पुजारियों को सम्मान देने की योजना की प्लानिंग पर ही सवाल उठा देते हैं। वे कहते हैं, 'एक मंदिर में एक पुजारी नहीं होता। इसी मंदिर में 3 पुजारी और 7 सेवादार हैं। हम कुल मिलाकर 10 लोग हैं। फिर ये कैसे तय करेंगे कि किस पुजारी को वेतन देंगे।'

दिल्ली के नरेला में खेड़ा खुर्द के प्रसिद्ध पंचमुखी मंदिर के पुजारी श्रीभगवान भगत कहते हैं, 'हमने 3 साल पहले केजरीवाल के घर के बाहर धरना दिया था और पुजारियों के लिए सुविधाओं की मांग की थी। तब हमारी एक नहीं सुनी गई। चुनाव आया तो पुजारी याद आ गए।

वो हमारे लिए कुछ नहीं करेंगे। हिंदुओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी और हमारे हनुमान योगी ही सही हैं। केशवपुरम के सनातन धर्म मंदिर के पुजारी आचार्य शिव तिवारी कहते हैं, 'हमें बीजेपी ने मंदिर प्रकोष्ठ के नाम पर जोड़ा। पहले किसी के भी साथ रहे हों, लेकिन अब हम बीजेपी के साथ हैं।'

घोंडा विधानसभा के दुर्गा फकीरी मंदिर के सेवादार विजय कुमार भगत कहते हैं, '2020 के दंगों के दौरान मंदिर लूटा गया था। पुजारी को मार दिया गया था। केजरीवाल तब कहां थे। अब उन्हें पुजारियों के सम्मान की याद आई है।

वो केजरीवाल को चैलेंज देते हुए कहते हैं, 'अगर पुजारी प्रिय हैं तो एक नोटिफिकेशन जारी करें कि 12-13 साल से मौलवियों को जितना वेतन दिया गया है, पुजारियों को पहले वो सारा एरियर देंगे। पुजारियों का बिजली और पानी कनेक्शन फ्री करें। तब हम समझेंगे कि केजरीवाल सनातनी बनने लायक हैं। अब जब मौलवियों का वोट कांग्रेस की ओर खिसकता दिख रहा है, तब उन्हें पुजारियों की याद आ रही है।'वो आगे कहते हैं, 'चाहे वाल्मीकि मंदिर हो, रैदासपंथी हो या फिर कोई और मंदिर, उनके पुजारी बैठक कर रहे हैं। उनकी बीजेपी को लाने की तैयारी है।'

# भोपाल नवाब की दूसरी बेगम सैफ की रिश्तेदार




फिल्म अभिनेता सैफ अली खान की करोड़ों की संपत्ति को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। भोपाल के नवाब हमीदुल्ला खां की दूसरी बेगम, आफताब जहां की संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया गया है। यह संपत्ति भोपाल, सीहोर और रायसेन जिलों में फैली हुई है और इसकी कीमत लगभग 15 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है।

**कौन थीं आफताब जहां?**

आफताब जहां, जिन्हें छोटी बेगम भी कहा जाता था, 1960 में नवाब की मृत्यु के बाद पाकिस्तान चली गई थीं। उन्होंने अपनी संपत्ति का न तो किसी को दान दिया, न ही किसी को पावर ऑफ अटॉर्नी दी। साल 2000 में उनका निधन हो गया। इस मामले में सैफ अली खान और उनके परिवार पर अदालत से जानकारी छुपाने का आरोप भी लगा है।

**इसलिए घोषित हुई शत्रु संपत्ति**

शत्रु संपत्ति कार्यालय ने 2 मई 1977 के एक पत्र का हवाला देते हुए भोपाल कलेक्टर को सूचित किया है कि छोटी बेगम की संपत्ति अब शत्रु संपत्ति है। यह पत्र इस बात की पुष्टि करता है कि आफताब जहां, नवाब हमीदुल्ला खां की दूसरी पत्नी, पाकिस्तान चली गई थीं और अपनी संपत्ति यहीं छोड़ गई थीं। इस संपत्ति में भोपाल के खानूगांव, कोहेफिजा, लाउखेड़ी, बोरवन, बेहटा, हलालपुर और सीहोर व रायसेन जिलों की जमीनें शामिल हैं। चूंकि बेगम ने पाकिस्तान जाने के बाद किसी को भी अपनी संपत्ति का अधिकार नहीं दिया, इसलिए इसे शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है।

**सैफ अली खान ने छुपाई जानकारी!**

इस मामले में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एडवोकेट जगदीश छावानी, घर बचाओ संघर्ष समिति के उपसंयोजक, ने बताया कि शत्रु संपत्ति कार्यालय के तत्कालीन कस्टोडियन उत्पल चक्रवर्ती ने 20 अप्रैल 2015 को ही इस संपत्ति पर एक आदेश जारी कर दिया था। लेकिन सैफ अली खान और उनके परिवार ने इस आदेश की जानकारी हाई कोर्ट से छुपाई। अगर सैफ ने मार्च 2015 में दायर अपनी याचिका में इस आदेश का जिक्र किया होता, तो हाई कोर्ट सीधे मामले का निपटारा कर सकती थी। यह सवाल उठता है कि आखिर सैफ ने इस महत्वपूर्ण जानकारी को अदालत से क्यों छुपाया?

20 अप्रैल 2015 के आदेश के अनुसार, कस्टोडियन अधिकारी ने सैफ अली खान को कई बार नोटिस भेजे, लेकिन उन्होंने न तो कोई जवाब दिया और न ही कोई जानकारी साझा की। उन्होंने नवाब हमीदुल्ला खान की संपत्तियों और उनके उत्तराधिकारियों के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी। इससे कस्टोडियन अधिकारी ने यह निष्कर्ष निकाला कि सैफ जानबूझकर सहयोग नहीं कर रहे हैं और शत्रु संपत्ति अधिनियम की धारा 11 का उल्लंघन कर रहे हैं। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि नवाब हमीदुल्ला खान के कुछ कानूनी उत्तराधिकारी पाकिस्तान चले गए हैं, इसलिए उनकी संपत्ति शत्रु संपत्ति मानी जाएगी।

**सरकार का पक्ष और भी मजबूत**

इस मामले में सरकार का पक्ष भी मजबूत होता दिख रहा है। आदेश में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया गया है, जिनमें कहा गया है कि दुश्मन देश में रहने वाले लोगों की संपत्ति को जब्त करने का अधिकार सरकार के पास है। इसके अलावा, आबिदा सुल्तान को नवाब हमीदुल्ला खान का उत्तराधिकारी मानते हुए जारी किए गए प्रमाण पत्र की भी पुष्टि की गई है।

**पीएम और गृहमंत्री को लिखा पत्र**

इस पूरे मामले को लेकर आम लोगों में भी काफी रोष है। घर बचाओं संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। समिति का कहना है कि सैफ अली खान के रवैये से प्रभावित लोगों के हक के लिए आवाज उठाई जानी चाहिए। इसके लिए एक 'पत्र भेजो' अभियान भी शुरू किया जा रहा है।

# दवा से कम नहीं है हलारी गधी का दूध

## ऐसे ही नहीं बिकता हजारों रुपये लीटर में इसका दूध



गुजरात के हालार क्षेत्र का हलारी नस्ल का गधा अपने खास गुणों के कारण विख्यात है। इसके दूध को 'लिक्विड गोल्ड' कहा जाता है, जिसकी कीमत 5,000 से 7,000 रुपये प्रति लीटर तक है। दुग्ध उत्पादन के साथ इस नस्ल की संख्या कम होने के कारण संरक्षण की प्राथमिकता है। गधों की पहचान भले ही बोझ ढोने वाले जानवर के रूप में हो लेकिन इनकी एक खास नस्ल की चर्चा दुनिया भर में होती है। यही साबित करता है कि सभी गधे एक जैसे नहीं होते। गुजरात के हालार क्षेत्र में पाया जाने वाला हलारी नस्ल का गधा न केवल बेशकीमती है, बल्कि अपने गुणों के कारण इसे वीवीआईपी का रुतबा हासिल है। हलारी नस्ल की गधी के दूध को 'लिक्विड गोल्ड' माना जाता है।

**क्या है दूध की खासियत**

हलाली नस्ल की गधी दूध बहुत महंगा बिकता है। इसके दूध में पोषक तत्वों के साथ ही त्वचा के लिए भी बेहतर माना जाता है। यही वजह है कि कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर इसकी कीमत 5,000 से 7,000 रुपये प्रति लीटर तक है। हालांकि, इस खासियत के साथ हलारी नस्ल के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। यह है इस नस्ल की गधी की संख्या में कमी। देश में 500 से भी कम हलारी गधे बचे होने के कारण, प्राथमिक आवश्यकता निश्चित रूप इनके संरक्षण की है। हालांकि, बड़ा उद्देश्य केवल उनकी संख्या बढ़ाना नहीं है। किसानों को यह भी सिखाना है जिससे कि वे इनसे अधिक कमाई कर सकें।

**सोने की तलाश**

बीकानेर में राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र (NRCE) ने इन पशुओं की सुरक्षा के लिए एक समर्पित कार्यक्रम शुरू किया है। NRCE गधे के दूध का मूल्यांकन भी कर रहा है, ताकि इसके उच्च मूल्य को बनाए रखने के लिए स्किनकेयर प्रोडक्टस में इसके संभावित उपयोग को देखा जा सके। NRCE के प्रमुख एस सी मेहता ने कहा कि गधे के दूध को आसमान छूते दामों पर बेचे जाने के कई उदाहरण हैं, लेकिन उम्मीद से कम।

उन्होंने कहा, 'हालांकि गधे के दूध को लगातार इतनी ऊंची कीमतों पर बेचना संभव नहीं है, लेकिन यह रोजाना 300 से 400 रुपये प्रति लीटर आसानी से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हम स्किनकेयर एप्लिकेशन के लिए दूध का टेस्टिंग कर रहे हैं। यदि रिजल्ट आशाजनक साबित होते हैं, तो इस दूध का हाई वैल्यू प्रजातियों के संरक्षण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दे सकता है।

**क्यों खास है ये नस्ल**

हलारी नस्ल की गधी को न केवल उसके दूध के लिए महत्व दिया जाता है बल्कि इसकी अनूठी विशेषताएं इसे स्थायी डेयरी फार्मिंग के लिए विशेष रूप से मूल्यवान बनाती हैं। उनका विनम्र स्वभाव, विभिन्न जलवायु के अनुकूल होने की उनकी क्षमता, उन्हें छोटे पैमाने के किसानों के लिए आदर्श बनाती है। बड़े पशुओं की तुलना में उनका पर्यावरण पर प्रभाव भी बहुत कम होता है। उन्हें कम चारा और पानी की आवश्यकता होती है। वास्तव में, उनकी चराई की आदतें चरागाह पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में भी मदद करती हैं।

**ब्यूटी विद ब्रेन**

किंवदंती है कि मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा की सुंदरता का रहस्य गधी के दूध से स्नान करने की थी। जूरी इस बात पर विचार कर सकती है कि इससे उनके रूप में कितना इजाफा हुआ, लेकिन इतिहास यह बताता है कि गधे के दूध को उसके पौष्टिक और मेडिकल गुणों के लिए बेशकीमती माना जाता था। वैश्विक स्तर पर, कई कंपनियां गधे के दूध का उपयोग करके विशिष्ट कॉस्मेटिक उत्पाद बनाती हैं। इनमें साबुन, स्किन जैल और फेस वॉश बनाया जाता है। इसमें ऐसे यौगिक पाए गए हैं जो त्वचा को हाइड्रेट करते हैं और झुर्रियों को रोकते हैं।

**दक्षिण के राज्यों में अधिक मांग**

लेकिन यह सिर्फ इतना ही नहीं है। ऐतिहासिक रूप से अपने औषधीय गुणों के लिए पूजनीय, गधे का दूध मानव दूध से काफी मिलता-जुलता है। यह इसे गाय के दूध से एलर्जी वाले शिशुओं के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। स्टडी से यह भी पता चलता है कि आंतों के माइक्रोफ्लोरा को रेगुलेट करने, इम्युनिटी को बढ़ाने और कुछ 'एंटी डायबिटिक' गुणों में इसकी क्षमता है।

एनआरसीई के एक वैज्ञानिक ने कहा कि कर्नाटक और केरल में पहले से ही कॉस्मेटिक कंपनियों सहित दो प्राइवेट कंपनियां हैं, जो अपने प्रोडक्ट्स में गधे के दूध का उपयोग करती हैं। दक्षिणी राज्यों में दूध की मांग अधिक है। एंटी-एजिंग, एंटीऑक्सीडेंट और पुनर्योजी यौगिकों से युक्त गधे का दूध वास्तव में बहुमूल्य है।

**कैसे बचेगी हलारी नस्ल**

दूध को थोक में बेचना योजना का अगला चरण है। सबसे पहले, संरक्षणकर्ता खतरे में पड़े हलारी नस्ल के गधे को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। इनकी संख्या अब केवल 439 रह गई है, जिनमें से लगभग 110 नर हैं। ऐसे में पशुपालकों में जागरूकता पैदा करने के लिए पारंपरिक 'गोद भराई' समारोहों सहित कई संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

हलारी गधे के संरक्षण से जुड़े एनजीओ 'सहजीवन' के लिए काम करने वाले वेटनरी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने कहा कि पहले, वे अपने जानवरों का प्रजनन नहीं करते थे, जिससे आबादी में गिरावट आई। अब, संरक्षण के लिए नेटवर्क परियोजना के तहत, हम उन्हें दूध और उसके प्रोडक्ट को अधिक कीमतों पर बेचने के लाभों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। फार्म में, दूध लगभग 250 रुपये प्रति लीटर बिकता है।

तो 5 साल में हो जाएंगे विलुप्त

2018 में, नई नस्लों को रजिस्टर्ड करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की नोडल एजेंसी, राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (NBAGR) ने हलारी गधे को स्वतंत्र नस्ल का दर्जा दिया। हालांकि, दो साल पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान में आठ वर्षों में उनकी आबादी में 71.3% की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, जबकि गुजरात में 2012 और 2019 के बीच लगभग 71% की गिरावट दर्ज की गई। एक शोधकर्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तत्काल उपाय नहीं किए गए, तो यह नस्ल अगले पांच वर्षों में विलुप्त हो जाएगी।

**कहां से आया हलारी का नाम**

हलारी गधे का नाम जाम श्री हलाजी जडेजा के पूर्वज जाम श्री रावलजी लाखाजी जडेजा के सम्मान में रखा गया है। उन्होंने 1540 में सौराष्ट्र में हलार क्षेत्र की स्थापना की थी। ये विशिष्ट, सफेद बालों वाले जानवर आम गधों से बड़े लेकिन घोड़ों से छोटे होते हैं। वैज्ञानिक और शोधकर्ता दाऊ लाल बोहरा ने कहा कि वे कम रखरखाव वाले जानवर हैं। अपने फार्म में पांच हलारी गधे रखने वाले किसान आसानी से 1,500 रुपये प्रतिदिन कमा सकते हैं। स्थानीय किसानों को बढ़ावा देने के लिए, बीकानेर केंद्र ने किसानों द्वारा इस प्रजाति को खरीदने की अवधारणा को बढ़ावा दिया है। बीकानेर केंद्र में 43 हलारी गधे हैं। यह उनकी कुल आबादी का लगभग 10% है। मेहता ने हमारे सहयोगी अखबार TOI को बताया कि हमने उनके आहार और पीने के पैटर्न की निगरानी के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। हम इन जानवरों को विभिन्न केंद्रों के साथ बदलते हैं, जिसका उद्देश्य जल्द ही आबादी को कम से कम 1,000 जानवरों तक बढ़ाना है।

# दिल्ली चलाने वालों के लिए घर चलाना मुश्किल

पवन कुमार दिल्ली के वजीराबाद में रहते हैं। फैक्ट्री में काम करते थे। पूरे महीने काम नहीं मिलता था, इसलिए फूड डिलीवरी बॉय बन गए। दिनभर मेहनत करके 400 रुपए कमा पाते हैं। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं, इसलिए गुजारा मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में चुनाव है, पार्टियां हर तबके को कुछ न कुछ देने का वादा कर रही हैं, लेकिन पवन को किसी पार्टी से उम्मीद नहीं है। पवन जैसी ही परेशानी ऑटो चलाने वाले प्रेमचंद की है। दिनभर ऑटो चलाकर सिर्फ 500 से 600 रुपए कमा पाते हैं। प्रेमचंद कहते हैं, 'केजरीवाल सरकार ने सड़कें उतनी अच्छी नहीं कीं, जितनी शीला दीक्षित की सरकार में थीं।' पवन और प्रेमचंद भले रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए जूझ रहे हों, लेकिन वे उन लाखों लोगों में से हैं, जो न हों तो दिल्ली थम जाए।

दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग है। दिल्ली चलाते वालों में मजदूर, हाउस हेल्प, ऑटो ड्राइवर, गिग वर्कर और छोटे व्यापारी शामिल हैं। इन्हें मिला दिया जाए, तो दिल्ली के डेढ़ करोड़ वोटर्स में इनकी हिस्सेदारी करीब 40% हैं।

पवन कुमार 22 साल से दिल्ली में हैं। 2002 में उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से आए थे। संगीत का शौक था, लेकिन पिता को ये पसंद नहीं था। वे पवन को लेकर दिल्ली आ गए। पवन अभी वजीराबाद में रहते हैं। ये एरिया मुस्तफाबाद सीट में आता है। आप के हाजी यूनुस यहां से विधायक हैं। पवन किराए के एक कमरे वाले घर में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते हैं। वे कहते हैं, 'इस रूम का किराया 2 हजार रुपए है, बिजली बिल अलग से। 200 यूनिट बिजली फ्री है, इसलिए अभी बिल नहीं देना पड़ता। पानी की सप्लाई का कनेक्शन नहीं है, टैंकर से भरकर लाना पड़ता है। पानी के लिए बहुत मारामारी है।' काम के बारे में पूछने पर पवन बताते हैं, 'पहले फैक्ट्री में काम करता था। वहां रोज काम नहीं मिलता था, इसलिए 2 साल पहले फूड डिलीवरी करने लगा। 12-13 घंटे लगातार काम करने के बाद मुश्किल से 400 रुपए की कमाई होती है।'

घर चलाने में कितनी दिक्कत आती हैं? ये सवाल सुनते ही पवन के चेहरे पर उदासी दिखने लगती है। वे कहते हैं, 'बहुत दिक्कत होती है, लेकिन किससे कहें। आदमी पिसा चला जा रहा है। बच्चे कुछ मांगते हैं, तो उन्हें कैसे बताएं। सेविंग तो है नहीं, उल्टा कर्ज में जा रहे हैं।' चुनाव और आम आदमी पार्टी की योजनाओं के सवाल पर पवन कहते हैं, 'केजरीवाल ओवर कॉन्फिडेंट हो गए हैं। उन्हें लगता है कि बस्ती वाले उन्हें ही वोट देंगे। मुझे तो नहीं लगता कि कुछ बदला है।' 'केजरीवाल सरकार ने पढ़ाई और हेल्थ सिस्टम पर जोर दिया। फिर भी पढ़ाई का लेवल उतना अच्छा नहीं है, जितना वे दावा करते हैं। मोहल्ला क्लिनिक बने हैं, लेकिन झुग्गी-झोपड़ियों की हालत जस की तस है। सरकारी स्कूलों की स्थिति



पहले से बेहतर हुई है।'

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अक्टूबर, 2023 में 'गिग वर्कर्स एसोसिएशन' के मेंबर्स से मुलाकात की थी। उन्होंने डिलीवरी पार्टनर्स की सोशल सिक्योरिटी पर सरकारी योजना की मांग रखी थी। जवाब में अरविंद केजरीवाल ने जल्द योजना बनाने की बात कही थी, लेकिन आम आदमी पार्टी के मेनिफेस्टो में गिग वर्कर्स का जिक्र नहीं है। बीजेपी और कांग्रेस ने भी अपने मेनिफेस्टो में उनके लिए कोई ऐलान नहीं किया है। अभी दिल्ली में कितने गिग वर्कर्स हैं, ये जानकारी नहीं है।

दिल्ली के पंडित पंत मार्ग पर बस स्टैंड के पास प्रेमचंद पालम में रहते हैं। 1994 से कनॉट प्लेस में ऑटो चला रहे हैं। उनका मानना है कि बाइक राइड ऐप आने के बाद से सवारियां कम हो गई हैं। कमाई आधी रह गई है। प्रेमचंद कहते हैं, 'दिन में 500 से 600 रुपए ही कमा पाता हूं। लॉकडाउन से पहले 800 से 1000 रुपए कमा लेता था। कई बार ऐसा होता है कि दिन भर में एक सवारी नहीं मिलती।'

हमने पूछा- आप 30 साल से दिल्ली को देख रहे हैं, यहां क्या बदलाव दिखता है? प्रेमचंद कहते हैं, 'मैं पूरी दिल्ली घूमता हूं। शीला दीक्षित के वक्त बनी सड़कें ही अब तक चल रही हैं। कोई नई सड़क नहीं बनी। आप सरकार के काम पर प्रेमचंद जवाब देते हैं, 'हॉस्पिटल और स्कूल बढ़िया कर दिए हैं। मेरे दो बच्चे हैं। दोनों द्वारका के सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। पहले डेस्क टूटे होते थे। बच्चे जमीन पर बैठते थे। अब स्कूल चमकने लगा है। डेस्क और कुर्सियां ठीक हो गई हैं। बिजली का बिल नहीं आता।'

हालांकि, द्वारका में मिले मनोज कुमार, प्रेमचंद से अलग बात कहते हैं। मनोज कहते हैं, 'अरविंद केजरीवाल सिर्फ वादा करते हैं। हकीकत में उन्होंने कुछ नहीं दिया। ऑटो ड्राइवर के लिए बैज और लाइसेंस बनवाने की प्रोसेस मुश्किल कर दी है। पुलिस हमें पकड़ लेती है। बिना रिश्वत के दिल्ली ट्रांसपोर्ट विभाग में काम नहीं होता।' मनोज आगे कहते हैं, 'हम लोगों को बीजेपी में स्कोप नजर आ रहा है। उसे मौका मिलना चाहिए। यह भी सच है फ्लाईओवर और मेट्रो, सभी शीला दीक्षित की देन है। केजरीवाल ने उन्हीं के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया। अपना कोई नया काम नहीं किया। मनोज आगे कहते हैं, 'केजरीवाल सरकार ने महिलाओं के लिए बसें फ्री कर दी हैं। अब महिलाएं ऑटो में नहीं बैठतीं। इससे हमारा नुकसान हुआ है।

दिल्ली में करीब एक लाख ऑटो ड्राइवर हैं। विधानसभा चुनाव का ऐलान होने से पहले अरविंद केजरीवाल 10 दिसंबर को ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों से मिले थे। इस दौरान उन्होंने पांच गारंटी का ऐलान किया। 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा, 5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा, बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए की मदद, साल में दो बार 2,500 रुपए वर्दी भत्ता। इसके अलावा सरकार 'पूछो' ऐप फिर से लॉन्च करेगी। इस ऐप से ऑटो बुक किए जा सकेंगे। उधर, बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड बनाने की बात कही है। इसके तहत उन्हें 10 लाख रुपए का जीवन बीमा और 5 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।

चिंता देवी 25 साल पहले बिहार के दरभंगा से दिल्ली आई थीं। परिवार में 6 लोग हैं। चिंता देवी रोज सुबह 6 बजे काम पर निकल जाती हैं। पश्चिम विहार के घरों में झाड़ू-पोछा और बर्तन साफ करने जाती हैं। महीने की कमाई 6 हजार रुपए है। बेटा सरकारी हॉस्पिटल में सफाई करता है। चिंता देवी पीरागढ़ी की छोटी सी झुग्गी में रहती हैं। चिंता देवी बताती हैं, 'यहां पानी और टॉयलेट की समस्या है। सड़कें नहीं हैं। झुग्गी तक आने का रास्ता नहीं है। एक मोहल्ला क्लिनिक है। वहां मुफ्त में इलाज हो जाता है, लेकिन क्लिनिक कभी खुलता है, कभी बंद रहता है। इसलिए प्राइवेट डॉक्टर को दिखाना पड़ता है। चिंता देवी आगे कहती हैं, 'केजरीवाल ने अच्छा काम किया है। बसों में फ्री आ-जा सकते हैं। बिजली फ्री है। हम बस चाहते हैं झुग्गी हट जाए। यहां कॉलोनी बनाकर हमें मकान मिल जाए।'

दिल्ली के करीब 15 लाख वोटर झुग्गियों में रहते हैं। ये 20 सीटों पर फैसला करते हैं और आम आदमी पार्टी के कोर वोटर माने जाते हैं। 19 जनवरी को अरविंद केजरीवाल ने सफाई कर्मचारियों को घर देने वाली योजना का ऐलान किया है। उन्होंने कहा, 'दिल्ली के अंदर सरकारी कर्मचारियों के लिए सरकार मकान बनवाएगी। इन्हें आसान किश्तों पर खरीदा जा सकेगा। इस योजना की शुरुआत सफाई कर्मचारियों से होगी।' आप के अलावा बीजेपी ने भी महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए और गरीब महिलाओं को सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी देने का वादा किया है। झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपए में खाना दिया जाएगा। पार्टी ने घरों में काम करने वाले माली और रसोइया जैसे कामगारों के लिए 10 लाख रुपए जीवन बीमा और 5 लाख रुपए दुर्घटना बीमा देने का वादा किया है।

# महाकुंभ की प्राणशक्ति है कल्पवास

## 9 साल की तपस्या के बराबर मिलता है फल, बहुत कठिन हैं नियम



हिन्दुओं के सबसे बड़े आस्था का प्रतीक महाकुंभ इस बार उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज में लगा हुआ है। यहां 13 जनवरी से महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। दुनिया भर से आए साधु-संतों सहित आम जनता का जमावड़ा यहां लगा हुआ है। बता दें कि महाकुंभ के दौरान काफी बड़ी संख्या में साधु-संत सहित कई लोग यहां तपस्या करते हैं और कई लोग कठिन नियमों का पालन कर कल्पवास करते हैं। माना जाता है कि कल्पवास करने से करीब 9 साल की तपस्या के बराबर फल मिलता है।

महाकुंभ कल्पवास में 91 वर्ष के बुजुर्गों से लेकर ड्यूटी पर तैनात अधिकारी भी हैं। जी हां, कई अधिकारी, आईएएस, आईपीएस भी महाकुंभ में ड्यूटी के दौरान भी कल्पवास कर रहे हैं। माना जाता है कि कल्पवास करने से 9 सालों के तप के बराबर फल मिलता है। कल्पवास करने वाले लोगों का सिर्फ एक निश्चय होता है, वो है आत्मा की शुद्धि और परमात्मा के करीब जाना। लेकिन इसके नियम काफी कठिन होते हैं। तो आइए जानते हैं पंडित रमाकांत मिश्रा के अनुसार कल्पवास के दौरान किन नियमों का किया जाता है पालन।

कैसे किया जाता है कल्पवास

बता दें कि कल्पवास एक ऐसा कठोर तप है, जो कि किसी पवित्र नदी के किनारे 3 रात, 3 माह, 6 माह, 12 साल या आजीवन के लिए तंबू बनाकर किया जाता है। कल्पवास करने वाले साधक इस दौरान संयमित जीवन जीते हैं और पापों का नाश करने के लिए आत्मशुद्धि के लिए कठोर तपस्या करते हैं। पवित्र नदी में स्नान करते हैं, ध्यान-धर्म करते हैं और ईश्वर की उपासना करते हैं। कहा जाता है कि अगर एक बार बिन कुछ खाए-पिए कल्पवास किया जाए तो उसे 9 साल तपस्या करने के समान फल मिलता है।

**कल्पवास में इन नियमों का करना पड़ता है पालन**

कल्पवास के दौरान कुछ विशेष नियमों का पालन करना होता है। इन नियमों का पालन करना बेहद जरुरी होता है, क्योंकि माना जाता है कि अगर नियमों का पालन ना किया जाए तो तपस्या भंग मानी जाती है। ये रहे कल्पवासियों के नियम

– कल्पवास करने वाले जातकों को ब्रह्म मुहूर्त में उठना होता है और प्रतिदिन 3 बार नदी में स्नान और जप करना होता है।

– कल्पवास के दौरान व्यक्ति को ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है। साथ ही हर प्रकार के व्यसनों को त्यागकर जीवन जीना पड़ता है।

– कल्पवास के दौरान साधक को झूठ नहीं बोलना होता है।

– कल्सवासियों को खुद पर संयम रखना चाहिए, क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए।

– कल्पवास के दौरान किसी भी प्राणी को नुकसान पहुंचाने से बचें और सभी पर दयाभाव रखनी पड़ती है।

– कल्पवास के दौरान जातक को एक बार ही भोजन करना होता है, इसके साथ ही जमीन पर सोना पड़ता है।

– कल्पवास के दौरान जातक को हर प्रकार की निंदा से दूर रहना चाहिए। व संकल्पित क्षेत्र से बाहर नहीं जाना चाहिए।

# कुंडली में बने इस खास राजयोग से मिलेगी शनिदेव की कृपा



**शश राजयोग का निर्माण और इसका महत्व**

वैदिक ज्योतिष के अनुसार, शश राजयोग तब बनता है जब शनिदेव व्यक्ति की कुंडली में लग्न या चंद्रमा के भाव से केंद्र में स्थित होते हैं। विशेष रूप से, यह योग तब बनता है जब शनि तुला, मकर या कुंभ राशि में किसी भी केंद्र भाव में स्थित होता है, जैसे कि पहला, चौथा, सातवां या दसवां भाव। इस स्थिति में शश राजयोग बनने की संभावना होती है और यह योग व्यक्ति के जीवन में विशेष रूप से धन और सम्मान की प्राप्ति का कारण बनता है।

**शश राजयोग के लाभ**

शश राजयोग व्यक्ति को जीवन में बहुत सारी सुख-सुविधाएं और संपत्ति प्राप्त करने में मदद करता है। इस योग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति को समाज में उच्च पद और प्रतिष्ठा मिलती है। ऐसे लोग समाज में सम्मानित होते हैं और उनका नेतृत्व करने की क्षमता बहुत मजबूत होती है। इस तरह के लोग राजनीति, व्यापार, और अन्य पेशेवर क्षेत्रों में भी सफलता हासिल कर सकते हैं।

अगर शनि उच्च राशि तुला में स्थित होता है, तो यह स्थिति और भी शुभ होती है। तुला राशि में शनि को उच्च का माना जाता है और इस स्थिति में व्यक्ति को अकूत संपत्ति और सफलता प्राप्त होती है। शश राजयोग के प्रभाव से व्यक्ति ईमानदार, मेहनती और न्यायप्रिय होता है। इनके पास हर कार्य को कुशलतापूर्वक करने की क्षमता होती है और ये कभी भी कठिनाइयों से डरते नहीं हैं।

# जब जोर जोर से हंसने लगा सिर

इस बीच सुग्रीव को आशंका हुई कि मेघनाद कि कटी हुई भुजा ने लक्ष्मण का गुणगान कैसे किया। सुलोचना ने कहा कि क्या वह यह बात तब मानेंगे जब ये कटा शीश हंसेगा। सुलोचना ने कटे हुए शीश से कहा कि हे स्वामी, हंस दीजिए। इतना कहते ही मेघनाद का कटा हुआ सिर जोर जोर से हंसने लगा। इसके बाद ही सुलोचना सती हो गईं।

**क्यों राम नहीं मार सकते थे मेघनाद को**

एक बार ऋषि अगस्त्य ने कहा था कि मेघनाद को खुद भगवान श्रीराम भी नहीं मार सकते थे। उन्हें तो केवल लक्ष्मण ही मार सकते थे। कथाओं के अनुसार एक बार ऋषि अगस्त्य अयोध्या आए तो लंका युद्ध पर चर्चा होने लगी। श्रीराम ने उन्हें बताया कि किस तरह से उन्होंने रावण और कुंभकर्ण जैसे महारथियों का वध किया था। अनुज लक्ष्मण ने भी मेघनाद और अतिकाय जैसे शक्तिशाली असुरों का वध किया था। ऋषि अगस्त्य ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि रावण और कुंभकर्ण अति शक्तिशाली थे, लेकिन सबसे बड़ा वीर मेघनाद ही था। लक्ष्मण ने उसका वध किया। केवल वही ऐसे व्यक्ति थे जो उसका संहार कर सकते थे।

**ये दो खास काम भी किए लक्ष्मण ने**

ऋषि अगस्त्य से लक्ष्मण की प्रशंसा सुनकर राम प्रसन्न तो बहुत हुए, लेकिन उन्हें आश्चर्य भी हुआ कि ऐसी क्या बात थी कि मेघनाद को केवल लक्ष्मण ही मार सकते थे। राम ने ऋषि अगस्त्य से अपनी जिज्ञासा प्रकट की। तब ऋषि अगस्त्य ने बताया कि मेघनाद को वरदान मिला था कि उसका वध वही कर सकता है जो 14 वर्षों से सोया ना हो, 14 वर्षों तक किसी स्त्री का मुख न देखा हो और जिसने 14 वर्षों तक भोजन न किया हो। श्रीराम ने कहा, ऐसा कैसे संभव है कि लक्ष्मण ने सीता का मुख न देखा हो, जबकि मैं और सीता बगल की कुटिया में रहते थे। 14 वर्षों तक सोए न हो यह भी कैसे संभव है। फिर 14 वर्षों तक मैं नियमित रूप से लक्ष्मण को भोजन के लिए फल-फूल देता था।

**राम के सवाल पर क्या बोले लक्ष्मण**

ऋषि अगस्त्य ने कहा कि क्यों न लक्ष्मण से ही यह पूछ लिया जाए। लक्ष्मण ने बताया कि मैंने कभी सीता जी के चरणों के ऊपर देखा ही नहीं, इसीलिए मैं उनके आभूषणों को पहचान नहीं सका था। लक्ष्मण ने कहा कि जब आप फल-फूल देते थे तो कहते थे कि लक्ष्मण फल रख लो, आपने कभी खाने को कहा ही नहीं। फिर आपकी आज्ञा के बिना मैं कैसे खाता। 14 वर्षों तक नहीं सोने के बारे में लक्ष्मण ने कहा कि आप और सीता माता एक कुटिया में सोते थे। मैं बाहर धनुष पर बाण चढ़ाए आपकी रक्षा के लिए खड़ा रहता था। **(समाप्त)**

# गंगा नदी में ही क्यों बहाई जाती हैं अस्थियां, एक श्राप से जुड़ी है कहानी



हिंदू धर्म में जब भी किसी शख्स की मृत्यु होती है तो उसके शव को जलाकर पूरे रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया जाता है। इसके बाद अस्थियों को पवित्र गंगा नदी में बहाया जाता है। अधिकतर लोग अस्थि विसर्जन के लिए हर की पौड़ी हरिद्वार ही आते हैं। फिर यहां गंगा नदी में अस्थि विसर्जन करते हैं। प्रयागराज में भी अस्थि विसर्जन किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर गंगा नदी में ही क्यों अस्थियां बहाई जाती हैं।

इसके पीछे कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। मान्यता है कि मां गंगा को श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त है। ऐसे में जब तक मृत आत्मा की अस्थियां और हड्डियां मां गंगा में तैरती हैं या बसती हैं, तब तक आत्मा को श्री कृष्ण के गोलोक धाम में रहने का मौका मिलता है।

वहीं ऐसा भी कहा जाता है कि भागीरथ माता गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी लोक लेकर आए थे। ऐसे में मरने के बाद जब तक व्यक्ति की अस्थियां गंगा में बहती हैं तब तक उसकी आत्मा को स्वर्ग लोक में रहने का मौका मिलता है।

**राजा शांतनु ने की गंगा माता से शादी**

अन्य कथा के मुताबिक, हस्तिनापुर के राजा शांतनु को मां गंगा से प्रेम हो गया था। ऐसे में उन्होंने मां गंगा से शादी करने की इच्छा जताई। परंतु मां गंगा ने कहा कि मैं शादी इसी शर्त पर करूंगी, अगर आप मुझे कुछ भी करने से नहीं रोकेंगे, शांतनु ने उनकी बात मान ली। शादी होने के बाद जब उनका पहला पुत्र हुआ तो मां गंगा ने उसे अपने ही पानी में बहा दिया। यह देखकर शांतनु को बेहद दुख हुआ परंतु वह कुछ नहीं बोल पाए।

**भीष्म पितामह थे गंगा के आठवें पुत्र**

इसी प्रकार उन्होंने अपने सात पुत्रों को गंगा में बहा दिया, जब वह अपने आठवें पुत्र को गंगा में बहाने जा रही थीं तो शांतनु से देखा नहीं गया और उन्होंने मां गंगा को रोक दिया। उन्होंने कहा कि तुम ऐसा क्यों कर रही हो। तब मां गंगा ने कहा कि मेरे पुत्रों को वशिष्ठ जी का श्राप है कि वह पृथ्वी लोक में पैदा होंगे और कष्ट भोगेंगे। ऐसे में मैं उन्हें गंगा में प्रवाहित करके उन्हें मुक्ति दिला रही हूं। परंतु अब में आठवें पुत्र को नहीं बहा सकती। अब यह पृथ्वी लोक पर ही कष्ट भोगेगा। भीष्म पितामह मां गंगा के आठवें पुत्र थे। यही कारण है कि जिस प्रकार मां गंगा ने अपने पुत्रों की मुक्ति के लिए उन्हें गंगा में बहाया उसी प्रकार अस्थियों को भी मुक्ति के लिए गंगा में बहाया जाता है।

**और कहां कर सकते हैं अस्थि विसर्जन**

गंगा नदी के अलावा, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों में भी अस्थि विसर्जन किया जा सकता है। अस्थि विसर्जन के लिए, अस्थियों को दूध और गंगाजल से धोकर अस्थिकलश या पीतवस्त्र से बने थैले में रखा जाता है।

# ऑफिस का फर्निचर हो इस आकार का



ऑफिस में फर्निचर का उपयोग करते समय से ध्यान रखना चाहिए कि ऑफिस का फर्नीचर किसी धातु या प्लास्टिक का ना हो। ऑफिस फर्निचर लकड़ी का सबसे बेहतरीन माना जाता है। धातु या प्लास्टिक के फर्निचर से नेगेटिविटी का खतरा बना रहता है।

**ऑफिस के फर्निचर का हो ये शेप**

ऑफिस का फर्निचर गोलाकार, अंडाकार या अनियमित आकार का नहीं होना चाहिए। टेबल हमेशा आयताकार होना वास्तु के अनुसार सही माना गया है।

**ऐसी तस्वीरें लगाने से बचें**

ऑफिस में कहीं भी या अपने डेस्क के पास रोते बच्चे या महिला, युद्ध और हिंसा की तसवीरों को लगाने से बचना चाहिए। इन तसवीरों को घर में भी नहीं लगाने की सलाह दी जाती है। इससे नेगेटिविटी आती है।

**लगाएं ऐसी पेंटिंग**

अगर आपके बैठने का जगह के पीछे दीवार है तो दीवार में पहाड़ों के पोस्टर लगाने से सकारात्मकता और सुख शांति बनी रहती है।

**इस दिशा की ओर बैठें**

ऑफिस में बैठने के स्थान पर आपका मुंह पूर्व या उत्तर दिशा की तरफ होना वास्तु के हिसाब से बेहतर माना गया है। यदि संभव न हो तो पश्चिम की तरफ भी मुंह किया जा सकता है।

# घास पर गिरे ऋषि के वीर्य से पैदा हुईं महाभारत की दो हस्तियां, जिसमें एक है अमर



महाभारत काल में ऋषियों द्वारा अप्सराओं के जरिए मोहित होना और विचलित हो जाने की कई कहानियां हैं। इनसे कई पुत्र पुत्रियों के जन्म के भी किस्से हैं। महाभारत में ऐसी ही एक घटना महर्षि शरद्वान गौतम को लेकर है, जो जबरदस्त तपस्वी और धनुर्धर थे। वो कैसे इंद्र द्वारा भेजी गई एक अप्सरा पर मोहित हुए तो क्या हो गया।

महाभारत काल में महर्षि गौतम जाने माने ऋषि थे। उनके आश्रम में संन्यासी रहते थे। उसी में एक थे शरद्वान, वह धनुर्विद्या में पारंगत थे। उन्होंने तपस्या करने की ठानी और वन में जाकर कठोर तपस्या करने लगे। जब वह इसमें जबरदस्त तरीके से लीन हो गए तो इंद्र को चिंता हुई कि ये तपस्या तो उन्हें मुश्किल में डाल सकती है।

पौराणिक कथाओं में इंद्र को देवताओं के राजा बताया गया है। वह स्वर्ग के अधिपति माने जाते हैं। वह अक्सर ऋषियों की तपस्या से भयभीत हो जाते थे, क्योंकि ये माना जाता था कि गहन तपस्या से ऋषि अपार शक्ति और सिद्धियां प्राप्त कर सकते हैं। इन शक्तियों से वे इंद्र के स्वर्ग पर अधिकार करने या उनकी स्थिति को चुनौती देने में सक्षम हो सकते थे।

**डर जाया करते थे इंद्र**

इस डर से कि कोई ऋषि अपनी तपस्या के बल पर इंद्रासन (इंद्र का सिंहासन) छीन सकता है, इंद्र अक्सर उनकी तपस्या भंग करने के लिए अप्सराओं को भेजते थे। अप्सराएं अपनी अद्वितीय सुंदरता और मोहकता के लिए जानी जाती थीं। उनकी उपस्थिति और मोहक नृत्य से ऋषियों का ध्यान भंग हो जाता था, जिससे उनकी तपस्या में बाधा आ जाती थी।

**महर्षि शरद्वान का ध्यान जब अप्सरा ने भंग किया**

महाभारत, आदिपर्व, अध्याय 128 में लिखा गया है कि महर्षि शरद्वान के पास जानपदी नाम की अप्सरा पहुंची। उसके पहुंचते ही शरद्वान का ध्यान भंग हुआ। वह अप्सरा के प्रति आकर्षित हुए। उसके सौंदर्य पर मुग्ध होकर शरद्वान गौतम का अनजाने ही वीर्यपात हो गया।

**इससे जन्म हुआ कृप और कृपी का**

ये नीचे एक सरकंडे पर गिर कर दो हिस्सों में बंट गया। यह एक प्रकार का घास जैसा पौधा होता है। शरद्वान अपना धनुष बाण तथा काला मृगचर्म वहीं छोड़कर कहीं चले गये। इससे एक बेटे और बेटी का जन्म हुआ। जो कृप और कृपी थे।

**कृप और कृपी की आगे की कहानी**

कृप ही आगे चलकर कृपाचार्य हुए और कृपी का विवाह द्रोणाचार्य से हुआ, जो पांडवों और कौरवों के गुरु थे। कृपाचार्य को बाद में अमर होने का वरदान भी मिला। इसका जिक्र महाभारत के दूसरे संस्करणों में भी किया गया है।

**राजा शांतनु ने वन से लाकर पाला**

जब राजा शांतनु वन में गए तो उन्होंने इन दोनों नवजात बच्चों को देखा। वो उन्हें महल ले आए। वहीं उनका लालन पालन किया गया। बाद में जब शरद्वान को पता लगा कि उनके बच्चे राजा शांतनु के महल में पल रहे हैं तो वह उनके पास पहुंचे। उन्होंने कृप को धनुर्विद्या में पारंगत बना दिया। बाद में द्रोणाचार्य से पहले कृपाचार्य ने ही पांडवों और कौरवों को शुरुआती धनुर्विद्या दी।

**एक किस्सा ये भी**

इसे लेकर एक और किस्सा है। महर्षि शरद्वान की तपस्या भंग करने के लिए देवराज इंद्र ने 'जानपदी' नामक एक देवकन्या भेजी थी, जिसके गर्भ से दो यमज भाई-बहन जन्मे। माता-पिता दोनों ने नवजात शिशुओं को जंगल में छोड़ दिया, जहां हस्तिनापुर के महाराज शांतनु ने इनको देखा। शांतनु ने इन पर कृपा करके दोनों को पाला पोसा, जिससे इनके नाम 'कृप' तथा 'कृपि' पड़ गए।

**महाभारत में किस ओर से लड़े**

महाभारत के युद्ध में कृपाचार्य कौरवों की ओर से सक्रिय थे। कर्ण के मरने के बाद उन्होंने दुर्योधन को बहुत समझाया कि उसे पांडवों से संधि कर लेनी चाहिए; किंतु दुर्योधन ने इससे इनकार कर दिया।

कौरवों की पराजय और उनके युद्ध में मारे जाने के बाद कृपाचार्य पांडवों के पास आ गए। बाद में इन्होंने परीक्षित को अस्त्र विद्या सिखाई। 'भागवत' के अनुसार सावर्णि मनु के समय कृपाचार्य की गणना सप्तर्षियों में होती थी।

**अप्सरा जानपदी कौन थीं?**

जानपदी एक अप्सरा थी। हिंदू पौराणिक कथाओं में अप्सराएं स्वर्ग की सुंदर अप्सराएं होती थीं, जिन्हें इंद्र अपने आदेश पर पृथ्वी पर भेजते थे। हालांकि जानपदी का नाम जरूर महाभारत में मिलता है लेकिन इससे ज्यादा कोई जानकारी नहीं मिलती।

**क्या होती थीं अप्सरा**

पौराणिक कथाओं के अनुसार, इंद्र के पास कई अप्सराएं थीं, जो स्वर्गलोक (इंद्रलोक) में उनकी सभा की शोभा बढ़ाने के लिए होती थीं। वो इंद्र का आदेश मानती थीं। इनका मुख्य काम इंद्र और अन्य देवताओं का मनोरंजन करना था।

कुछ प्रमुख अप्सराओं के नाम इस प्रकार हैं – उर्वशी, मेघनदा, रम्भा, तिलोत्तमा, मेनका, घृताची, पुण्यगंधा और सुकेशी।

**जब ऋषियों और अप्सराओं का मिलन हुआ**

पौराणिक कथाओं में कुछ अप्सराओं के ऋषियों के साथ संबंधों के परिणामस्वरूप महान ऋषियों का जन्म हुआ।

**मेघनदा (मेनका) और विश्वामित्र**

मेनका एक अत्यंत सुंदर अप्सरा थीं, जिन्हें इंद्र ने ऋषि विश्वामित्र की तपस्या भंग करने के लिए भेजा था। मेनका और विश्वामित्र के मिलन से एक पुत्री शकुंतला का जन्म हुआ। शकुंतला बाद में राजा दुष्यंत की पत्नी बनीं। उनके पुत्र भरत के नाम पर भारत का नाम पड़ा।

**घृताची और कश्यप**

घृताची एक अप्सरा थीं जिनके कश्यप ऋषि के साथ संबंध से कई महान संतों और ऋषियों का जन्म हुआ। घृताची के पुत्रों में कई प्रतिभाशाली संत और विद्वान हुए।

घृताची कश्यप ऋषि तथा प्राधा की पुत्री थीं। पौराणिक परंपरा के अनुसार घृताची से रुद्राश्व द्वारा 10 पुत्रों, कुशनाभ से 100 पुत्रियों, च्यवन पुत्र प्रमिति से कुरु नामक एक पुत्र और वेदव्यास से शुकदेव का जन्म हुआ। एक बार भरद्वाज ऋषि ने घृताची को निर्वस्त्र गंगा में स्नान करते देखा। उनका वीर्यपात हो गया। वीर्य को उन्होंने एक द्रोणि (मिट्टी का बर्तन) में रख दिया, जिससे द्रोणाचार्य पैदा हुए।

**उर्वशी और पुरुरवा**

उर्वशी एक अत्यंत सुंदर अप्सरा थीं, जिनका राजा पुरुरवा के साथ संबंध था। उनके मिलन से कई संतानों का जन्म हुआ, जिनमें से कई आगे चलकर महत्वपूर्ण राजा और ऋषि बने।

**रम्भा**

रम्भा भी एक प्रसिद्ध अप्सरा थीं, हालांकि उनके साथ सीधे किसी ऋषि का नाम नहीं जोड़ा गया है, लेकिन उन्हें भी कई कथाओं में ऋषियों की तपस्या भंग करने की कोशिश में शामिल दिखाया गया है।

# औरतें एक-दूसरे की 'सपोर्टर' बनें, न कि रुकावट : राशि खन्ना

एक समय आई.ए.एस. अफसर बनने की ख्वाहिश रखने वाली राशि खन्ना की किस्मत उसे अभिनय जगत में ले आई। ऑडिशन के जरिए अपनी पहली फिल्म पाने वाली राशि आज साऊथ फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड में भी एक्टिव है। गत दिनों उसे फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में देखा गया था। फिल्म इंडस्ट्री में दस साल पूरे कर चुकी राशि खन्ना अपने सफर के बारे में कहती है, मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं एक्टिंग के फील्ड में आऊंगी। मेरे इर्द-गिर्द कोई एक्टर नहीं था। बचपन में मैंने फिल्में भी ज्यादा नहीं देखी थीं। मुझे तो आई.ए.एस. अफसर बनना था, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था।

मेरी एक दोस्त को एक्ट्रैस बनना था और उसके साथ मुंबई आ गई थी। एक बार फिल्म 'मद्रास कैफे' के ऑडिशन के लिए मुझे बुलाया गया और मैंने ऑडिशन दिया और उसके बाद मुझे फिल्म मिल भी गई। कैमरे के सामने मुझे बहुत मजा आया, तब मैंने तय किया कि मुझे अपनी जिंदगी में यही करना है।

किरदारों के जरिए महिला मुद्दों को सामने लाने वाली राशि का मानना है कि जब तक औरतें एकजुट नहीं होंगी, उनकी हालत में बदलाव संभव नहीं है। उसने कहा, मुझे लगता है कि हम महिलाओं की लड़ाई भले समाज के तबके या जगह के हिसाब से अलग-अलग हो, मगर हमें एकजुट होना चाहिए। अगर हम एक समान वेतन की बात करें या फिर काम की जगह पर औरतों को मिलने वाले ट्रीटमेंट की बात करें, जब तक हम साथ में मिलकर आवाज नहीं उठाएंगी, तब तक कुछ नहीं होगा। यह मेरा निजी अनुभव है कि मैं अगर किसी मुद्दे पर दूसरी महिला के लिए लड़ रही हूं, मगर कई बार वह मुझे दबा कर आगे बढ़ जाती है। हम महिलाओं को एक- दूसरे की ताकत बनना चाहिए, न कि रुकावट, मगर अधिकतर महिलाएं एक-दूसरे को अपना सहयोगी न मान कर प्रतिस्पर्धी मानती हैं।

**सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स से लड़ने की जरूरत नहीं**

सोशल मीडिया के इस दौर में राशि एक ऐसी एक्ट्रैस है जो आमतौर पर सोशल मीडिया ट्रोलर्स के निशाने से दूर रहती है। वह बताती है, सोशल मीडिया पर रहते हुए एक समय ऐसा आता है, जब आपको ट्रोल्स की आदत पड़ जाती है। आपको पता होना चाहिए कि आपकी सचाई क्या या है। लोगों के कहने का आप पर फर्क पड़ना नहीं चाहिए, वरना आप अपना काम कर ही नहीं पाएंगे।

आपको ट्रोलर्स से लड़ने की जरूरत है ही नहीं। वैसे मैं अपनी प्राइवेट लाइफ इतनी प्राइवेट रखती हूं कि उनके पास कुछ होता ही नहीं, मेरे बारे में लिखने को। मैं सोशल मीडिया पर अपने विचार देने से बचती हूं। जब तक मैं किसी बात पर श्योर नहीं होती, तब तक उस पर अपना पक्ष या मत नहीं रखती। मैं सोशल मीडिया पर काफी सावधानी बरतती हूं, तो मुझे ट्रोल करने के लिए उनके पास कुछ नहीं होता।

साऊथ सिनेमा या बॉलीवुड, राशि ने दोनों जगह यादगार काम किया है। बॉलीवुडकी बात करें, तो वैब सीरीज 'रुद्र' में उसने अजय देवगन के साथ काम किया। फिल्म 'योद्धा' में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा की हीरोइन बनी और वैब सीरीज 'फर्जी' में उसे शाहिद कपूर का साथ मिला, तो फिल्म 'साबरमती एक्सप्रैस' में उसने विक्रांत मैसी के साथ काम किया। साऊथ में भी वह जूनियर एन.टी.आर., रवि तेजा, मोहनलाल और धनुष जैसे बड़े सितारों के साथ नजर आई है।



वह को-स्टार्स के बारे में कहती है, अपने हर को-आर्टिस्ट से मैंने कुछ न कुछ सीखा जरूर है। जूनियर एन.टी.आर. से मैंने एक्टिंग की पूरी प्रक्रिया को जाना, तो धनुष के साथ काम करना अच्छा लगा। वह मेरे पसंदीदा एक्टर हैं। लगा ही नहीं कि हम एक्टिंग कर रहे हैं। उनमें एक्टिंग की बारीकियां हैं। मोहनलाल सर की आंखें बोलती हैं। मेरे कॉलेज की बहुत सारी लड़कियों के क्रश रहे हैं शाहिद, तो जब उन्हें पता चला कि मैं शाहिद के साथ काम कर रही हूं, तो वे उछल पड़ी थीं। अजय देवगन सर के बारे में क्या कहूं? वह तो एक्टिंग के स्कूल के समान हैं।

# क्यों साउथ फिल्में नहीं करना चाहती हैं सामंथा, बोलीं- हर फिल्म को ऐसा महसूस होना चाहिए कि यह आखिरी है

सामंथा रुथ प्रभु की आखिरी बार विग्नेश शिवन की तमिल फिल्म काथुवाकुला रेंदु काधल में देखा गया था। इसके बाद वह बॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी में नजर आईं। लेकिन सामंथा को जाने क्या हो गया है कि वह अब साउथ की फिल्में नहीं करना चाहती हैं। हालांकि, उनकी फिल्म रक्त ब्रह्मांड चर्चा में जरूर है।


सामंथा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रक्त ब्रह्मांड को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। सामंथा रूथ प्रभु की पिछले साल सिटाडेल हनी बनी आई थी। इस सीरीज में सामंथा बॉलीवुड अभिनेता वरुध धवन के साथ जमकर एक्शन करती नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक इंटरव्यू में, सामंथा ने खुलासा किया कि वह अपनी भूमिकाओं को लेकर काफी सेलेक्टिव रही हैं। यही वजह है कि वह ऐसी भूमिकाओं को टाल रही हैं, जो उन्हें चुनौती नहीं देती हैं।

सामंथा ने तमिल फिल्में साइन ना करने का कारण बताते बुए कहा, कई फिल्में करना आसान है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने जीवन के उस मुकाम पर हूं, जहां हर फिल्म को ऐसा महसूस होना चाहिए कि यह आखिरी है। फिल्म में उस तरह का प्रभाव होना चाहिए। यही वजह है कि मैं खुद को इस तरह क की फिल्म करने के लिए तैयार नहीं कर सकती। सामंथा की आखिरी तमिल फिल्म 2022 की काथुवाकुला रेंडु काधल थी।

सामंथा ने द फैमिली मैन 2, सिटाडेलः हनी बनी के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम किया है और हाल ही में, वह रक्त ब्रह्मांड में दिखाई देने वाली हैं। सामंथा का कहना है कि इन प्रोजेक्ट में उन्हें कुछ अनोखा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, ₹अच्छे कारण से वे (राज और डीके) ही हैं, जिन्होंने मुझे अधिक से अधिक चुनौतियों की चाहत के साथ बिगाड़ा है। जब मैं हर दिन काम पर जाती हूं, तो एक अभिनेता के रूप में किसी भूमिका को इतना अधिक देना बेहद संतोषजनक होता है। और अगर मुझे हर दिन वह एहसास नहीं होता है, तो मैं काम पर नहीं जाना चाहती।



बीमारी के कारण लंबे ब्रेक के बाद इस सीरीज ने सामंथा की वापसी ठीक ठाक रही। सामंथा ने एक्शन सीरीज में हनी का किरदार निभाया था और वरुण धवन ने बनी का किरदार निभाया था। 6 नवंबर को प्राइम वीडियो पर शुरू हुई यह सीरीज प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन अभिनीत यूएस रूपांतरण सिटाडेल का प्रीक्वल है। सामंथा इन दिनों राज और डीके की फंतासी एक्शन सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड - द ब्लडी किंगडम' में दिखाई देंगी। इस फिल्म में सामंथा के अलावा आदित्य रॉय कपूर, वामिका गब्बी, अली फजल और निकितिन धीर नजर आएंगे।



संदीपा धर

# खुशी है मैंने सही चुनाव किया

संदीपा धर की फिल्मोग्राफी में बेशक अधिक फिल्में दर्ज न हों, लेकिन उसकी गिनती बॉलीवुड की सबसे सुंदर अभिनेत्रियों में होती है। जल्द ही वह अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली है।

हाल ही में उसने फिल्म की तैयारी के तहत इसकी स्क्रिप्ट रीडिंग सैशन की झलक अपने फैन्स के लिए सोशल मीडिया पर शेयर की थी। उसने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें स्क्रिप्ट बुक नजर आ रही थी। उसने इसके साथ कैप्शन में लिखा, और इसकी शुरूआत हो गई।

संदीपा अपनी शानदार सोशल मीडिया प्रैजैंस और बेहतरीन अभिनय कौशल के लिए जानी जाती है, जो हमेशा दर्शकों को प्रभावित करता है। उनकी हालिया तस्वीर ने यह जानने की उत्सुकता बढ़ा दी है कि वह किस तरह का किरदार निभाने जा रही है और यह किस शैली की फिल्म हो सकती है। हालांकि, अभी तक उसने इस बारे में कोई जानकारी सांझी नहीं की है, लेकिन उसकी इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर उत्सुकता की लहर पैदा कर दी है।

**रंगमंच पर किया है काम**

संदीपा के अभिनय की अक्सर तारीफ होती रही है जिसकी एक वजह यह भी है कि उसके पास फिल्मों में आने से पहले ही रंगमंच यानी स्टेज पर नाटक करने का अच्छा- खासा अनुभव रहा है। रंगमंच से अपने लगाव के बारे में वह बताती है, मुझे लगता है कि रंगमंच ने मुझे फिल्मों के लिए और भी बेहतर ढंग से तैयार किया है। मुझे खुशी है कि मैंने रंगमंच पर काम किया। कई लोगों ने मुझसे कहा था कि मेरा ऐसा करना मूर्खतापूर्ण था लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने सही चुनाव किया क्योंकि मुझे पता था कि फिल्मों में मैं हमेशा वापस आ सकती हूं लेकिन रंगमंच का वह वाला अनुभव नहीं ले सकूंगी।

यूं रहती है फिट

संदीपा की फिटनैस भी कमाल की है। इसे लेकर वह कहती है, मैं छोटी उम्र से ही फिटनैस पर ध्यान देने लगी थी। मैंने बचपन से ही नृत्य और खेलों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। यह हमेशा से मेरी जीवनशैली का हिस्सा रहा है। मैं जिम नहीं जाती, लेकिन मैं मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, योग, बैडमिंटन और टेबल टैनिस या किसी भी तरह का खेल खेलती हूं। बेशक, सही खान-पान आपकी फिटनैस का 90 प्रतिशत हिस्सा है और मेरे लिए संतुलित आहार लेना हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बात रही है।

वह आगे कहती है, अगर मैं अभिनेत्री नहीं भी होती तो भी मैं फिटनैस पर ध्यान देती क्योंकि मेरा मानना है कि हर किसी को अपने शरीर का ख्याल रखना चाहिए और इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। मेरे लिए फिटनैस एक बहुत ही व्यक्तिगत मुद्दा है। यह मेरे लिए है; मैं इसमें किसी और से मुकाबला नहीं करती। मुझे फिट रहने की जरूरत है क्योंकि मुझे फिट रहना पसंद है। मैं अपने शरीर की देखभाल करना और भविष्य में एक अच्छा स्वस्थ जीवन जीना चाहती हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि हर कोई फिटनैस और सही खान-पान पर ध्यान दे रहा है। यह बहुत प्रेरणादायक है।

# हार' नहीं मानूंगी : श्रेया चौधरी



अभिनेत्रियां अपनी फिटनैस जर्नी को फैन्स के साथ शेयर करती रहती हैं लेकिन हर कोई अपने बदलाव की झलक नहीं दिखाता। हालांकि, वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स' की एक्ट्रैस श्रेया चौधरी इस मामले में अलग है। उसने अपनी 10 साल पुरानी यानी टीनेज के दिनों की तस्वीर फैन्स के साथ शेयर की है, जो फैन्स को प्रेरित कर रही है। वहीं उसने बताया कि तब से अब तक उसने 30 किलो वजन घटाया है।

अपनी पोस्ट में शेयर की गई पहली फोटो में टीनेज श्रेया काफी मोटी नजर आ रही है। वहीं इसके बाद दूसरी फोटो में वह गोल्डन सीक्विन मिनी ड्रैस में बेहद स्लिम और खूबसूरत लग रही है। इन तस्वीरों के साथ उसने एक लम्बी कैप्शन में फिटनैस और स्वास्थ्य के साथ अपने संघर्ष पर प्यार बरसाने के लिए फैन्स का शुक्रिया अदा किया और लाइफ का सबसे महत्वपूर्ण किस्सा शेयर किया। श्रेया ने स्वीकार किया कि जब वह 19 साल की थी, तब वह एक कठिन दौर से गुजर रही थी। नैगेटिव सोच के कारण उसका वजन बढ़ गया, लेकिन जब उसे स्लिप डिस्क जैसी बीमारी हुई तो श्रेया को एहसास हुआ कि यह उसके लिए एक चेतावनी थी कि उसे वापस शेप में आना चाहिए।

उसने लिखा, मैं चांद को छूना चाहती थी और मुझे पता था कि मेरे अंदर सब कुछ बदलने की क्षमता है। मुझे इसमें कई महीने लगे लेकिन मैंने अपनी फिटनैस और सेहत पर ध्यान केंद्रित किया। जब मैं 21 साल की हुई, तब तक मेरा शरीर और दिमाग एक नए मोड़ पर आ चुके थे। मैं धीरे-धीरे फिट होती गई, 30 किलो वजन कम किया और स्लिप डिस्क की समस्या फिर से नहीं हुई, जिसका मतलब था कि मैं बेफिक्र हो सकती थी

और फिट होने पर ध्यान केंद्रित कर सकती थी। मैं अब अपने सबसे फिट रूप में हूं। स्लिप डिस्क वाली लड़की से बदल कर अब मैं एक जानवर की तरह बॉक्सिग कर सकती हूं। मैं डांस कर सकती हूं, शूटिंग के दौरान घंटों अपने दोनों पैरों पर खड़ी रह सकती हूं और जब भी जरूरत हो, सैट पर अपने शरीर को चरम सीमा तक ले जा सकती हूं। मैंने खुद से कहा, मैं कभी हार नहीं मानूंगी।

श्रेया ने कहा, जब मैंने सोशल मीडिया पर अपने फिटनैस और स्वास्थ्य संघर्ष के बारे में बात की तो मुझे नहीं पता था कि मुझे इतनी सारी शुभकामनाएं और प्यार मिलेगा। मैंने यह पोस्ट इसलिए की थी, क्योंकि मैं खुद को सशक्त और सुरक्षित महसूस कर रही थी। लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और प्रोत्साहन ने मुझे कुछ ऐसा सांझा करने के लिए प्रेरित किया, जो मैंने कभी खुलकर नहीं कहा। मैं चाहती हूं कि जो लोग मेरे जैसी स्थिति में हैं, उन्हें लगे कि वे आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति से किसी भी मुश्किल को पार कर सकते हैं। उसे 'डियर माया', 'कंडिशन एप्लॉय', 'कमांडो', 'द अदर वे' और 'बंदिश बैंडिट्स' के सीजन 2 में देखा गया था, जो फैन्स के बीच काफी चर्चा में रहा था।

# मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी 'भूल' थी कि कभी एक्टिंग को गंभीरता से नहीं लिया: अदिति गोवित्रिकर



'मिसेज वर्ल्ड' रह चुकी अदिति गोवित्रिकर ने कभी एक्टिंग के पेशे को गंभीरता से नहीं लिया। ग्लैडरैग्स मैगामॉडल प्रतियोगिता के बाद जब यश चोपड़ा ने उसे मिलने के लिए बुलाया तब वह उनसे मिलने नहीं गई और इस बात का पछतावा अदिति को आज भी है। इसे वह अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल मानती है। हालांकि, बाद में उसने कुछ फिल्में कीं, लेकिन एक्टिंग उसके लिए पैरेलल फील्डथा। उसका पूरा फोकस मैडीकल और मॉडलिंग पर ही रहा लेकिन अब उसने एक्टिंग में वापसी की है और ओ.टी.टी. पर काफी काम कर रही है। हाल ही में वैब सीरीज 'मिसमैच्ड सीजन 3' में नजर आई अदिति ने उसमें रोहित सराफ की मां का किरदार निभाया है। उसकी वैब सीरीज 'लाइफ खिल गई' भी गत दिनों ही रिलीज हुई थी। अपने अगले प्रोजैक्ट के बारे में उसने बताया, ₹मैंने 'मार्वलस मिसेज इंडिया' शुरू किया है। इसमें शादीशुदा, विधवा और तलाकशुदा महिलाएं भाग लेती हैं। इसका दूसरा सीजन अक्तूबर में हुआ था। अभी इसके तीसरे सीजन की तैयारी चल रही है।

इस शो के पीछे उसकी क्या सोच रही, पर उसने कहा, जब मैंने 'मिसेस वर्ल्ड' में भाग लिया था, उस समय मेरी बेटी एक साल की थी। लोग मुझसे कहते थे कि तुम्हारी शादी हो गई है, अब इस बारे में क्यों सोचना ? उस समय लोगों की यही सोच थी कि शादी और बच्चे के बाद ग्लैमर फील्ड में करियर खत्म हो जाता है। मैं यह सोच रही थी कि अगर लोग मेरे पर्सनल स्टेटस को देख कर काम देंगे, तो यह गलत बात है। मेरे पास मैडीकल की डिग्री थी। अगर ग्लैमर फील्ड में काम नहीं मिलेगा, तो मैडीकल फील्ड में चली जाऊंगी। उस सोच के साथ मैंने 'मिसेज वर्ल्ड' में भाग लिया और मैं जीत गई। तब हमारे देश में लोगों को पता चला कि 'मिसेज वर्ल्ड' भी कुछ होता है।

उसने बताया, मैं चाहती हूं कि जो महिलाएं जीवन में कुछ बनने का सपना देख रही हैं, उनको एक मंच दूं। महिलाओं को सही सम्मान दिलाने के लिए मैंने' मार्वलस मिसेज इंडिया' ब्यूटी पीजैंट शुरू किया, ताकि उन महिलाओं की जर्नी को सैलिब्रेट कर सकूं, जो जीवन में कुछ करना चाहती हैं।

# क्या वाकई राम गोपाल वर्मा से शादी करना चाहती थीं सुचित्रा? प्रीति को क्यों कहा आदमखोर

अभिनेत्री और गायिका सुचित्रा कृष्णमूर्ति अपने अंदाज और बयानों की वजह से कई बार सुर्खियों में रहीं। क्या आपको पता है उन्होंने एक बार राम गोपाल वर्मा को शादी के लिए प्रपोज किया था, जिसके बाद का किस्सा जानना वाकई काफी दिलचस्प रहेगा। यही नहीं बल्कि एक बार सुचित्रा ने प्रीति जिंटा को आदमखोर तक कह दिया था, जिसके पीछे की वजह सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

**क्या वाकई राम गोपाल वर्मा से शादी करना चाहती थीं सुचित्रा?**

2013 में अपनी आत्मकथा 'ड्रामा क्वीन' में सुचित्रा ने राम गोपाल वर्मा का जिक्र करते हुए एक मजेदार घटना बताई। उन्होंने अपनी लिखी किताब में बताया कि उन्होंने एक बार राम गोपाल वर्मा से शादी करने के बारे में मजाक किया था। सुचित्रा ने टेक्स्ट में लिखा, ₹क्या तुम मुझसे शादी करोगे?₹ इस मैसेज तो पढ़ते ही निर्देशक घबरा गए और उन्हें ऑफिस बुलाया ताकि उन्हें इस विचार पर समझाने की कोशिश की।

**डरे हुए राम गोपाल वर्मा ने दिया यह जवाब**

हालांकि, सुचित्रा ने अपनी किताब में इस बात का भी जिक्र किया की उन्होंने यह सभी कुछ रमा गोपाल वर्मा (शादी का प्रपोजल) के साथ मजाक में किया था, लेकिन इसके



बावजूद निर्देशक डर गए थे और उन्होंने कथित तौर पर सुचित्रा के इस सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि वह महिलाओं को केवल शारीरिक कारणों से लिए महत्व देते हैं ना कि उनकी बुद्धि के लिए।

**प्रीति को कहा था आदमखोर?**

सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने राम गोपाल वर्मा के साथ 'माई वाइफ्स मर्डर' और 'रण' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने 1999 से 2007 तक शेखर कपूर से शादी की थी, लेकिन उनका रिश्ता कड़वाहट से खत्म हो गया, सुचित्रा ने उन पर बेवफा होने का आरोप लगाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेखर कपूर के साथ सुचित्रा की शादी प्रीति जिंटा के साथ उनके कथित अफेयर के कारण खत्म हो गई थी। सुचित्रा ने एक किताब आदमखोर के बारे में लिखी थी, जिसमें उन्होंने एक आदमखोर के बारे में बताया, जिसने उनके पति को उनसे चुराया लिया था। उनका यह इशारा प्रीति जिंटा की ओर था। सुचित्रा की इस बात पर प्रीति जिंटा ने जवाब में कहा कि वह नंबर वन हीरोइन हैं और सुचित्रा केवल एक गृहणी हैं। इसके अलावा प्रीति ने यह भी कहा कि सुचित्रा को किसी साइकेट्रिस्ट को दिखाने की जरूरत हैं। प्रीति के इस कटाक्ष के बाद सुचित्रा ने कहा कि उन्हें अपने ऊपर बहुत गर्व है कि वह 20 सालों से एक अच्छी मां हैं।



# दो बच्चे होने पर मिलती थी ज्यादा छूट

## 100 कमाने पर 2.25 ही जाते थे जेब में, 1947 से कितना बदला आयकर




नई नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)।आजाद भारत का पहला बजट 16 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा रिपोर्ट थी। उसके बाद के बजट में केंद्र सरकार की ओर से आमदनी और खर्च का ब्यौरा दिया जाने लगा। सरकार की आमदनी का एक हिस्सा इनकम टैक्स यानी आयकर से आता है। यह टैक्स देश के लोगों को अपनी कमाई से सरकार को देनी पड़ती है। आजादी के समय देश में 1500 रुपये तक की आमदनी ही टैक्स फ्री थी। उसके बाद आयकर व्यवस्था में समय-समय पर कई बदलाव किए गए।

**नौकरीपेशा लोगों के लिए 7 लाख 75 हजार तक की आमदनी टैक्स फ्री**

केंद्रीय बजट 2024-25 में वित्त मंत्री की ओर से किए गए एलानों के बाद अगर किसी नौकरीपेशा करदाता की सालाना आय 7 लाख 75 हजार रुपये तक है, उसे आयकर नहीं चुकाना पड़ता है। क्योंकि स्टैंडर्ड डिडक्शन के 75,000 रुपये घटाने के बाद उसकी आमदनी 7 लाख रुपये रह जाती है। ऐसे में उसे कोई टैक्स नहीं देना पड़ता, क्योंकि नई टैक्स रिजीम के तहत सात लाख रुपये तक की आमदनी सरकार ने टैक्स फ्री कर रखी है। इसका मतलब है अगर किसी व्यक्ति का मासिक वेतन 64000 या 64500 रुपये के आसपास है तो उसे नई कर प्रणाली में कोई आयकर चुकाने की जरूरत नहीं है।

**बजट 2025 में वित्त मंत्री से 10 लाख तक की आमदनी टैक्स फ्री करने की हो रही मांग**

केंद्रीय बजट 2025 में जानकारों ने वित्त मंत्री से 10 लाख रुपये तक की आमदनी को टैक्स के दायरे से अलग रखने की अपील की है। 2023-24 के बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडिविजुअल टैक्सपेयर के लिए आयकर का दायरा बढ़ाने का एलान किया था।

आयकर का दायरा पांच लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये (नई टैक्स रिजीम के तहत) कर दिया गया था। इस दौरान सुपर रिच टैक्स को भी घटाकर 37 प्रतिशत कर दिया गया था। वहीं रिटायर्ड कर्मियों के लिए लिव इनकैशमेंट की सुविधा में इजाफा कर उसे तीन लाख से 25 लाख रुपये कर दिया गया था।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नई टैक्स रिजीम को किया गया डिफॉल्ट पिछले साल नई टैक्स रिजीम को डिफॉल्ट कर दिया गया है। नई टैक्स व्यवस्था को केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2020 से लागू किया था। नई टैक्स व्यवस्था यानी नई टैक्स रिजीम में नए टैक्स स्लैब बनाए गए थे लेकिन आयकर में मिलने वाले सारे डिडक्शन और छूट समाप्त कर दिए गए थे। भारत में आजादी के बाद से आयकर के मामले में अलग-अलग सरकारों ने कई बदलाव किए हैं। इन बदलावों का आम आदमी पर सीधा असर पड़ा है, क्योंकि आयकर वह राशि है जो किसी व्यक्ति को अपनी मेहनत की कमाई में से बचाकर सरकार को देनी पड़ती है।

**देश आजाद हुआ तब 1500 रुपये तक की आमदनी थी टैक्स फ्री**

आजाद भारत का पहला बजट 16 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा रिपोर्ट थी। जब देश का पहला बजट पेश किया गया था उस समय देश में 1500 रुपये तक की आमदनी टैक्स फ्री थी। 2023 में मोदी सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में यह लिमिट सात लाख रुपये (नई टैक्स रिजिम के तहत) कर दी गई।

# देश का सबसे महंगा ऑयल रिफाइनरी प्रोजेक्ट लगेगा आंध्र में जानते हैं किसकी परियोजना है?




मुंबई,25 जनवरी (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) आंध्र प्रदेश में एक रिफाइनरी लगा रही है। उसकी क्रूड रिफाइनिंग क्षमता 90 लाख टन सालाना होगी। इस ऑयल रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की लागत जान कर आपके होश उड़ जाएंगे। जी हां, इस रिफाइनरी की लागत करीब 95,000 करोड़ रुपये आने की संभावना है। यह भारत की अब तक की सबसे महंगी रिफाइनरी परियोजना होगी। बीपीसीएल की तीसरी तिमाही के परिणाम की घोषणा के बाद विश्लेषकों के साथ निवेशकों के एक सम्मेलन में कंपनी के डाइरेक्टर फाइनेंस वी आर गुप्ता ने बताया मोटे तौर पर पूंजीगत व्यय की आवश्यकता का प्रारंभिक संकेत सकल स्तर पर लगभग 95,000 करोड़ रुपये होगा,उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार ने भी पूंजी सब्सिडी प्रोत्साहन की अच्छी मात्रा का संकेत दिया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राज्य सरकार से कितनी वित्तीय सहायता मिलने जा रही है। उन्होंने कहा, हम दिसंबर में अंतिम संख्या पर पहुंचेंगे, जब डीपीआर और फीड अध्ययन पूरा हो जाएगा। हमारे सहयोगी ईटी के मुताबिक गुप्ता ने कहा समानांतर रूप से, हम एक संयुक्त उद्यम भागीदार (शामिल करने के लिए) की खोज कर रहे हैं। हालांकि इस बारे में भी उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया गया। उनका कहना है कि इस बारे में अंतिम निवेश निर्णय से 48 महीनों में रिफाइनरी चालू होने की संभावना है। रिफाइनरी का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि यह एक कोस्टल रिफाइनरी होगी। यह कहां, लगेगी, इसके लिए भूमि की पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया हम 6,000 एकड़ भूमि की तलाश कर रहे हैं... भूमि की पहचान कर ली गई है और अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू होनी है। इस प्रोजेक्ट का डीपीआर और फीडस्टॉक अध्ययन पूरा होने में 6 से 9 महीने लगेंगे।

# दिल्ली से इस्लामाबाद तक मचा कोहराम

## विदेशी दौलत में आई बड़ी गिरावट



नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है. आंकड़ों के अनुसार देश के विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने के लोअर लेवल पर पहुंच गया है. भारत के फॉरेक्स रिजर्व में लगातार 7वें हफ्ते में गिरावट देखने को मिली है. लगातार 7 हफ्तों में फॉरेक्स रिजर्व में 34.11 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिल चुकी है. वहीं दूसरी ओर रिकॉर्ड हाई से 80.91 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है. जानकारों की मानें तो रुपए को संभालने के लिए फॉरेक्स रिजर्व का इस्तेमाल किया जा रहा है. जिसकी वजह से देश की विदेशी दौलत में गिरावट देखने को मिल रही है. वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में भी भारी गिरावट देखी गई है. पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में गिरावट का प्रमुख कारण कर्ज का भुगतान करना है. वैसे पिछले महीने में पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में बढ़ोतरी हुई थी. बीते कुछ महीनों से पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में तेजी ही देखने को मिल रही है. कुछ ही दिन ऐसे हैं, जब पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में कमी देखी गई हो. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर भारत और पाकिस्तान के फॉरेक्स में कितनी गिरावट देखने को मिल चुकी है.

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.88 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब डॉलर रहा. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था. विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है. इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है. सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था.

देश का विदेशी मुद्रा भंडार लाइफ टाइम हाई से काफी नीचे आ चुका है. आंकड़ों के अनुसार सितंबर के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया था. तब से इसमें 80.91 अरब डॉलर यानी करीब 7 लाख करोड़ रुपए की कमी देखने को मिल चुकी है. जबकि विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 7वें हफ्ते गिरावट देखने को मिल चुकी है. तब से अब तक 34.11 अरब डॉलर करीब 3 लाख करोड़ रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् •2051,हिजरी सन् •1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-52
सूर्यास्त. - 18-04
कलियुग संवत् •5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् •1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर मे | मकर... | 06-05 बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक मे | कुंभ... | 07-56 बजे |
| मंगल | मिथुन (व) मे | मीन... | 09-34 बजे |
| बुध- | धनु मे | मेष... | 11-10 बजे |
| गुरु- | वृष मे | वृष... | 12-56 बजे |
| शुक्र- | कुंभ मे | मिथुन | 14-56 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | कर्क.. | 17-07 बजे |
| राहु- | मीन मे | सिंह... | 19-20 बजे |
| केतु- | कन्या मे | कन्या... | 21-28 बजे |
| | | तुला.... | 23-32 बजे |
| | | वृश्चिक.. | 01-41 बजे |
| | | धनु...... | 03-56 बजे |

दिशाशूल •• पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी . 20-55 तक उपरान्त त्रयोदशी
मास • माघ कृष्ण , रविवार 26 January
नक्षत्र • ज्येष्ठा 08-25 तक उपरान्त मूल
योग • व्याघात 03-33 तक उप हर्षण
करण- कौलव 08-49 तक उप तैतिल
विशेष:- सर्वार्थ सिद्ध योग - 08-26 से
व्रत -त्योहार • ७६ वां गणतंत्र दिवस

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:43 से 18:07 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:52 - 08:15 | अशुभ | शुभ | 18:04 - 19:43 | शुभ |
| चंचल | 08:15 - 09:40 | शुभ | अमृत. | 19:43 - 21:18 | शुभ |
| लाभ. | 09:40 - 11:04 | शुभ | चंचल | 21:18 - 22:53 | शुभ |
| अमृत | 11:04 - 12:29 | शुभ | रोग | 22:53 - 00:29 | अशुभ |
| काल | 12:29 - 13:53 | अशुभ | काल. | 00:29 - 02:04 | अशुभ |
| शुभ.. | 13:53 - 15:18 | शुभ | लाभ | 02:04 - 03:39 | शुभ |
| रोग. | 15:18 - 16:43 | अशुभ | उत्पात | 03:39 - 05:15 | अशुभ |
| उत्पात | 16:43 - 18:04 | अशुभ | शुभ | 05:15 - 06:52 | शुभ |

# दोस्त, दोस्त न रहा...! ट्रंप से नाराज हुए मस्क

## खटाई में पड़ सकता है 500 अरब डॉलर का प्रोजेक्ट




नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति कारोबारी एलन मस्क की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले ही ट्रंप ने मस्क को अहम जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित एक घोषणा की। इसका उद्देश्य एआई में अमेरिका को आगे रखना है। इसके लिए ट्रंप ने 500 अरब डॉलर के निवेश की योजना पेश की। अब इससे उनके दोस्त मस्क नाराज हो गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह योजना सॉफ्टबैंक के सीईओ मासायोशी सोन, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन सहित टेक इंडस्ट्री के प्रमुख लोगों के साथ मिलकर पेश की। स्टारगेट नामक इस पहल से 100000 से अधिक नौकरियां पैदा होने और अमेरिका की एआई क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलने का वादा किया गया है। इसका मकसद टेक स्पेस में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकना है।

**क्यों नाराज हैं मस्क?**

मस्क को ट्रंप का करीबी सलाहकार माना जाता है। मस्क ट्रंप के इस प्रोजेक्ट से नाराज हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस प्रोजेक्ट पर सवाल उठाए। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि इस प्रोजेक्ट के लिए टेक इंडस्ट्री की कंपनियों के पास पैसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रमुख निवेशकों में से एक सॉफ्टबैंक के पास सिक्योर्ड फंड में 10 बिलियन डॉलर से भी कम हैं।

**विवाद में बदल गया प्रोजेक्ट**

अपनी पहली पोस्ट के बाद मस्क ने एक्स पर अपना हमला और तेज कर दिया। उनकी पोस्ट में ऑल्टमैन प्रमुख निशाना रहे। मस्क ने ऑल्टमैन के साथ मिलकर ओपनएआई की शुरुआत की थी। हालांकि अभी मस्क कंपनी के साथ एक मुकदमे में उलझे हुए हैं। ट्रंप ने इस प्रोजेक्ट की घोषणा बहुत ही धूमधाम से की थी, लेकिन मस्क कर नाराजगी के कारण यह प्रोजेक्ट अब विवादों में आ गया है। माना जा रहा है विवादों में आने के बाद यह प्रोजेक्ट अधर में लटक सकता है।

मस्क की आलोचनाओं पर ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सभी चिंताओं को दूर कर दिया गया है। ट्रंप ने कहा कि मस्क का गुस्सा संभवतः व्यक्तिगत है। उन्होंने कहा, 'इससे मुझे कोई परेशानी नहीं है। डील में शामिल लोग बहुत होशियार हैं।'

# फिर से बढ़ी सोने की कीमत



नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय सर्राफा बाजार में आज 25 जनवरी 2025 को सोने की कीमतों में मामूली वृद्धि देखी गई. देश में आज 24 कैरेट सोने की कीमत 8260.3 रुपये प्रति ग्राम है, जो कल सोने की कीमत से 350.0 रुपये ज्यादा है. पिछले हफ्ते 24 कैरेट सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव -1.2 परसेंट दर्ज किया गया, जबकि पिछले महीने में यह बदलाव -5.3 परसेंट रहा. देश में इस वक्त चांदी की कीमत 100700.0 रुपये प्रति किलोग्राम है, जो 1200.0 प्रति किलोग्राम की बढ़त को दर्शाता है.

**दक्षिण भारत के कुछ बड़े शहरों में आज सोने का भाव**

**चेन्नई-** चेन्नई में आज सोना 82451.0 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है. जबकि कल 24 जनवरी, 2025 को यहां सोने का भाव प्रति 10 ग्राम 82121.0 रुपये था. पिछले हफ्ते 19 जनवरी को यहां सोना 81131.0 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से बिका.

**बेंगलुरु-** बेंगलुरु में आज 10 ग्राम सोने का भाव 82445.0 रुपये है, जबकि कल यहां 10 ग्राम सोना 82115.0 रुपये की दर से बिका. पिछले हफ्ते 19 जनवरी को यहां 10 ग्राम सोने का भाव 81125.0 रुपये दर्ज किया गया.

**हैदराबाद-** हैदराबाद में आज 10 ग्राम सोना 82459.0 रुपये के भाव से बिक रहा है, जबकि कल यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 82129.0 रुपये थी. पिछले हफ्ते यहां सोने का भाव प्रति 10 ग्राम के हिसाब से 81139.0 रुपये था.

**विशाखापत्तनम-** विशाखापत्तनम में आज सोने का भाव प्रति 10 ग्राम 82467.0 रुपये है. कल यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 82137.0 रुपये थी, जबकि 19 जनवरी को यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 81147.0 रुपये दर्ज की गई.

**विजयवाड़ा-** विजयवाड़ा में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 82465.0 रुपये है, जबकि कल यहां सोना 82135.0 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से बिका. पिछले हफ्ते यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 81145.0 रुपये थी।

# निर्यात की अनुमति के बाद भी चीनी मिलों को ऑर्डर पाने में हो रही परेशानी, घरेलू बाजार में 10% बढ़े दाम



नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)। सरकार से चालू सत्र 2024-25 के लिए 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति मिलने के बाद भी भारतीयों व्यापारियों को ऑर्डर पाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

चार डीलरों ने कहा, भारतीय चीनी मिलें लंदन कीमतों से अधिक प्रीमियम मांग रही हैं, जिसे विदेशी खरीदार देने को तैयार नहीं हैं। भारत से चीनी निर्यात की गति भी घटकर तीन साल के निचले स्तर पर आ गई है। मुंबई के एक डीलर ने बताया, केंद्र से निर्यात की अनुमति मिलने के बाद से चीनी की स्थानीय कीमतें करीब 10 फीसदी बढ़ गई हैं। मिलें अब अपने 3.174 फीसदी के आवंटित कोटे के निर्यात के लिए वैश्विक कीमतों पर भारी प्रीमियम मांग रही हैं। डीलरों ने बताया, चीनी मिलों ने इस सप्ताह 20,000 टन सफेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 490 से 510 डॉलर प्रति टन के बीच किया गया है, जो बेंचमार्क लंदन वायदा से करीब 10-25 डॉलर प्रति टन अधिक है। दरअसल, चीनी मिलों को सितंबर, 2025 से पहले आवंटित कोटे का निर्यात करना है, इसलिए वे अनुबंध में जल्दबाजी नहीं दिखा रही हैं। इसके बजाय वे चीनी की वैश्विक कीमतें बढ़ने का इंतजार कर रही हैं। उत्तर प्रदेश ने आवंटित 2,74,184 टन के कोटे से करीब एक लाख टन चीनी निर्यात किया है।

# शेयर मार्केट में अगले हफ्ते दो नए आईपीओ की एंट्री लिस्टिंग में लगेगा सिक्स, क्या है ग्रे मार्केट में भाव?

नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)। साल 2025 का पहला महीना खत्म होने में एक हफ्ते का समय बचा है। इस महीने कई कंपनियों के आईपीओ आ चुके हैं। वहीं अगले हफ्ते भी दो कंपनियों के आईपीओ एंट्री मारने के लिए तैयार हैं। इनमें एक आईपीओ मेन बोर्ड से और दूसरा एसएमई सेगमेंट से हैं। वहीं अगले हफ्ते 6 आईपीओ की शेयर मार्केट में लिस्टिंग भी होगी। इसमें एक आईपीओ मेन बोर्ड से और 5 आईपीओ एसएमई सेगमेंट से हैं। अगले हफ्ते खुलने वाले आईपीओ में यह अकेला आईपीओ मेन बोर्ड से है। इसका इश्यू साइज 3027.26 करोड़ रुपये है। कंपनी 300 करोड़ रुपये 75 लाख नए शेयर जारी करेगी। वहीं ओएफएस के तहत 2,727.26 करोड़ रुपये के 6.78 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे।यह आईपीओ निवेश के लिए 29 जनवरी को खुलेगा और 31 जनवरी को बंद हो जाएगा। इसकी लिस्टिंग 5 फरवरी को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू एक रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड प्रति शेयर 382 से 402 रुपये के बीच है। एक लॉट में 35 शेयर हैं। इसके लिए 14,070 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक अधिकतम 14 लॉट खरीद सकता है। एसएमई बोर्ड से अगले हफ्ते खुलने वाला यह भी अकेला ही आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 25.92 करोड़ रुपये है। कंपनी 28.80 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। कोई भी शेयर ओएफएस के तहत जारी नहीं किया जाएगा। इस आईपीओ में 29 से 31 जनवरी के बीच बोली लगा सकेंगे। इसकी भी लिस्टिंग 5 फरवरी को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। प्राइस बैंड प्रति शेयर 85 से 90 रुपये के बीच है। एक लॉट में 1600 शेयर हैं।

# महिलाओं के खाते में सीधे नकद भेजने वाली योजनाओं की सूनामी राज्यों के लिए ठीक नहीं, सामने आया कारण

नई दिल्ली,25 जनवरी (एजेंसियां)। राज्यों की ओर से घोषित महिला केंद्रित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाओं (सीधे खाते में नकद भेजने वाली योजनाएं) की सुनामी उनकी वित्तीय स्थिति को नुकसान पहुंचा सकती है। भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं को खाते में सीधे नकद हस्तांतरित करने की योजनाओं का चलन हाल के वर्षों में, विशेष रूप से चुनावों के दौरान काफी बढ़ा है। रिपोर्ट में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि इस तरह की पहल राज्य के वित्त को बहुत हद तक प्रभावित कर सकती है।एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, कई राज्यों की ओर से महिलाओं को सीधे खाते में लाभ भेजने वाली योजनाओं की घोषणा उनके वित्तीय स्थिति को नुकसान पहुंचा सकती है। रिपोर्ट में कुछ राज्यों की ओर से की गई ऐसी घोषणाओं को विशुद्ध चुनावी राजनीति से प्रेरित बताया गया है और कहा गया है कि ऐसी योजनाओं की सुनाी चुनिंदा राज्यों के वित्त को नुकसान पहुंचा सकती है रिपोर्ट के नुसार आठ राज्यों में लागू की गई इन योजनाओं की कुल लागत बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है, यह राशि इन राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियों का 3 से11 प्रतिशत के बीच है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओडिशा जैसे कुछ राज्य अधिक गैर-कर राजस्व और ऋणों की कमी के कारण इन लागतों का वहन करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन कई राज्यों को इस मामले में राजकोषीय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट में कर्नाटक का उदाहरण देते हुए बताया गया है कि वहां की गृह लक्ष्मी योजना, जिसमें परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रति माह दी जाती है, के लिए 28,608 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह राशि राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों का 11 प्रतिशत है।रिपोर्ट में आगे पश्चिम बंगाल की भी चर्चा की गई है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल की लक्ष्मीर भंडार योजना, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये का एकमुश्त अनुदान देती है, की लागत 14,400 करोड़ रुपये या राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों का 6 प्रतिशत है। एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, ₹दिल्ली की मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना, जिसमें वयस्क महिलाओं (कुछ श्रेणियों को छोड़कर) को 1,000 रुपये प्रति माह देने का वादा किया गया है, पर करीब 2,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह राशि राजस्व प्राप्तियों का 3 प्रतिशत है। एसबीआई की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महिलाओं के खाते में सीधे नकद भेजने वाली योजनाओं का चलन बढ़ने से केंद्र पर भी ऐसी योजनाओं से जुड़ी नीतियों को अपनाने का दबाव बन सकता है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि केंद्र सरकार से राज्यों को मिलने वाले अनुदान से बनी एक सार्वभौमिक आय हस्तांतरण योजना, ऐसे वादों का अधिक टिकाऊ विकल्प हो सकती है।रिपोर्ट में तर्क दिया गया है कि ऐसा करने से बाजार को बाधित करने वाली सब्सिडी को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
नए और अलग अलग कार्य करने के अवसर आज आपके रास्ते में आएंगे । आज नए ग्राहक और विभिन परियोजनाए आपके पास आ सकती है और कुछ में तो इतनी संभावना होगी की वो आपकी सपनो की या महत्वपूर्ण परियोजना बन सकती है । इस अवसर का फायदा उठाने के लिए, आपको आज अतिरिक्त मेहनत करनी होगी, और आप इसे करते हुए आनंद को महसूस करेंगे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप व्यवसायी की तरह सोचेंगे और धन पर नियंत्रण रखेंगे । इसका परिणाम यह होगा की धन तो संचित होगा पर आपके परिवार के खर्चे बढ़ेंगे जिसका उत्तर आपको ढूढ़ना होगा । असुरक्षा की भावना की वजह से आप जरुरत के खर्चो पर भी लगाम लगाने की कोशिश कर सकते है । इस तरह की कृपणता की प्रवृत्ति से आपको बचना होगा क्यों की आपका धन प्रवाह सुचारू रहेगा ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपको अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है । आप हमेशा अपने धन को लेकर उत्तरदायी और जिम्मेदार रहे है पर ये समय अपने आप को थोड़ी खुशिया देने का समय है। आप अपने लिए कुछ उपहार ले सकते है जो की काफी हद तक आपको तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होगा । आप दुसरो का काफी ध्यान रखते है पर आज अपने लिए कुछ समय निकालकर अपने ऊपर कुछ खर्च करे।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपको अपने कार्य करने के लिए विशेष ध्यान देना होगा क्योकि आपके वरिष्ठ अधिकारी बारीकी से आपकी प्रगति को देखेंगे । वे आपके समर्पण भाव और मजबूत नेतृत्व के गुणों से प्रभावित होंगे । आज आपके थोड़े अधिक प्रयासों से आपके करियर को नयी गति मिल सकती है क्योकि आपके वरिष्ठ अधिकारी आपके इन गुणों को ध्यान में रखेंगे ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज का दिन आपके लिए काफी हद तक उत्तम रहेगा । कुछ मुश्किल कार्य जो की आपने समय पर छोड़ दिए थे उन्हें पूरा करने का भी ये उचित समय है । आज के दिन आप अपने सारे रुके हुए कार्य अपनी उम्मीद से ज्यादा पूरा कर पायेंगे और सारा काम का भोज आज खत्म हो सकता है। आज आप में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा जो आस पास के सहकर्मी को सकारात्मक रूप में प्रभावित करेगा ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपके कार्यस्थल पर तनाव का माहौल है। यह तनाव का माहौल आपकी वजह से नहीं बल्कि , व्यापार में कुछ भारी नुकसान की वजह से हो सकता है। अपने आप में नकारात्मक ऊर्जा न भरे बल्कि इसके बजाय नकारात्मक विचारों की इस लहर के घेरे में आ रहे हैं, उन सभी लोगो को प्रेरित करने का प्रयास करें। आपके खर्चो का प्रबंधन करने के लिए विभिन्न स्रोतों से आवश्यक धन की प्राप्ति होगी ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
कुछ परिवर्तन आपके कार्यस्थल में होने की संभावना है। वे पहली बार में हतोत्साहित लग सकते है, लेकिन जल्द ही वे आप के लिए नए अवसर को खोलेंगे , लेकिन इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आपको साहस और विश्वास की छलांग लगाने की आवश्यकता पड़ेगी । ये उद्यम आपको जोखिम भरा लग सकता है, लेकिन जो आप करोगे , उसमे आनंद आएगा और जल्द ही इस में सफल होने की उम्मीद भी रहेगी ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज का दिन कार्यस्थल पर कुछ हद तक उबाऊ होगा , लेकिन आपको अपने जरुरी कार्य की अपेक्षा नहीं करनी है । अपनी कागजी कार्रवाई को पूरा करने और सभी सरकारी आवश्यकताओं को पूरा करने में सावधान रहें। आज आप एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण गलती अपनी लापरवाही के कारण कर सकते है , इसलिए अगर आपका मन बाहर जाने का कर रहा है , तो सबसे पहले अपने कार्यालय के लंबित कार्यो को खत्म करे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपकी वित्तीय जरुरतो पर अनसोची व अप्रत्याशित मांगों की वजह से दिन परेशानी में रह सकता हैं। आपने अपने सभी बकाया राशि का भुगतान कर दिया है यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी बिलों और अन्य दायित्वों की जाँच करें । अनदेखी में निकट भविष्य में वह राशि बड़ी मात्रा में आपको परेशान कर सकती है । आपको कुछ पुराने कर्ज का भुगतान करना पड़ सकता है जिसे आप भूल चुके थे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपका भाग्य आपके वित्तीय उपक्रम को पूरा समर्थन दे रहा है एवं आपकी नौकरी भी काफी अच्छी है परन्तु आपको अपने धन पर ध्यान रखने की जरुरत है जैसे की हम सब जानते है की पैसे पेड पर नहीं उगते है। आपके अपव्यय करने की आदत से आपको अपने निकट के व्यक्तियों से आलोचना सुननी पड़ती है । ये समय उनके सुझावों को मानने का है और साथ ही साथ अपनी खर्चीली आदतो को कर्म करने का भी ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप समस्या पैदा नहीं करते , लेकिन आज आप अपने को घिरा हुआ पाएंगे । आप अपना आपा खो सकते है। आप अपने को शांत बनाए रखे और समस्याओं को एक एक करके निपटे । आपको देर तक अपने कार्यालय में कार्य करना पड़ सकता है । शाम तक की अपनी प्रतिबद्धताओं को रद्द कर दे । अपने कार्य को ढंग से समाप्त करने की और ध्यान लगाएं ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
अगर आपने हाल ही में कोई परीक्षा दी है , तो आपको सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकता है । आपको कड़ी मेहनत और समर्पण का फल मिलेगा । आप आज वित्तीय योजना के बारे मैं जानेंगे । निवेश करने से पहले , सही योजना पर अपने मित्रों और सहयोगियों से सलाह ले । प्रस्ताव आपके लिए अच्छा साबित हो सकता है । आपका दिन ऑफिस में अछा रहेगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# मंत्री इरफान अंसारी बोले- मैं कुंभ में स्नान करूंगा

## योगी में हिम्मत है तो रोककर दिखाएं झारखंड के सीएम से सीखें काम कैसे होता है



जामताड़ा, 25 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि 'मैं भी महाकुंभ मेले में स्नान करूंगा। योगी आदित्यनाथ में हिम्मत है तो रोककर दिखाएं। मैं कुंभ स्नान कर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को ये संदेश दूंगा कि धर्म के नाम पर राजनीति मत करो।' इरफान अंसारी जामताड़ा पहुंचे थे जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ये बयान दिया। उन्होंने आगे कहा कि 'मैं योगी से कहूंगा कि आइए झारखंड और देखिए कि यहां के मुख्यमंत्री कैसे काम कर रहे हैं। देखिए हमारी सरकार का काम। देखिए इरफान अंसारी का काम। मैंने डीसी को निर्देश दिया है अगर किसी गरीब के घर में बुलडोजर चलाए तो खैर नहीं। हमारे मुख्यमंत्री का भी यह कहना है कि अगर घर से हटाने की जरूरत पड़ रही है तो पहले उसकी व्यवस्था कर दिजिए।' इरफान अंसारी ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश के गरीब तबाह है। खून के आंसू गरीब रो रहे हैं। वो राजा कभी भी सफल नहीं हो सकता जो गरीब को उजाड़ दे। तानाशाह राजा का अंत देखिएगा बहुत बुरा होता है। मैं सीएम योगी से कहूंगा कि बंद करो ये नाटक। बंद करो लोगों को उजाड़ना।' मंत्री ने आगे कहा कि 'उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार आती है तो योगी आदित्यनाथ ने जितने घरों को उजाड़ा है, उन्हें हम बसाने का काम करेंगे। मैं उन गरीब के आंसू को नहीं देख सकता। खून-पसीने की कमाई से बनाए घर को तोड़ देना तकलीफदेह है। गरीब होना इस देश में या उत्तर प्रदेश में पाप नहीं है। उत्तर प्रदेश को इरफान अंसारी जैसा नेता नहीं मिला नहीं तो भाजपा की सरकार को उखाड़ दिया होता।' उन्होंने कहा कि 'हमें वोट नहीं दिया क्या उन्हें हम उजाड़ देंगे। हमें तो कहा जाता है कि आप सभी मंईयां-बहनों को सम्मान दे रहे हैं लेकिन कइयों ने हमें वोट नहीं दिया। हमारे सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वोट दिया न दिया, सम्मान तो हम लोग सब का करेंगे। यह सोच हमारी है और यह सोच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी करना चाहिए।'

# झारखंड में दो साल से अटका निकाय चुनाव

## निर्वाचन आयोग ने एचसी से कहा- जिस वोटर लिस्ट से विधानसभा चुनाव, उसी से निकाय चुनाव भी संभव

रांची, 25 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में लगभग दो साल अटके निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग ने अदालत को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से अप-टू-डेट मतदाता सूची नहीं मिली है। इससे चुनाव की तैयारियों में समस्या आ सकती है। इस पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची पेश की गई।

बताया गया कि यह लेटेस्ट वोटर लिस्ट नहीं है। लेकिन नवंबर में झारखंड में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर विधानसभा चुनाव हुआ था। इसलिए इस वोटर लिस्ट के आधार पर चुनाव कराया जा सकता है। जिसके बाद अदालत ने शपथ पत्र के माध्यम से यह बात बताने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में 7 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। अदालत में भारत निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता डॉ अशोक कुमार सिंह ने वोटर लिस्ट



देते हुए कहा कि जिस लिस्ट के आधार पर राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं वह लिस्ट 13 जनवरी को राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप दिए गए हैं। जिन राज्यों में इस लिस्ट के आधार पर चुनाव हुए हैं, उन राज्यों में 1 अप्रैल 2025 तक वोटरलिस्ट का कोई पुनरीक्षण नहीं होना है। इस लिहाज से 13 जनवरी को दी गई लिस्ट ही अपडेटेड लिस्ट है। निकाय चुनाव को लेकर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो और अरुण झा की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते बीते साल जनवरी में हाईकोर्ट ने तीन हफ्ते के भीतर चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी करने को कहा था। पर यह नहीं हो सका। इसके बाद अवमानना याचिका दायर की गई। जिस पर सुनवाई जारी है। सुनवाई के क्रम में हाईकोर्ट ने पूछा कि ऐसा क्यों नहीं किया जा सका है। पर जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, मेदिनीनगर और आदित्यपुर नगर निगम, गढ़वा, चतरा, मधुपुर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, मिहिजाम, चिरकुंडा, फुसरो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रामगढ़, चाईबासा और कपाली, नगर उंटारी, हुसैनाबाद, छतरपुर, लातेहार, डोमचांच, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, खूंटी, बुंडू और सरायकेला-खरसांवा में भी निकाय बोर्ड इसी साल भंग हो गया है। अभी इनकी व्यवस्था अफसर संभाल रहे हैं।

राज्य सरकार ने ओबीसी आयोग गठन कर पंचायत और निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने के लिए थ्री लेयर टेस्ट की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही थी। लेकिन झारखंड सरकार अब तक इसे पूरा नहीं कर सकी है। सरकार ने कहा था कि ओबीसी उम्मीदवारों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सर्वेक्षण कर आरक्षण देगी। ऐसा नहीं हो पाने की वजह से अब तक चुनाव नहीं हो सका।

# आग से केमिकल प्लांट खाक

## धमाके से थर्राए लोग, 5 किमी दूर से दिख रहा था धुएं का गुबार, 2 मजदूर घायल

रायपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर के तिल्दा नेवरा स्थित संजय केमिकल प्लांट में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। आग इतनी भयावह थी कि, 5 किलोमीटर दूर से ही धुएं का गुब्बार आसमान में दिख रहा था। आग के साथ भारी ब्लास्ट की आवाजें भी सुनाई दे रही थीं। जिससे आसपास के इलाके के लोग सहम गए थे। आग से प्लांट पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

इस हादसे में काम कर रहे 2 मजदूर आग की चपेट में आकर घायल हो गए हैं। जिनका इलाज जारी है। 3 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। यह पूरा मामला तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र का है।

घटना सुबह करीब साढ़े 7 बजे की है। प्लांट में मजदूर ड्यूटी पर आ रहे थे। इस दौरान वहां पर एक केमिकल से भरा हुआ टैंकर खाली हो रहा था। एक मजदूर उसे पाइप के सहारे ड्रम में डाल रहा था। इस दौरान वॉल्व के पास अचानक आग उठने लगी। जो तेजी से पूरे पाइप में फैल गई। इससे मजदूर का पैर और चेहरे का हिस्सा झुलस गया। रायपुर के निजी अस्पताल में घायल को भर्ती कराया गया है। इसके अलावा एक अन्य मजदूर को हल्की चोटें आई हैं। इस दौरान वहां पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। आग तेजी से प्लांट के भीतर फैल गई। तेज ज्वलनशील केमिकल फैक्ट्री में रखे होने की वजह से लपटें और धुएं की गुबार दूर तक दिखने लगी। वहां पर मौजूद अन्य टैंकर को आग से बचाया गया। लेकिन प्लांट का अधिकतर हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी समेत बड़े पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फौरन आसपास के इलाकों में अन्य फैक्ट्रियों में आग को फैलने से बचाने के लिए प्रयास शुरू किया। लेकिन बताया जा रहा है कि पड़ोस के ही एक रूई फैक्ट्री में आग की लपटें पहुंच गई।

# पुल से गिरी बोलेरो, ड्राइवर की मौत

## सड़क के टर्न में अनियंत्रित हुई गाड़ी एक ही परिवार के 2 लोग गंभीर

लातेहार, 25 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के लातेहार में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रेलवे स्टेशन रोड स्थित औरंगा नदी पुल के पास घटी है। जहां बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे गिर गई। हादसे में वाहन चालक योगेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब परिवार छिपादोहर के केड़ से शादी का पहनावा खरीदकर वापस लौट रहा था। पुल के पास मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी सीधे पुल से नीचे जा गिरी। वाहन में सवार शशिकांत भगत और संतोष उरांव को गंभीर चोटें आईं, जबकि अमित उरांव, रूपन कुमारी और विनोद भगत बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नदी से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ. सुदामा प्रसाद ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सभी पीड़ित लातेहार थाना क्षेत्र के पेशरार के निवासी हैं।

# महिला मरीज बोलीं-रायपुर एम्स के डॉक्टर ने किया बैड टच

## 2 जूनियर डॉक्टर्स ने भी कहा- चेस्ट पर लगाया हाथ, अश्लील बातें की

रायपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर एम्स के डॉक्टर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है। उन्होंने एक महिला मरीज, दो जूनियर डॉक्टरों की चेस्ट और शरीर के कई अंगों पर बैड टच किया है। पीड़ित महिलाओं ने एम्स में शिकायत दी। जिसमें एम्स की इंटरनल कमेटी की रिपोर्ट में उन्हें दोषी पाया गया है। लेकिन इसके बावजूद एम्स प्रबंधन ने कोई एक्शन नहीं लिया।

पीड़िता ने प्रबंधन को अपनी शिकायत में बताया कि, अर्थराइटिस नाम की बीमारी से पीड़ित है। जिसके इलाज के लिए वो जनवरी 2022 से एम्स के पीएमआर डिपार्टमेंट में इलाज करवा रही थी। तभी डॉ अमोल बी खडे एसोसिएट प्रोफेसर की ओपीडी में इलाज करवाने के लिए गई।

इस दौरान डॉक्टर अमोल ने उनके साथ गंदी हरकत की। आगे पीड़िता ने बताया कि, डॉक्टर ने गलत तरीके से सीने में हाथ लगाया। जिसके बाद उन्होंने पीएमआर डिपार्टमेंट में जाना बंद कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि, उनके साथ डॉक्टर ने इलाज के दौरान प्राइवेट बातचीत किया। फिर पारिवारिक बातों को जानकर उस पर कमेंट करने लगे। पीड़िता का कहना है कि डॉक्टर इस तरह की हरकत दूसरी महिलाओं के साथ न करें। उन्होंने इस मामले की 10 दिसंबर 2024 को शिकायत करते हुए एक्शन लेने मांग की। इस मामले में दो महिला डॉक्टरों ने भी डॉक्टर अमोल कडे के खिलाफ शिकायत दी है। यह शिकायत मई 2024 से सितंबर 2024 के आसपास की गई। पहली शिकायत में महिला डॉक्टर ने बताया कि, डॉ अमोल ने डिपार्टमेंट के अंदर उनका जबरदस्ती हाथ पकड़ा। फिर उनके सीने और कई गलत जगह टच किया। इस दौरान उसने अश्लील बातचीत करने की भी कोशिश की। इसके अलावा एक अन्य लेडी डॉक्टर से भी गंदी हरकत कर परेशान करने का आरोप है। उनका मेंटल और सेक्सुअल हैरेसमेंट किया गया। इस मामले में एम्स प्रबंधन ने 8 सदस्यों की इंटरनल कमेटी बनाई। इस कमेटी की 2 जांच रिपोर्ट में डॉ. अमोल बी खडे को दोषी पाया गया है। उन पर सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोप पर कमेटी ने एक्शन लेने की सिफारिश भी की है। इसके अलावा एक अन्य जांच में कमेटी ने पीड़िता को लीगल एक्शन लेने की सलाह दी है। हालांकि इस रिपोर्ट में उन्हें दोषी नहीं बताया है।

इस मामले में डॉक्टर अमोल से पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क किया गया। तो उन्होंने कहा कि मामले में अभी जांच जारी है। फिर उन्होंने मोबाइल की जगह लैंडलाइन से फोन करने की बात कहकर फोन काट दिया। इस मामले में एम्स के जनसंपर्क अधिकारी से भी संपर्क करने की कोशिश की गई।

# बॉयफ्रेंड से बिछड़ने के डर से गर्लफ्रेंड ने पिया हार्पिक, मौत

## एक महीने पहले घर से भाग गई थी सरपंच ने लिखवाया सुसाइड नोट

कोरबा, 25 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली में प्रेमी से बिछड़ने के डर से प्रेमिका ने टॉयलेट क्लीनर हार्पिक पीकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि, करीब एक महीने पहले दोनों घर से भाग गए थे। लेकिन कुछ दिन बाद ही वापस आ गए। इसी बीच युवती ने हार्पिक पी लिया। उसका करीब 25 दिनों तक मुंगेली में ही इलाज चला, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे कोरबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां 24 जनवरी को पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे पहले 22 दिसंबर 2024 को गांव के सरपंच और प्रेमी ने कोटवार की मौजूदगी में युवती से अपनी मर्जी से आत्महत्या करने सुसाइड नोट लिखवाया था। जानकारी के मुताबिक, मुंगेली के नगवा गांव की रहने वाली कीर्ति पात्रे (22) और ललित लहरे (26) के बीच प्रेम प्रसंग था। मृतिका के पिता महेतरा पात्रे ने बताया कि, उसकी बेटी पड़ोस में ही रहने वाले ललित लहरे के साथ दिसंबर 2024 में भाग गई थी। उसका कहीं पता नहीं चलने पर पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तीसरे दिन वो वापस आ गए।

लेकिन युवती ने प्रेमी से अलग होने के डर से घर के बाथरूम में रखा हार्पिक पी लिया। जानकारी लगते ही परिजन उसे आनन-फानन में मुंगेली अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कई दिनों तक इलाज चलता रहा। लेकिन सेहत में सुधार नहीं हुआ। फिर ललित उसे घर ले गया। उसके लौटते ही गांव में बैठक बुलाई गई। जिसमें युवती ने प्रेमी के साथ रहने की बात कही। उसकी जिद के आगे हार कर माता पिता भी घर लौट गए। वो ललित के घर रह रही थी। कुछ ही दिनों बाद उसकी तबीयत दोबारा बिगड़ गई। उसने अपने माता-पिता को बुलाने कहा। जिस पर वो घर पहुंचे और बेटी को कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए, तब तक देर हो चुकी थी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

मृतिका के पिता ने बताया कि, बेटी के बुलावे पर वे उसके घर गए थे। तब गांव के सरपंच रवि जायसवाल समेत कुछ लोग मौजूद थे। उन्होंने बीमार बेटी से हार्पिक पीने के बारे में पूछताछ की। वो जो बता रही थी, उसे उससे ही लिखवाया गया। जिसमें उसे कुछ भी होने पर खुद की जवाबदारी होने की बात का उल्लेख कराया गया।

जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजुर के अनुसार, मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर मृतिका के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। मर्ग डायरी मुंगेली के लालपुर थाने में भेजी जाएगी। फिलहाल, पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इससे संबंधित सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी।

# जिंदा है 50 लाख का इनामी नक्सली दामोदर

## नक्सली बोले-पुलिस ने फर्जी पर्चा फेंककर मारने का किया दावा, 8 साथी, 4 ग्रामीण ही मारे गए

जगदलपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। 16 जनवरी 2025 को पुजारी कांकेर मुठभेड़ को लेकर नक्सलियों के 2 प्रेस नोट जारी हुए है। पहले प्रेस नोट में कहा कि, इस मुठभेड़ में उनका लीडर दामोदर समेत उनके 18 साथी मारे गए हैं। 12 के शव पुलिस लेकर चली गई है, जबकि दामोदर समेत 6 के शव उनके पास हैं।

अब दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी की तरफ से आए प्रेस नोट में नक्सली प्रवक्ता समता ने कहा कि, उनका लीडर दामोदर जिंदा है। वह सुरक्षित है। पुलिस ने 12 लोगों को मारा है। इसमें उनके 8 साथी और 4 गांव वाले हैं। आरोप है कि पुलिस ने पहले नक्सल संगठन के नाम से फर्जी पर्चा जारी किया था।

दरअसल, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले की सरहद पर 16 जनवरी को पुजारी कांकेर में पुलिस और नक्सलियों की



मुठभेड़ हुई थी। तीनों जिले से करीब 2 हजार जवानों को ऑपरेशन पर निकाला गया था। 48 घंटे के इस ऑपरेशन के बाद पुलिस ने 12 डेडबॉडी रिकवर किया था। मौके से हथियार भी बरामद हुए थे। पुलिस ने इनकी पहचान की थी। इन पर 59 लाख रुपए का इनाम होना बताया था।

18 जनवरी की शाम नक्सलियों के दक्षिण बस्तर जोनल कमेटी के सचिव गंगा के नाम से एक प्रेस नोट आया था। जिसमें लिखा था कि, इस मुठभेड़ में एससीएम दामोदर दादा, पीपीसीएम हुंगी, देवे, जोगा, नरसिंहराव समेत कुल 18 साथी मारे गए हैं। मुठभेड़ के दौरान मारे गए लीडर दामोदर समेत 6 के शवों को नक्सल लड़ाके अपने साथ ले गए हैं।

आज 25 जनवरी को नक्सलियों की दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता समता की तरफ से भी एक प्रेस नोट जारी किया गया है। जिसमें दामोदर के जिंदा होने की बात लिखी हुई है। पुलिस पर आरोप लगाया है कि कुछ गांव वालों को पकड़कर ले गए हैं। जिन्हें बाद में या तो नक्सली बताकर सरेंडर करवा दिया जाएगा या फिर मार दिया जाएगा। नक्सलियों के पहले पर्चे के आधार पर बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा था कि, मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है। 12 बॉडी हमने रिकवर की है। नक्सलियों ने खुद कबूला है कि उनके 18 साथी मारे गए हैं। उनमें उनका लीडर दामोदर भी है। दामोदर उर्फ बड़े चोखा राव नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का सदस्य था।

दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा इन 3 जिलों की सरहद में सक्रिय था। ज्यादातर पामेड़ एरिया कमेटी में इसकी मौजूदगी की सूचना मिलती थी। ये अपने पास एके-47 और एसएलआर जैसे राइफल रखता था। इसकी सुरक्षा में करीब 8 से 10 गार्ड रहते थे।

# झारखंड ऊर्जा निगम घोटाला

## खुलासे से हिली सत्ता, 60 लाख कैश बरामद, अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी, 47.96 करोड़ फ्रीज

रांची, 25 जनवरी (एजेंसियां)। झारखण्ड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज मास्टर ट्रस्ट के वरीय प्रबंधक की ओर से करोड़ों के घोटाले की शिकायत पर सीआईडी में मामला दर्ज किया गया था। इस घोटाले के मामले में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी तहत एसआईटी टीम को एक बार फिर सफलता मिली है और एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही 60 लाख रुपए कैश भी बरामद किए गए हैं। वर्ष 2024 के 4 अक्टूबर को 56.5 करोड़ की निकासी अवैध तरीके से निकासी और धोखाधड़ी करने के शिकायत दर्ज कराई गई थी। सीआईडी थाना में कांड संख्या- 44/24 के तहत 19 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई की गई। मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# शव दफनाने को लेकर फिर बवाल

## आदिवासी बोले-गांव में देवी-देवता का वास दफनाने नहीं देंगे, विवाद के बाद मारपीट, 11 घायल

जगदलपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले में शव दफनाने को लेकर बवाल का सिलसिला जारी है। एक बार फिर शनिवार को बेलर गांव में भी 2 गुटों में जमकर मारपीट हुई। दरअसल, धर्मांतरित महिला की मौत के बाद उसे दफनाने को लेकर गांव के ही 2 गुट भिड़ गए। इस घटना में आदिवासी समुदाय के 10 से 11 लोग घायल हो गए हैं। वहीं पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है जिनमें 7 लोगों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भी भेज दिया गया है। फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। मारपीट का वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिस की मौजूदगी में ही मारपीट हो रही है, जवान बीच बचाव की कोशिश कर रहे हैं। अब भी पुलिस फोर्स मौके पर तैनात है। इधर, बस्तर पुलिस का दावा है कि स्थिति उनके कंट्रोल में है। पूरा मामला बड़ांजी थाना क्षेत्र का है।

जिले के दाबपाल गांव की रहने वाली धर्मांतरित महिला सुबरो पति बलि (40 साल) की किसी बीमारी की वजह से 3 दिन पहले मौत हो गई थी। इसके बाद परिजन उसके शव को पड़ोसी गांव बेलर में अपने निजी जमीन में दफनाना चाहते थे। वे शव लेकर गांव भी पहुंच गए थे। लेकिन, यहां आदिवासी समाज के सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई।

आदिवासी समाज के कुछ लोगों ने कहा कि, गांव में ग्राम देवी-देवता का वास है। किसी दूसरे धर्म के लोगों का शव दफनाने नहीं दिया जाएगा। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि मारपीट भी हो गई। ईसाई समुदाय के लोगों ने आदिवासी समाज के करीब 10 से 11 लोगों की पिटाई कर दी।

विवाद और मारपीट की सूचना पुलिस को मिली तो आनन-फानन में पुलिस फोर्स भी गांव पहुंची। गांव को छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया। पुलिस जवानों की तैनाती में भी मारपीट चलती रही। वहीं दोनों तरफ से इस बवाल में घायल हुए करीब 10 से 11 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कुल 21 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि, धर्मांतरित महिला का शव गांव में ही दफना दिया गया है। कहीं और हिंसक घटना न हो जाए इसलिए पुलिस फोर्स अब भी उस इलाके में मौजूद है।

# छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव, सचिन पायलट का दौरा टला

## आज आएंगे रायपुर, चुनाव समिति की होगी बैठक, प्रत्याशियों के नाम होंगे तय

रायपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नाम फाइनल करने 25 जनवरी को होने वाली चुनाव समिति की बैठक अब 26 जनवरी को होगी। दरअसल, कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट का दौरा टल गया है। इससे पहले चुनाव समिति की बैठक के लिए 25 जनवरी की तारीख तय की गई थी। इसी दिन पायलट का दौरा कार्यक्रम तय किया गया था।

लेकिन बैठक से एक दिन पहले ही कांग्रेस ने पायलट का दौरा स्थगित किए जाने का मैसेज जारी किया गया। साथ ही नया शेड्यूल भी जारी किया गया है। जिसके मुताबिक पायलट 26 जनवरी को शाम 5 बजकर 25 मिनट पर रायपुर पहुंचेंगे। हालांकि नए शेड्यूल में बैठक के समय को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन रायपुर पहुंचने के तुरंत बाद बैठक शुरू हो सकती है।

पार्टी ने ब्लॉक और जिला कांग्रेस के नेताओं से ज्यादातर सिंगल नाम भेजने को कहा था। निर्देशों के तहत सभी जिलों से समन्वय समिति ने ऑब्जर्वर्स के साथ मिलकर अपने संबंधित निकायों के मेयर और वार्ड पार्षद के दावेदारों के नाम पर रायशुमारी पूरी कर ली है। लेकिन इसमें सिंगल नाम काफी कम हैं। वार्डों में भी नामों का पैनल तैयार किया गया है।

इसके बावजूद पैनल में चयन का अधिकार प्रदेश चुनाव समिति का होगा। प्रभारी महासचिव सचिन पायलट की मौजूदगी में रायशुमारी के बाद अंतिम फैसला होगा। जानकारी के मुताबिक, प्रभारी नाम तय होने या विवाद की स्थिति में तत्काल आलाकमान से हरी झंडी भी ले लेंगे। इसके बाद प्रत्याशियों के नाम की घोषणा भी कर दी जाएगी।

# रांची में देर रात खूनी खेल

## जूनियर डॉक्टरों पर जानलेवा हमला

रांची, 25 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के जूनियर डॉक्टर और स्थानीय युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई है। सदर थाना क्षेत्र के टुनकी टोली में मारपीट की घटना हुई। इसके बाद जूनियर डॉक्टर की तरफ से सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। जूनियर डॉक्टर ने एफआईआर में कहा है कि वह 25 जनवरी की देर रात करीब 12 बजे अपने सहपाठी का बर्थडे पार्टी मनाने के लिए बगल के रेस्टोरेंट सीसीबी के लिए अपने हॉस्टल से निकले थे। जब वह न्यू ट्रामा सेंटर के सामने वाले रास्ते से कोकर की तरफ रेस्टोरेंट जा रहे थे।

# जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक में सीआईडी के हाथ खाली

## 5 मोबाइल के फॉरेंसिक जांच का हो रहा इंतजार रांची-धनबाद से मिले प्रूफ की जांच जारी

रांची, 25 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की झारखंड स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) की परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीआईडी के हाथ अब भी खाली हैं। अब तक की जांच में टीम को ऐसा कुछ नहीं मिल सका, जिससे यह कहा जाए कि पेपर लीक हुआ या नहीं।

अभी जांच टीम उन 5 मोबाइल के फॉरेंसिक टेस्ट रिपोर्ट की आस में बैठी हुई है, जिसे उम्मीदवारों ने उपलब्ध कराए हैं। जांच टीम ने पांच मोबाइल को फॉरेंसिक लैब (एफएसएल) में जांच के लिए भेज दिया है। इन्हीं पांचों मोबाइल में अभ्यर्थियों ने परीक्षा के पहले प्रश्नों के उत्तर अभ्यर्थियों को मिलने का साक्ष्य रिकॉर्ड कर दिया है। जांच कर रही टीम की प्रारंभिक जांच में उन अभ्यर्थियों से भी पूछताछ की गई है, जिन्होंने उक्त साक्ष्य को रिकॉर्ड कर सीआईडी को दिया है। सीआईडी अब तक किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। उसकी जांच अब फोरेंसिक रिपोर्ट पर टिकी है। सीआईडी को भरोसा है कि अगर पेपर लीक हुआ है तो उसके मास्टरमाइंड तक फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट से पहुंच सकते हैं। इस पूरे मामले की जांच के लिए सीआईडी ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की है।

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक मामले में शिकायत के बावजूद एफआईआर देर से होने के चलते एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने नामकुम-सदर थानेदार व जेओएफएस के दारोगा को शो-कॉज किया था। नामकुम के थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने जवाब दिया कि उन्हें 9 नवंबर 2024 को सीसीटीएनएस के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मिला था। उसी दिन सनहा दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी दारोगा जयदेव कुमार को दी गई थी।

वहीं, सीसीटीएनएस के कंप्यूटर ऑपरेटर को आवेदन देर से कारण पूछा गया, तो उसने बताया कि बीएसएनएल का इंटरनेट सही तरीके से काम नहीं कर रहा था और यूपीएस भी खराब था, जिसके चलते विलंब हुआ।

# बिहार के भागलपुर में किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जारी करेंगे पीएम मोदी



पटना, 25 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पटना में बिहार कृषि विभाग के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार दौरे पर आएंगे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित भागलपुर दौरे की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शिवराज सिंह चौहान ने बताया की कि पीएम मोदी के दौरे के दौरान किसान सम्मान निधि की अगली किस्त भी जारी की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस योजना से खासकर छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने इसे पीएम मोदी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने पिछले सात महीनों में देश में हुए तेज विकास की प्रशंसा की और इसका श्रेय पीएम मोदी के शासन को दिया। किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह किस्त बिहार के किसानों की वित्तीय और कृषि जरूरतों को पूरा करके उन्हें और अधिक सहायता प्रदान करेगी। शिवराज सिंह चौहान ने बिहार सरकार के प्रयासों की सराहना की और बिहार के कृषि विकास में सहयोग के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने बिहार के कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए अपना चौथा कृषि रोडमैप विकसित करने के लिए नीतीश सरकार की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली और मेहनती किसान बिहार में मखाना, मशरूम, शहद, लीची और केले जैसी विशेष फसलों में चमत्कारी काम कर रहे हैं। उन्होंने बिहार की विशेष फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मखाना की खेती में मशीनीकरण की योजना की घोषणा की, जो वर्तमान में मानव श्रम पर निर्भर है।

मशीनीकृत खेती इस क्षेत्र में दक्षता और उत्पादकता को काफी बढ़ा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बिहार में उत्कृष्टता केंद्र की मांग बढ़ रही है। केंद्र सरकार इस मांग की समीक्षा करेगी और कृषि अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए इसकी स्थापना का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार की उपजाऊ मिट्टी और मेहनती किसान ही मुख्य लाभ हैं जो राज्य को कृषि क्षमता में अग्रणी बनाते हैं। मैं बिहार के कृषि क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार से समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं।

## बिहार के 9 अफसरों को मिलेगा पुलिस मेडल

पटना, 25 जनवरी (एजेंसियां)। बेहतर काम करने के लिए देश भर के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए पुलिस पदक की घोषणा की गई है। बिहार के 2 अफसरों को विशिष्ट सेवा के लिए और 7 अफसरों और कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए मेडल देने की घोषणा हुई है। गणतंत्र दिवस के मौके पर बिहार पुलिस के नौ अफसरों को पदक मिला है। अपर पुलिस महानिदेशक केएस अनुपम और डीएसपी अनिल कुमार को विशिष्ट सेवा के लिए पदक दिया जाएगा। वहीं, कमांडेंट हरि मोहन शुक्ला, एसपी संजय कुमार, मनोज कुमार, सब-इंस्पेक्टर जय प्रकाश, सब-इंस्पेक्टर संजीत कुमार, सब-इंस्पेक्टर शशिकांत और एएसआइ अमितेश कुमार उपाध्याय को सराहनीय सेवा के लिए पदक मिलेगा।

# 'सनातन धर्म वट वृक्ष है, संकट आया तो'

*'बंटेंगे तो कटेंगे' के बाद सीएम योगी का एक और बड़ा बयान*



प्रयागराज, 25 जनवरी (एजेंसियां)। योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म को वटवृक्ष करार दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर तैयारियां का जायजा लिया। इसके बाद महाकुंभ में योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म को लेकर बड़ा बयान दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में एकता जरूरी है और भारत पर संकट आने का मतलब सनातन धर्म पर संकट आना है। उन्होंने कहा कि अगर संकट आ गया तो कई संप्रदाय सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति दुनिया में तलवार के दम पर नहीं बल्कि सद्भाव के उपदेश के जरिए पहुंची है। उन्होंने कहा कि चुनौतियां भी उतनी ही होती है जितना माहौल सकारात्मक होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी धर्म में दो चीजों पर ध्यान रखना होगा और सनातन धर्म एक वट वृक्ष है और इसकी तुलना झाड़ से मत करो। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में किसी भी संप्रदाय की उपासना विधि अलग हो सकती है, लेकिन धर्म केवल एक ही है और वह सनातन धर्म है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से एक संदेश देना है कि सनातन धर्म ही मानव धर्म है।

**योगी ने पीएम मोदी का किया जिक्र**

योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने भी यही संदेश दिया कि एकता से ही देश अखंड रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत सुरक्षित रहेगा तो हर धर्म और संप्रदाय सुरक्षित रहेगा, लेकिन अगर भारत पर संकट आएगा तो सनातन धर्म पर संकट आएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर सनातन धर्म के ऊपर संकट आएगा तो भारत में कोई भी संप्रदाय अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करेगा। इसलिए संकट न आने पाए, इसके लिए एकता का संदेश जरूरी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में अब तक 11 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान कर लिया है जबकि अगले 20-25 दिनों में संख्या 45 करोड़ तक पहुंच जाएगी।

# एनकाउंटर में 50 हजार का इनामी नईम ढेर

**एक साल की बच्ची समेत पांच लोगों का किया था कत्ल**



मेरठ, 25 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश को मार गिराया है। बदमाश नईम पर परिवार के पांच लोगों की हत्या करने वाला आरोप था। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना के समर गार्डन क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है। जानकारी के अनुसार, मेरठ पुलिस ने लिसाड़ी गेट थाना इलाके में पांच हत्या के आरोपी बदमाश नईम को मुठभेड़ में मार गिराया है। शनिवार को तड़के तीन बजे लिसाड़ी गेट थाना इलाके में यह मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने नईम पर 50,000 रुपये का इनाम रखा हुआ था। नईम ने अपने सौतेले भाई राजमिस्त्री मोईन, पत्नी आसमा और उनकी तीन बेटियों की हत्या का मुख्य आरोपी था। अन्य राज्यों में भी नईम पर हत्या के मुकदमे दर्ज थे।

लगातार मेरठ पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी बदमाश नईम समर गार्डन इलाके में दिखा है। इस पर पुलिस ने जाल बिछाया। जब पुलिस ने नईम को घेर लिया तो आरोपी नईम ने भागने का प्रयास किया। इस पर नईम ने पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। गोली लगने से नईम घायल हो गया। घायल को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने नईम को मृत घोषित कर दिया।

**मेरठ में दंपती और तीन बेटियों की हत्या**

मेरठ के लिसाड़ीगेट के सुहेल गार्डन में राजमिस्त्री मोईन उर्फ मोईनुद्दीन (52), उनकी पत्नी आसमा (45) और उनकी तीन बेटियां अफ्सा (8), अजीजा (4) और अदीबा (1) की पत्थर काटने वाली मशीन से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। 9 जनवरी को रात 8:30 बजे मोईनुद्दीन के दो भाई वहां पहुंचे तो अंदर का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई। बेड के पास मोईन और बेड के अंदर बॉक्स में उनकी पत्नी और तीनों बेटियों के रक्तरंजित शव मिले। जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए थे। एसएसपी विपिन ताड़ा के अनुसार, पांच लोगों की हत्या करने वाला नईम एक शातिर अपराधी था।

परिवार के पांच लोगों की हत्या के इस जघन्य मामले को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस ने नईम के पास से एक हथियार और कुछ अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# महाकुंभ में दुश्मन भी होंगे एक : संगम में डुबकी लगाने आ रहे 73 देशों के राजनयिक

**रूस-यूक्रेन के राजदूत भी आएंगे**



महाकुंभ नगर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ नगर में 73 देशों के राजनयिक संगम में डुबकी लगाएंगे। रूस और यूक्रेन के राजदूत भी इस ऐतिहासिक महाआयोजन में शामिल होंगे। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने पुष्टि की है कि राजनयिक एक फरवरी को आ रहे हैं।

आनंद ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भी लिखा है, जिसमें कहा गया है कि जापान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन, जर्मनी, नीदरलैंड, कैमरून, कनाडा, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, पोलैंड और बोलीविया सहित कई देशों के राजनयिक महाकुंभ में भाग लेंगे। खास बात यह होगी कि इस मौके पर रूस और यूक्रेन के राजदूत भी एक साथ डुबकी लगाएंगे। बता दें कि इन दोनों देशों के बीच लंबे समय से जंग जारी है। सामने आ रही जानकारी के मुताबिक ये सभी राजनयिक नाव से संगम नोज पहुंचेंगे और पवित्र संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके बाद वे अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के दर्शन करेंगे, जिसके बाद वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र में महाकुंभ के बारे में जानेंगे। विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के अधिकारी राजनयिकों के यात्रा की तैयारियों में जुट गया है।

## गाजियाबाद कोर्ट ने दिया एल्विश यादव पर एफआईआर का आदेश

गाजियाबाद, 25 जनवरी (एजेंसियां)। गाजियाबाद की कोर्ट ने नंदग्राम पुलिस को एल्विश यादव के खिलाफ एफआईआर आदेश दर्ज करने का आदेश दिया है। एल्विश पर सांप के विष की तस्करी मामले के शिकायतकर्ता और मुख्य गवाह को धमकाने का आरोप है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत जब नहीं सुनी तो उसने कोर्ट का सहारा लिया। अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या -3 गाजियाबाद की जज प्रतिभा ने यूट्यूबर एल्विश यादव और गैंग के खिलाफ थानाध्यक्ष नंदग्राम को मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम ने उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा से की मुलाकात

*कहा-बिहार ज्ञान की धरती है*



पटना, 25 जनवरी (एजेंसियां)। कल्कि धाम के पीठाधीश्वर एवं पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम बिहार के दौरे पर हैं। वह शनिवार को पटना में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के आवास पहुंचे और उनसे मुलाकात की। दोनों के बीच हुई मुलाकात के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिहार की धरती को नमन किया। उन्होंने कहा कि बिहार ज्ञान की धरती है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, बिहार की धरती ज्ञान की, मेधा की, थाती की, तपस्या की धरती है। बिहार की भूमि बहुत पावन है, हम उसको नमन करते हैं। मैं श्री कल्कि धाम से आया हूं। श्री कल्कि धाम दुनिया का ऐसा धाम है, जो भगवान के अवतार से पहले भगवान के अवतरण स्थल के रूप में स्थापित हो रहा है। श्री कल्कि धाम की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। 19 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। मैंने उप मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया है। मैं चाहूंगा कि विजय सिन्हा अपने हाथ से एक शिला श्री कल्कि धाम में स्थापित करने के लिए वहां पधारे। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस मुलाकात के बाद कहा कि आचार्य का मेरे आवास पर आना हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रंथों के अंदर वेदव्यास के रचित श्रीमद् भागवत और उसके अंदर कल्कि अवतार की चर्चा है।

आज उसे जमीन पर आचार्य प्रमोद कृष्णम के द्वारा उतारा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी भी उस स्थल पर गए हैं। उन्होंने कहा कि यह 21वीं सदी के बदलते भारत के विराट स्वरूप की एक शुरुआत है। निश्चित रूप से हम वहां जाएंगे और बदलते भारत के विराट स्वरूप का गवाह बनने का हमें भी मौका मिलेगा।

## कलेक्ट्रेट में किया आत्मदाह का प्रयास

आगरा, 25 जनवरी (एजेंसियां)। आगरा के कलेक्ट्रेट में शनिवार को एक बुजुर्ग ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। समय रहते पुलिस ने बुजुर्ग को हिरासत में ले लिया। बुजुर्ग का आरोप है कि भूमाफियाओं ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। विरोध पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने भी कोई सुनवाई नहीं की। थाना डौकी क्षेत्र के गांव नदौता निवासी 70 वर्षीय थान सिंह मजदूरी करते हैं। उनका आरोप है कि ताजगंज थाना क्षेत्र के कलाल खेरिया में उनका एक प्लॉट है। 2012 में उन्होंने बाउंड्रीवॉल कराकर गेट लगा दिया था।

# बांके बिहारी मंदिर को मिला एफसीआरए लाइसेंस



मथुरा, 25 जनवरी (एजेंसियां)। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत लाइसेंस दिया गया है, ताकि वह विदेशों से धन प्राप्त कर सकें। इस लाइसेंस के मिलने के बाद अब विदेशी भक्त मंदिर में खुलकर दान दे सकेंगे। मंदिर के संचालन के लिए कोर्ट द्वारा गठित प्रबंधन समिति ने इस लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट की मंजूरी के बाद इस आवेदन की प्रक्रिया पूरी की गई। मंदिर का प्रबंधन वर्तमान में न्यायालय द्वारा किया जाता है, जिसने एक प्रबंधन समिति गठित की है। सूत्रों ने बताया कि वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के तहत लाइसेंस दिया गया है।

वर्तमान प्रबंधन समिति ने एफसीआरए लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। मंदिर का प्रबंधन पहले पुजारियों के एक परिवार द्वारा किया जाता था और पहले यह निजी प्रबंधन के अधीन था। गृह मंत्रालय ने आवेदन और अदालत की मंजूरी के बाद पूरी प्रक्रिया कराई, जिसके बाद एफसीआरए के तहत विदेशी धन प्राप्त करने का लाइसेंस दिया है। सूत्रों ने बताया कि आवेदन के अनुसार, मंदिर को अपने खजाने में बहुत सारी विदेशी मुद्राएं प्राप्त हुईं और वह विदेशों से दान स्वीकार करने का भी इरादा रखते हैं। कानून के अनुसार, विदेशी योगदान प्राप्त करने वाले सभी गैर सरकारी संगठनों को एफसीआरए के तहत पंजीकृत होना पड़ता है।

## नौ माह के बच्चे को मां ने छत से नीचे फेंका

बलिया, 25 जनवरी (एजेंसियां)। कलयुगी मां ने नौ माह के बच्चे को छत से फेंक कर हत्या कर दी। आरोप है कि बड़ी बहन को फंसाने के लिए दुधमुंहे बच्चे को छत से फेंक दिया। नानी शोभा देवी ने बेटी पर नाती की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मां को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। सदर कोतवाली के कृष्णा नगर मोहल्ले में अंजू देवी (35) पत्नी गोलू गोड़ अपने मायका कृष्णा नगर में रहती है। उसकी बड़ी बहन मनीषा देवी पत्नी सुरेश गोंड भी रहती है। दोनों बहनों में अक्सर विवाद होता है।

आरोप है कि शनिवार की सुबह बहन से विवाद में अंजू ने अपने नौ माह के नवजात बच्चे को छत से फेंक दिया और बहन पर हत्या का आरोप लगाते हुए चिल्लाने लगी। घटना के समय पति गैस सिलेंडर बांटने गडवार गया हुआ था। अंजू की मां शोभा देवी ने पुलिस को फोन कर बेटी पर नौ माह के नाती की हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में ले लिया और बच्चे को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# झोपड़ी में रहने वाली महिला को बनाया तीन करोड़ की जमीन की मालकिन

**फिर लेखपाल ने किया खेल**

बरेली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। बरेली में जमीन कब्जाने के मामले में जेल भेजे गए निलंबित चकबंदी लेखपाल सावन कुमार के भूमाफिया गिरोह की करतूतें लगातार सामने आ रही हैं।

इस गिरोह ने शहर में कई जमीनें कब्जा रखी थीं। यह गिरोह विवादित जमीनों को अनुसूचित जाति की महिलाओं को आगे करके हड़प लेता था। इस गिरोह की सदस्य पीलीभीत के जहानाबाद थाने के गांव गोछ निवासी रेनू को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला झोपड़ी में रहती थी लेकिन गिरोह ने उसे कागजों में करोड़ों की जमीन का मालकिन बनाकर बैनामे कराए लिए। उससे करीब तीन करोड़ की जमीन के आठ बैनामा कराए गए और बदले में 15 हजार रुपये ही दिए गए। उसके नाम से विवादित जमीनों की खरीद फरोख्त की जाती थी। उसने भी यह स्वीकार किया है कि उसके पास कोई भी जमीन नहीं है। अब पुलिस को आरोपी ट्रांसपोर्टर और उसके मैनेजर की तलाश है।

**लेखपाल के गिरोह में रसूखदारों की फौज**

निलंबित चकबंदी लेखपाल सावन कुमार के गिरोह में रसूखदारों की फौज शामिल है। आरोपी लेखपाल और उसके साथी को जेल भेजा जा चुका है। उसके गिरोह में बड़े ट्रांसपोर्टरों से लेकर प्रॉपर्टी डीलर तक शामिल हैं। उसको फाइनेंसरों का साथ मिला तो उसने जमीन पर कब्जे के लिए पैंतरों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। सावन का दिमाग और फाइनेंसरों का रुपया लगा तो शहर में बेशकीमती जमीन पर कब्जे शुरू हो गए।

सावन के गिरोह में फाइनेंसर के तौर पर अंकिश त्रिपाठी, अक्षित सिंह और विजय अग्रवाल जैसे लोग शामिल हैं। रजिस्ट्री दफ्तर से लेकर न्यायालय तक को गुमराह कर आदेश लेने का काम सावन करवाता था। ऐसे कामों में फाइनेंसर रुपये लगाते थे। ट्रांसपोर्टर व पेट्रोल पंप समेत कई प्रतिष्ठानों का मालिक बताया जा रहा विजय अग्रवाल भी लेखपाल गिरोह के मुकदमों में नामजद होने के बाद से लापता हो गया है।

## कार-ट्रक के बीच भिड़ंत, चार की मौत

शाहजहांपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी के शाहजहांपुर जिले के अल्हागंज क्षेत्र में शनिवार को भीषण हादसा हो गया। ट्रक ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी। इससे कार सवार छह में से चार युवकों की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के क्षेत्राधिकारी अमित कुमार चौरसिया ने बताया कि जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्हागंज क्षेत्र के पास एक कंटेनर और कार के भिड़ंत हो गई। कार सवार चार लोगों की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि ट्रक ने स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मारी। कार में छह युवक सवार थे। घटना एपी गुजरात ढाबा ग्राम कटीयुली के समीप जलालाबाद में घटी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।

# हॉस्टल में अचानक लगी भीषण आग, 50 विद्यार्थियों की अटक गईं थी सांसें



पटना, 25 जनवरी (एजेंसियां)। पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित किदवई पुरी के श्री कृष्णा नगर में मौजूद पॉल्स बॉयज होस्टल एंड पीजी में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय होस्टल में करीब 50 विद्यार्थी मौजूद थे। हालांकि, समय पर की गई कार्रवाई की बदौलत किसी तरह जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

**पानी गर्म करते समय हुआ शॉर्ट सर्किट**


जानकारी के मुताबिक, होस्टल में एक छात्र पानी गर्म कर रहा था। उसी दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और होस्टल के विभिन्न हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही होस्टल में मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। सभी छात्र जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, होस्टल प्रशासन और स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

**पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर तैनात**

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक मशीन का भी इस्तेमाल किया गया। दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण हादसे में गनीमत रही कि कोई भी छात्र घायल नहीं हुआ। हालांकि, हॉस्टल का एक हिस्सा आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई और छात्रों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।

## हाथरस हत्याकांड में बड़ा खुलासा भतीजे ने दुबई से दी सुपारी

हाथरस, 25 जनवरी (एजेंसियां)। हाथरस सदर कोतवाली इलाके की आशीर्वाद धाम कॉलोनी में मासूम बच्चियों के दोहरे हत्याकांड में बृहस्पतिवार रात बड़ा खुलासा हुआ है। मुठभेड़ में गिरफ्तार घायल दोनों आरोपियों ने पूरी साजिश स्वीकारी और बताया कि लकवाग्रस्त (पैरालाइज्ड) प्रवक्ता को परिवार सहित खत्म करने की सुपारी उन्हें दुबई में बैठे प्रवक्ता के सगे भतीजे ने दी, जिसकी नीयत उनकी संपत्ति पर थी। वह प्रवक्ता की पत्नी के जाग जाने के चलते बेटियों की ही हत्या कर पाए, इसके बाद भाग गए। फतेहपुर के जहानाबाद क्षेत्र के गांव किशनपुर कपसिया निवासी छोटेलाल गौतम हाथरस के चंदपा क्षेत्र के गांव मीतई स्थित जवाहर स्मारक इंटर कॉलेज में भूगोल के प्रवक्ता के पद पर तैनात हैं। वह आगरा रोड स्थित आशीर्वाद धाम कॉलोनी में मकान बनाकर रहते हैं।



## पंचायतों के बाद अब नई जिला परिषदों के गठन की कवायद भी शुरू, मुख्यमंत्री ने जारी किए आदेश



जयपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई जिला परिषदों के गठन एवं प्रभावित जिला परिषदों के पुनर्गठन से संबंधित कार्रवाई के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के तहत संबंधित जिलों (8 नए जिले एवं 12 प्रभावित जिले) के जिला कलेक्टर, पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन एवं पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। साथ ही इससे प्रभावित पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के नवसृजन एवं पुनर्गठन के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे।

कलेक्टरों द्वारा इन प्रस्तावों को सार्वजनिक अवलोकन के लिए प्रसारित कर 1 माह में आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद संबंधित प्रस्तावों को राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इन प्रस्तावों के परीक्षण एवं अनुमोदन पश्चात नवगठित/पुनर्गठित जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले एवं 3 नवीन संभाग बनाने का निर्णय लिया, लेकिन नवसृजित जिलों में नई जिला परिषदों का गठन नहीं किया। हाल ही में राज्य सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में जिलों का पुनर्निर्धारण किया। पुनर्निर्धारण के बाद यथावत रखे गए 8 नए जिलों में राज्य सरकार ने नई जिला परिषदों के गठन का निर्णय लिया है।

## विष्णु गुप्ता की गाड़ी पर फायरिंग के पीछे किसका हाथ?

### पहले भी मिल चुकी है धमकी

अजमेर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह में हिंदू मंदिर होने का दावा करने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता पर शनिवार सुबह अजमेर से लौटने के दौरान गगवाना पुलिया के पास कुछ लोगो ने फायरिंग कर दी। बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनकी कार पर ताबड़तोड फायरिंग की। कोर्ट में याचिका दाखिल करने बाद विष्णु गुप्ता को लगातार धमकी मिल रही थी। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि बदमाशों ने याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता को धमकाने के लिए फायरिंग की गई होगी।

इस घटना को लेकर अजमेर एसपी वंदिता राणा ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर 4 टीमें गठित की है। गगवाना से निकलने वाले सभी रास्तों पर नाकाबंदी लगा दी गई है। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। साथ ही एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है।

फायरिंग की घटना के बाद विष्णु गुप्ता ने कहा कि वे दरगाह केस में सुनवाई के चलते अजमेर आए थे। वे रात को अजमेर की ही एक होटल में रुके थे। सुबह करीब पौने छह बजे वे कार से दिल्ली के लिए निकले थे। कार उनका ड्राइवर चला रहा था। उन्होंने कहा कि गगवाना पुलिया के पास अज्ञात बाइक सवार उनके पीछे लग गए। उन्होंने कार पर फायर कर दिया। इसके बाद



उन्होंने ड्राइवर को तेजी से गाड़ी आगे बढ़ाने के लिए कहा।

**'गोलियों से डरने वाला नहीं हूं'- विष्णु गुप्ता**

उन्होंने आगे कहा कि मैं इन धमकियों और गोलियों से डरने वाला नहीं हूं। हमें महादेव ने भेजा है, दरगाह की सच्चाई सामने लाकर ही रहेंगे। कुछ लोग सोच रहे हैं कि गोली चलाकर हमें अजमेर आने से रोक लेंगे, यह उनकी गलतफहमी है। मैं इस केस को जिम्मेदारी और मजबूती से लड़ूंगा।

उन्होंने कहा कि दो अज्ञात हमलावरों ने मुझे निशाना बनाया था, लेकिन गोली कार के निचले हिस्से में लगी है। यह मेरे ऊपर जानलेवा हमला है।

गौरतलब है कि विष्णु गुप्ता ने हाल ही में जान का खतरा बताते हुए दिल्ली के बाराखंबा थाने में पुलिस शिकायत भी दर्ज की थी। अजमेर दरगाह में हिंदू मंदिर को लेकर सुनवाई के दौरान जज के चैंबर में खतरा होने की आशंका जताते हुए जिला जज मनमोहन चंदेल को एक शिकायत पत्र सौंप कर सुनवाई के दौरान चेंबर में अनावश्यक प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही मुकदमे से संबंधित अधिवक्ताओं और व्यक्ति ही उपस्थित रहे यह उनके द्वारा मांग की गई।

## 'पेपर लीक में गिरफ्तारी से डरी कांग्रेस ने बीजेपी के साथ मिलकर लड़ा उपचुनाव': हनुमान बेनीवाल

जयपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव में आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन दिया है। इस दौरान बेनीवाल ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात भी की। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। बेनीवाल फिलहाल आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए गए है।

उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राजस्थान उपचुनाव में कांग्रेस ने अभी राजस्थान में बीजेपी से हाथ मिलाकर उपचुनाव लड़ा। कांग्रेस के कुछ नेता पेपर लीक में फंसे थे, बीजेपी ने कहा गिरफ्तार करेंगे। कांग्रेस ने कहा, आप जो कहोगे वो करेंगे। कांग्रेस ने 7 में से 5 सीट भाजपा को जितवा दी। कांग्रेस 4000-4000 वोट लेकर सरेंडर हो गई।'



**'गठबंधन के नेतृत्व से हटाए राहुल गांधी को'**

हनुमान बेनीवाल ने कहा कि 'राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के जो सलाहकार हैं, वह उनसे मिलने नहीं देते हैं। मुझे लगता है कि सही बात उन तक पहुंचाई नहीं जाती है और सलाहकारों ने कांग्रेस को हाईजैक कर लिया है। इंडिया गठबंधन का भविष्य बर्बाद हो गया है और हम लोग मजबूरी में गठबंधन में शामिल हुए थे, क्योंकि पीएम मोदी को हराना था। मगर उसका हमें कोई लाभ नहीं हुआ।

इंडिया गठबंधन का नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं और उनको हटाना चाहिए। मैं चुनाव के बाद कई नेताओं से मुलाकात कर बताऊंगा कि राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन को बर्बाद किया है।'

**'कांग्रेस क्षेत्रीय दलों को खत्म करना चाहती है'**

कांग्रेस पर बरसते हुए बेनीवाल ने कहा कि 'कांग्रेस तो भाजपा के साथ मिली हुई है इसलिए सपा, टीएमसी समेत इंडिया गठबंधन के कई दलों ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया है।

अगर कांग्रेस के यही हालात रहे तो इंडिया गठबंधन में नेतृत्व को बदलने के मांग उठेगी। कांग्रेस ने दिल्ली में भाजपा से सुपारी ली है कि आम आदमी पार्टी को कैसे हराना है।

कांग्रेस एक भी सीट दिल्ली में नहीं जीत रही है, क्योंकि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों को खत्म करना चाहती है, राजस्थान का उदाहरण सबके सामने है।'

## कोटा में सुसाइड को लेकर प्रियंका गांधी बोलीं

### 'बच्चों की आत्महत्या डरावनी, इस माहौल का गहराई से अध्ययन हो'

जयपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। देशभर में कोचिंग हब के रूप में प्रसिद्ध कोटा में छात्रों की आत्महत्या का सिलसिसा थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते बुधवार को भी दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इस साल के शुरुआती 25 दिनों में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या 6 तक पहुंच गई है। सुसाइड करने 6 में से 5 स्टूडेंट जेईई की तैयारी कर रहे थे। ये आंकड़े सामाजिक तौर पर हम सभी के लिए डरावने और परेशान करने वाले हैं।

इधर, छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामले को लेकर कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी



ने भी चिंता जताते हुए इसे अत्यंत डरावना और हृदयविदारक बताया है। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने चिंता जाहिर की और अपने सोशल हैंडल एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि, "कोटा, राजस्थान में एक ही दिन में दो बच्चों के आत्महत्या का समाचार अत्यंत डरावना और हृदयविदारक है। यहां तीन हफ्ते के अंदर 5 छात्रों ने आत्महत्या की है, ये बहुत चिंताजनक है।"

प्रियंका गांधी ने कहा कि यह समय शिक्षा के संस्थानों, अभिभावकों और सरकारों को मिलकर सोचने और आत्मनिरीक्षण करने का है कि ऐसा क्यों हो रहा है? क्या हमारे बच्चों पर इतना दबाव पड़ रहा है कि वे झेल नहीं पा रहे हैं या समूचा वातावरण उनके अनुकूल नहीं है? सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। बच्चों के मनोविज्ञान, शिक्षा के तौर-तरीकों और माहौल को लेकर गहराई से अध्ययन हों और जरूरी सुधार की पहल की जाए।

## शिक्षामंत्री का नाम सुनते ही सीबीईओ ने काटा फोन

### भड़क उठे मदन दिलावर; दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

जयपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बस्सी के निकटवर्ती रामरतनपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान अजीब वाकया सामने आया। निरीक्षण के दौरान जब शिक्षा मंत्री ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन ही काट दिया। इस पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उच्चाधिकारियों को इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

दरअसल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर के बस्सी में स्कूलों का निरीक्षण करने गए थे। जब शिक्षा मंत्री बस्सी ब्लॉक में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल रामरतनपुरा पहुंचे तो वहां सफाई व्यवस्था को देखकर भड़क गए। स्कूल में अव्यवस्थाएं देखकर स्कूल स्टाफ को जमकर फटकार लगाई।



**सीबीईओ बोला- गलत नंबर और काट दिया फोन**

इसके बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्कूल की प्रिंसिपल सरोज यादव से कहा कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से बात कराए। जब प्रिंसिपल ने सीबीईओ लल्लूराम मीणा को फोन किया और शिक्षा मंत्री के आने के स्कूल में सूचना दी तो सीबीईओ ने गलत नंबर बताते हुए फोन काट दिया।

**सीबीईओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश**

इस पर शिक्षा मंत्री बुरी तरह भड़क गए और कई फोन किया। लेकिन, सीबीईओ ने दोबारा फोन ही नहीं उठाया। इस पर शिक्षा मंत्री ने नाराजगी जाहिर की और इस मामले में सीबीईओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## मादक पदार्थों की तस्करी समेत जुआ खेलने के आरोप में छह आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही है पूछताछ

सिरोही, 25 जनवरी (एजेंसियां)। आबूरोड शहर पुलिस थाना के नवनियुक्त थानाधिकारी हरचंद देवासी की अगुवाई में पुलिस ने एक आवासीय मकान में जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दांव पर लगाई गई 90 हजार 200 रुपए की नकदी जब्त की गई है। इस मामले में तीन मोटर साइकिलों को भी डिटेन किया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने केसरगंज क्षेत्र स्थित एक मकान पर दबिश दी, जहां कैलाश



कुमार, यासिन शाह, फिरदौस उर्फ गुगु और आरीफ कुरैशी ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने पूरी जगह को घेरकर तलाशी ली और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया है।

**पिंडवाड़ा में बड़ी तस्करी का खुलासा**

इधर जिले के पिंडवाड़ा थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत की अगुवाई में पुलिस और डीएसटी टीम ने मालेरा तिराहा हाईवे रोड पर संयुक्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक कार से 44.4 किलो डोडा पोस्त जब्त किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों की पहचान देवाराम जाट और महावीर जाट के रूप में हुई है। जब्त किए गए डोडा पोस्त की कीमत 6.60 लाख रुपए बताई गई है। यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर पुलिस की लगातार चल रही मुहिम का हिस्सा है।

## सरकारी स्कूल में जमकर हंगामा व तोड़फोड़

### युवक पर फावड़े से हमला, बचाने गई भाभी को लगा करंट

दौसा, 25 जनवरी (एजेंसियां)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढंड में क्रिकेट किट देने की बात को लेकर युवक व दो शिक्षकों के बीच हुई कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट व तोड़फोड़ हो गई। झगड़े में एक युवक, महिला व शिक्षक घायल हो गए।

सलेमपुर थाना क्षेत्र के ढंड स्कूल में युवक तोताराम उर्फ सुरेंद्र की अध्यापक लहरी एवं विजय से हुई कहासुनी के बाद हंगामा हो गया। कथित रूप से फावड़े से हमला कर मारपीट की गई।




जिससे युवक सहित एक शिक्षक घायल हो गया। घायल युवक की भाभी बीच-बचाव करने स्कूल पहुंची। कमरे में बंद शिक्षक का गेट खुलवाने का प्रयास किया तो करंट लगने से महिला भी बेहोश हो गई।

इसके बाद ग्रामीणों ने लाठी से जमकर तोड़फोड़ की। स्कूल में खड़ी शिक्षक की कार के शीशे सहित अन्य सामान तोड़ दिए। महुवा थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार, सलेमपुर प्रभारी एवं बालाहेडी थानाधिकारी भगवान सहाय पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर मामले को शांत कराया और शिक्षकों को पुलिस सुरक्षा के बीच बाहर निकाला। घायल तोताराम सहित अन्य को बड़ागांव सीएचसी में भर्ती कराया। युवक के सिर में चार टांके आए हैं।

**एक-दूसरे पर लगाए आरोप**

ग्रामीणों ने बताया कि एक दिन पूर्व विधायक ने युवकों को क्रिकेट किट देने की बात कही थी। युवक क्रिकेट किट लाने के लिए किसी अन्य विद्यालय में जा रहा था और इस विद्यालय से दो छात्रों को अपने साथ ले जाने के लिए वहां गया था। तभी यह विवाद हो गया था। इधर मामले को लेकर शिक्षक ने भी उक्त युवक पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाया हर। दूसरी ओर ग्रामीणों ने भी शिक्षक पर विद्यालय में शराब पीकर आने व सिगरेट पीने का आरोप लगाया है। देर शाम तक थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

## लौटकर आई सर्दी, फतेहपुर में पारा 1 डिग्री के पास पहुंचा, आगे और गिरावट की चेतावनी

जयपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। प्रदेश में एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार सुबह 2 बजे के न्यूनतम तापमान के आंकड़ों की बात करें तो फतेहपुर में पारा 1.8 डिग्री के पास पहुंच गया है, वहीं सीकर में 3 डिग्री दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों में ही प्रदेश के कई शहरों में पारा तेजी से गिर गया है।

हालांकि मौसम विभाग की तरफ से आज प्रदेश में बारिश और कोहरे की कोई चेतावनी नहीं है लेकिन ठंड का प्रभाव बढ़ता महसूस हो रहा है। हालांकि बीते कुछ दिनों से प्रदेश के कई शहरों में तापमान बढ़ रहा था। ज्यादातर शहरों में पिछले दो-तीन दिन से तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज हो रहा था।

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद तापमान में गिरावट आती है। फिलहाल मौसम में आया बदलाव इसी वजह से है।

बीते 24 घंटों में प्रदेश के तापमान की बात करें तो जालौर में सर्वाधिक तापमान 26.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं निम्नतम न्यूनतम तापमान फतेहपुर का रहा। यहां शनिवार सुबह 2 बजे पारा 1.8 डिग्री दर्ज किया गया। सीकर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर रहा।

जोधपुर में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री व न्यूनतम 10.3 डिग्री, अजमेर में अधिकतम तापमान 24.5 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा।

जयपुर में अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। अलवर में अधिकतम तापमान 21.6 व न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री रहा। इसी तरह डूंगरपुर में अधिकतम तापमान 25.6 व न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री रहा।

## एसीबी की कार्रवाई, डिस्कॉम टेक्नीशियन 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जोधपुर, 25 जनवरी (एजेंसियां)। जोधपुर एसीबी की ग्रामीण टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए डिस्कॉम के टेक्नीशियन प्रथम (लाइनमैन) को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सहायक अभियंता विद्युत विभाग सेखाला डिस्कॉम में कार्यरत खेमचंद ने परिवादी को शीट फाड़ने की धमकी दी थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी



जोधपुर ग्रामीण इकाई में परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। परिवारी ने बताया कि बिजली कनेक्शन पर केतूकला के विद्युत विभाग के टेक्नीशियन ने एक लाख रुपए की शीट फाड़ने की धमकी दी थी। इसके एवज में उसने परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

इसके बाद उप महानिरीक्षक हरेंद्र महावर के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। टीम ने शनिवार को ट्रेप की कार्रवाई करते हुए खेमचंद को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि आरोपी खेमचंद ने शिकायत के सत्यापन के दौरान परिवादी से तीन हजार रुपए रिश्वत के रूप में वसूल किए थे। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि जनवरी महीने में ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पाल रोड पर पासपोर्ट कार्यालय के पास 50 हजार रुपए रिश्वत लेने पर पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर के झंवर थानाधिकारी मूलाराम चौधरी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

## नोटों को डबल करने के लालच में फंसा कर ठग लेते असली जमा पूंजी

हनुमानगढ़, 25 जनवरी (एजेंसियां)। नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने के गिरोह के दो सदस्यों को जंक्शन पुलिस ने गुरुवार शाम दबोचा। आरोपियों के कब्जे से चिल्ड्रन बैंक के करीब 11 लाख रुपए के नकली नोट तथा 2200 रुपए के असली नोट बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ धारा-318(4), 61(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सउनि कालूराम को जांच सौंपी गई है। आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी ठगी के कई प्रकरण दर्ज



हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार एसपी अरशद अली को सूचना मिली थी कि हनुमानगढ़ में एक ठग गिरोह सक्रिय है। वे लोगों को नोट दोगुना करने का झांसा देकर उनसे ठगी करते हैं। डीएसटी ने निरंतर निगरानी करते हुए सूचना का सत्यापन कर ठग गिरोह के सदस्य आरोपी गुरजंट सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ जंटा सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी फतेहपुर पीएस संगरिया तथा लखवीर सिंह उर्फ लखविन्द्र सिंह उर्फ लखा पुत्र जगराज सिंह निवासी चक ज्वालासिंहवाला को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चिल्ड्रन बैंक नकली नोट कुल 10 लाख 75 हजार रुपए के बरामद किए गए। इनमें 100-100 रुपए के 950 नोट व 500-500 रुपए के 1960 नकली नोट थे।

पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों से सम्पर्क कर उनको अपनी बातों में लेकर नोट दुगना करने का झांसा देते। वीडियो के जरिए नोटों की गड्डी दिखाते। पहली बार में सैम्पल के रूप में असली नोट देकर कहते है कि यह नोट हमारी प्रिंटर मशीन से बनाया हुआ है। कस्टमर को सैम्पल नोट पर विश्वास हो जाता। इसके बाद वे कस्टमर को मिलने बुलाते और नकली नोटों की गड्डियां बनाकर उपर-नीचे असली नोट लगाकर ठगी करते।

# तेलंगाना सरकार आज चार योजनाएं शुरू करेगी : भट्टी



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तेलंगाना राज्य भर में आधिकारिक तौर पर चार नई योजनाएं शुरू कर रही है। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि ये पहल रैतु भरोसा, इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा, इंदिराम्मा मकान और राशन कार्ड से संबंधित होंगी और पूरे राज्य में लागू की जाएंगी। बंजारा हिल्स स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद शनिवार को सचिवालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि इन चार योजनाओं का कार्यान्वयन प्रत्येक मंडल के एक गांव में होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण लाभार्थियों की पहचान की प्रक्रिया मार्च तक निरंतर जारी रहेगी। भट्टी ने पुष्टि की कि लाभार्थियों के चयन के लिए ग्राम सभाएं बुलाई गई हैं और पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी व्यक्तियों को कल्याण कार्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रैतू भरोसा को कृषि योग्य भूमि के प्रत्येक एकड़ के लिए बढ़ाया जाएगा, जबकि इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा उन लोगों के लिए लागू किया जाएगा जिन्होंने राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत 20 दिनों तक भाग लिया है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की कि गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के बाद, जो सुबह 11:30 बजे तक चलेगा, दोपहर 1 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच एक गांव में आधिकारिक तौर पर चार कल्याणकारी पहल शुरू की जाएंगी। शुरू किए जाने वाले कार्यक्रम- रैतू भरोसा, इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा, राशन कार्ड और इंदिराम्मा घर- नामित गांव में पूरी तरह से लागू किए जाएंगे। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि राशन कार्ड को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इन कार्डों को जारी करना एक सतत प्रक्रिया है, और ये सभी पात्र व्यक्तियों को प्रदान किए जाएंगे।

मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि राज्य की वित्तीय चुनौतियों के मद्देनजर, सरकार अपनी पूर्व प्रतिबद्धता के अनुसार, ईमानदारी के साथ चार कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रशासन सार्वजनिक मंचों पर पारदर्शी तरीके से मुद्दों को संबोधित करने का आदी है, जिससे सूचित निर्णय लेने में सुविधा होती है, जिसका प्रमाण ग्राम सभाओं के आयोजन और नागरिकों से आवेदन मांगने से मिलता है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि कुछ राजनीतिक दल जानबूझकर ग्राम सभा की बैठकों के दौरान सरकार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की साजिश कर रहे हैं।

## उत्तम ने खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम की घोषणा की

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की कि उनकी सरकार अब तक का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम शुरू करने जा रही है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक के बाद शनिवार को डॉ.बी.आर. अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय में उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और मंत्रियों पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी तथा तुम्मला नागेश्वर राव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने राज्य की 70-73 प्रतिशत से अधिक आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा और आर्थिक उत्थान सुनिश्चित करने के अपने उद्देश्य पर जोर दिया। सरकार रविवार को चार प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं शुरू करेगी। रैतु भरोसा (किसानों के लिए वित्तीय सहायता), इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा (भूमिहीन कृषि श्रमिकों के लिए सहायता), इंदिराम्मा आवास (जरूरतमंदों के लिए आवास) और राशन कार्ड जारी करना। उन्होंने कहा, 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शुरू की जा रही ये योजनाएं डॉ.बी.आर. अंबेडकर के सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण के प्रति कांग्रेस सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। औपचारिक शुभारंभ रविवार को होगा, जिसमें प्रत्येक मंडल के एक चयनित गांव में दोपहर 1 बजे से 2.30 बजे के बीच कार्यक्रम होंगे, गणतंत्र दिवस समारोह के बाद जो सुबह 11.30 बजे समाप्त होगा। चयनित गांवों में रयथु भरोसा, इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा, इंदिराम्मा आवास और राशन कार्ड जारी करने का काम संतृप्ति बिंदु तक लागू किया जाएगा। कार्यक्रम के अद्वितीय दायरे पर प्रकाश डालते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, स्वतंत्र भारत में पहली बार, कोई राज्य इस तरह की व्यापक खाद्य सुरक्षा पहल को लागू कर रहा है। यह हमारे लोगों की बुनियादी जरूरतों को संबोधित करते हुए हमारे संविधान में निहित मूल्यों का जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने आगे दावा किया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला उदाहरण है, जहां इतनी सारी कल्याणकारी योजनाएं एक साथ और इतने बड़े पैमाने पर लागू की जा रही हैं। योजनाएं शुरू में सभी मंडलों के चुनिंदा गांवों को लक्षित करेंगी, और फरवरी में पूरी तरह से लागू करने की योजना है। लाभार्थियों की पहचान मार्च तक जारी रहेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए। राशन कार्ड जारी करने में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया जाएगा, जिसमें उन सभी आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण, प्रजा पालना, प्रजा वाणी या मी सेवा केंद्रों के माध्यम से पंजीकरण कराया है।

## मंत्री ने मानवीयता का परिचय दिया



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन व पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा ने एक बार फिर मानवता का परिचय दिया। हनमाकोंडा वारंगल में एक आधिकारिक कार्यक्रम से मंत्री आ रही थी। तभी जक्कलोड्डी क्रॉस रोड (उर्सू गुट्टा) पर एक दुर्घटना हुई थी। मंत्री ने काफिले को तुरंत रोक दिया गया। मंत्री ने पुलिस वाहन से घायल व्यक्तियों को एमजीएम अस्पताल भेजा। मंत्री ने एमजीएम अधीक्षक को फोन पर उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराने का आदेश दिया गया।

# अवैध किडनी प्रत्यारोपण रैकेट का भंडाफोड़

### हैदराबाद में 9 लोग गिरफ्तार



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर सरूरनगर के डॉक्टर्स कॉलोनी में स्थित अलकनंदा अस्पताल के प्रबंधन द्वारा संचालित एक अवैध किडनी प्रत्यारोपण रैकेट का भंडाफोड़ किया है और नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में डॉ. सिद्दामशेट्टी अविनाश, जनरल सर्जन, डॉ. गुंटुपल्ली सुमंत, अलकनंदा अस्पताल के प्रबंध निदेशक, पोन्नुस्वामी प्रदीप और सूरज मिश्रा, दोनों मध्यस्थ और नरसागनी गोपी, रामावथ रवि, सपावथ रविंदर, सपावथ हरीश और पोडिला साई शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि डॉ. अविनाश ने चीन में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और महाराष्ट्र के पुणे में सर्जरी में डिप्लोमा किया। बाद में उन्होंने पुणे के एक अस्पताल में काम किया। 2022 में उन्होंने और उनके सहयोगियों ने सैदाबाद के मदन्नापेट रोड पर स्थित जननी अस्पताल का अधिग्रहण किया। आर्थिक तंगी के कारण वे अस्पताल चलाने में असमर्थ हो गए और इसे बेचने पर विचार करने लगे। इसी दौरान विशाखापट्टनम निवासी लक्ष्मण नामक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और अस्पताल में अवैध किडनी प्रत्यारोपण (केटीपी) करने का प्रस्ताव रखा।

राचकोंडा के पुलिस आयुक्त जी सुधीर बाबू ने कहा कि लक्ष्मण ने डॉ. अविनाश को आश्वासन दिया कि उन्हें हर सर्जरी के लिए 2.5 लाख रुपये दिए जाएंगे और वे डॉक्टरों, सहायकों, दाताओं और प्राप्तकर्ताओं की व्यवस्था संभालेंगे। डॉ. अविनाश को केवल ऑपरेशन थियेटर और ऑपरेशन के बाद की देखभाल प्रदान करने की आवश्यकता थी।

प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए अविनाश ने जननी अस्पताल में सर्जरी की सुविधा प्रदान की। अप्रैल 2023 से जून 2024 तक, अवैध किडनी प्रत्यारोपण किए गए, जिसमें अविनाश को प्रत्येक सर्जरी के लिए 2.5 लाख रुपये मिले। बाद में उन्हें पता चला कि विशाखापट्टनम निवासी पवन उर्फ लियोन नामक व्यक्ति और मुख्य आयोजक, विशाखापट्टनम के अपने सहायक पूर्णा उर्फ अभिषेक के साथ ऑपरेशन का प्रबंधन करता था।

## हाई कोर्ट के चार अतिरिक्त न्यायाधीशों ने शपथ ली



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाई कोर्ट के चार नवनियुक्त अतिरिक्त न्यायाधीशों ने आज शपथ ली।

न्यायमूर्ति रेणुका यारा, न्यायमूर्ति नंदीकोंडा नरसिंहराव, न्यायमूर्ति ई. तिरुमलादेवी और न्यायमूर्ति बी.आर. मधुसूदन राव को हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजय पॉल ने पद की शपथ दिलाई। इससे पहले, रेणुका यारा सिटी सिविल कोर्ट, नंदीकोंडा की मुख्य न्यायाधीश थीं, नरसिंहराव सिटी स्मॉल कॉजेज कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, ई. तिरुमलादेवी हाई कोर्ट की रजिस्ट्रार जनरल और सतर्कता रजिस्ट्रार थीं और बी.आर. मधुसूदन राव हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार (प्रशासन) थे।

वर्तमान में तेलंगाना उच्च न्यायालय में 26 न्यायाधीश कार्यरत हैं, जबकि यहां 42 न्यायाधीश होने चाहिए। चार न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही अब न्यायाधीशों की संख्या 30 हो गई है।

## तेलंगाना की निवेश में तेजी लाने के लिए समर्पित डेस्क की शुरूआत की

ज्यूरिख/हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने आज इन्वेस्ट तेलंगाना में एक समर्पित व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) डेस्क की शुरूआत करके अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक कूटनीति में महत्वपूर्ण प्रगति की, जिससे राज्य को यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों के साथ एक ऐतिहासिक निवेश अवसर का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया जा सके। मार्च 2024 में भारत और ईएफटीए देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के बीच हस्ताक्षरित ऐतिहासिक टीईपीए के बाद, राज्य एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनने के लिए तैयार है।

इस समझौते में अगले 15 वर्षों में लगभग ए100 बिलियन के निवेश का वादा किया गया है, जिसमें 1 मिलियन नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। ज्यूरिख इनोवेशन पार्क में एक विशेष निवेश कार्यक्रम के दौरान, मंत्री श्रीधर बाबू ने तेलंगाना के मजबूत आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र और अंतर्राष्ट्रीय निवेशों का स्वागत करने की इसकी तत्परता पर प्रकाश डाला।

## नागोबा जातरा की व्यवस्था में तेजी लाएं अफसर : कलेक्टर

आदिलाबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कलेक्टर राजर्षि शाह ने नागोबा जातरा के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने खानपुर विधायक वेदमा बोज्जू और आईटीडीए-उटनूर परियोजना अधिकारी खुशबू गुप्ता के साथ शुक्रवार को इंदरवेल्ली मंडल के केसलापुर गांव में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

शाह ने अधिकारियों से मंदिर के आसपास विभिन्न स्थानों पर की जा रही व्यवस्थाओं में तेजी लाने को कहा। उन्होंने आगंतुकों के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, परिवहन सुविधा और सुरक्षा उपाय जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को मेले के दौरान पशु बलि, प्लास्टिक और शराब के उपयोग से बचने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे खाद्य संदूषण को रोकने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने टीजीआरटीसी के अधिकारियों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आदिलाबाद से केसलापुर तक पर्याप्त बसें चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि बसों पर मेले के पोस्टर लगाए जाने चाहिए।

# एससीआर/आरपीएफ के दो कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक





हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे सुरक्षा बल, एससीआर के दो कार्मिकों, श्रीनिवास राव डोन्थागनी, निरीक्षक/विशेष खुफिया शाखा/सिकंदराबाद और रविचंद्रन पुत्तुर, सहायक उप-निरीक्षक/प्रशिक्षण केंद्र- मौला-अली को 76वें गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। डोन्थागनी श्रीनिवास राव वर्तमान में सिकंदराबाद डिवीजन में विशेष खुफिया शाखा के निरीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने वास्तविक समय में खुफिया जानकारी एकत्र करने में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है, जिससे बड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से टाला जा सका है। उल्लेखनीय रूप से, 2010 में, उन्होंने कडप्पा में 3 लाख रुपये मूल्य की दो महत्वपूर्ण चोरी के मामलों का पता लगाया, एक गुटबाजी वाले क्षेत्र में राजनीतिक नेताओं को गिरफ्तार किया और रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित किया। विजयवाड़ा और गुंटूर के डिटेक्टिव विंग के प्रमुख के रूप में, उन्होंने 2021 में 23 लाख रुपये की उच्च मूल्य की रेल चोरी के मामले को सफलतापूर्वक हल किया, आठ अपराधियों और दो रिसीवरों के एक अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ा। 'ह्यूमिंट' और 'टेचिनट' का लाभ उठाते हुए, उन्होंने 100 दलालों को पकड़ लिया, 5000 रेलवे टिकट जब्त किए और 2022 में रिकॉर्ड समय में 89 लाख रुपये की चोरी की नकदी बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गोदावरी और कृष्णा नदियों के पुष्करम के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए उनकी रणनीतिक सुरक्षा योजना ने रेलवे और राज्य दोनों से प्रशंसा अर्जित की। उनकी तकनीकी कुशलता के कारण 75 टीओपीबी (यात्री सामान की चोरी) और तीन ड्रगिंग मामलों का पता चला और 1 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई। उन्होंने कांस्टेबल और सहायक कर्मचारियों की शीघ्र भर्ती के लिए समितियों की सहायता भी की है। उनकी ईमानदारी, परिश्रम और व्यावसायिकता अनुकरणीय है। पी. रविचंद्रन, वर्तमान में सहायक उप-निरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र, मौला-अली के रूप में कार्यरत हैं, उन्होंने वर्ष 2000 में आरपीएफ में कांस्टेबल और आगे चालक ग्रेड-III के रूप में अपना कैरियर शुरू किया। जब से वे बल में शामिल हुए हैं, उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति बहुत समर्पण और समर्पण दिखाया है। अपने करियर की शुरूआत से ही, उन्होंने ड्राइविंग के क्षेत्र में अनुकरणीय कौशल का प्रदर्शन किया है। वह एक मेहनती, समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ चालक हैं। उन्होंने आरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र, मौला-अली में आधिकारिक वाहनों को अद्यतन रखने में ईमानदारी से प्रयास किए किसी भी दिए गए कार्य में उनकी समयबद्ध कार्रवाई उत्कृष्ट है। ड्राइविंग के उनके ज्ञान ने उन्हें इस प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं के लिए एक उत्कृष्ट प्रशिक्षक बना दिया। उनमें समस्याओं का पहले से ही पता लगाने, परिस्थितियों से कूटनीतिक तरीके से निपटने और चुनौतियों का सामना करने के दुर्लभ गुण हैं, खासकर वीवीआईपी मूवमेंट और विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा परेड के निरीक्षण के दौरान। वर्ष 2022 में, उन्हें महानिदेशक प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## तिलक की फिफ्टी से भारत ने जीता दूसरा टी-20

### इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराया ब्रायडन कार्स को 3 विकेट



चेन्नई, 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में रोमांचक मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। दूसरे टी-20 में इंग्लैंड ने 166 रन का टारगेट दिया था। भारत ने 146 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन तिलक वर्मा की नॉटआउट फिफ्टी से टीम ने 4 गेंद बाकी रहते मुकाबला जीत लिया।

तिलक ने 55 गेंद पर 72 रन की पारी खेली। वॉशिंगटन सुंदर ने 26 रन बनाए। इंग्लैंड से ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट लिए। दूसरा टी-20 जीतकर भारत ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तीसरा मैच राजकोट में 28 जनवरी को खेला जाएगा।

## गलत रूट ने ले ली जान

कुमरमभीम आसिफाबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जल्दबाजी में गलत रास्ता अपनाने के कारण एक दोपहिया वाहन सवार की जान चली गई। तेज गति से आ रही कार की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना शनिवार दोपहर को आसिफाबाद जिला केंद्र में वन चेक पोस्ट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। आसिफाबाद सीआई रविंदर के अनुसार, कागजनगर मंडल के वंजारी नंदीगुड़ा निवासी गुरले मोंडेया और उसके पीछे बैठा मंटेना प्रभाकर आसिफाबाद जिला मुख्यालय स्थित वन चौकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक पर गलत रास्ते से जा रहे थे। शनिवार दोपहर बुरुगुडा से वानकीडी की ओर तेज गति से जा रहे पोरेड्डी प्रेम कुमार ने वन चेक पोस्ट पर गलत दिशा से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप, बाइक चला रहे मोंडेया को गंभीर चोटें आईं, उनका बायां पैर टूट गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मृत्यु हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत आसिफाबाद सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# दिव्यांग छात्रों के हुनर ने मन मोहा



सिकंदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बाइसन आशा स्कूल ने दिव्यांग छात्रों के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। 11 स्कूलों के 150 से अधिक छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। समारोह की शुरूआत सभी छात्रों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता से हुई, जिसमें दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष ओलंपिक और अन्य छात्रों के लिए एथलेटिक्स शामिल थे।

बाइसन आशा स्कूल परिसर में मुख्य अतिथि श्रीमती सुदीप्ता झा, अध्यक्ष बाइसन आशा स्कूल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई। इस दिन बाइसन आशा स्कूल, बाइसन आर्मी प्री-प्राइमरी स्कूल और सिकंदराबाद पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा गया, जिसमें देशभक्ति गीतों और नृत्यों के माध्यम से छात्रों की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

बिसन आशा स्कूल की अध्यक्ष श्रीमती सुदीप्ता झा ने कहा, छात्रों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और उत्साह हमें लचीलापन और आशा के सच्चे अर्थ की याद दिलाता है। उन्होंने बच्चों की क्षमताओं को सशक्त बनाने और उनका पोषण करने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

सिकंदराबाद पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ने कहा, भारी प्रतिक्रिया से पता चलता है कि हमारे समुदाय में इस तरह के समावेशी आयोजनों की वास्तव में आवश्यकता है। हम इसे सिकंदराबाद पब्लिक स्कूल के लिए एक वार्षिक आयोजन बनाना चाहते हैं। अभिभावकों ने अपने बच्चों के सामाजिक विकास पर इस आयोजन के सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण, सभी छात्रों को उपहार बैग और भाग लेने वाले सभी स्कूलों को स्मृति चिन्ह वितरित करने के साथ हुआ।

बिसन आशा स्कूल की कर्मचारी श्रीमती स्वाति ने छात्रों, अभिभावकों, कर्मचारियों और मेहमानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया।

## कृषि अधिकारी संघ ने रैतू आयोग से मुलाकात की

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कृषि अधिकारियों के संघ ने रैतु आयोग से मुलाकात की। तेलंगाना कृषि अधिकारियों के संघ ने रैतू आयोग को किसानों और कृषि कर्मचारियों की समस्याएं बताईं। अधिकारियों ने कहा कि कर्जमाफी और 500 रुपये बोनस से किसान खुश हैं। जिन अधिकारियों ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण के तहत कृषि उपकरण और उपकरण भी दिए जाएं तो अच्छा होगा, आयोग के अध्यक्ष कोदंडा रेड्डी ने कहा कि जल्द ही सरकार 26 करोड़ के साथ उन कृषि उपकरणों को देने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कृषि और किसान कल्याण आयोग के अध्यक्ष कोदंडा रेड्डी, सदस्य केवीएन, भवानी रेड्डी, गाडुगु गंगाधर, रामुलु नाइक, चेविटी वेंकन्ना यादव, कृषि अधिकारियों ने तेलंगाना कृषि अधिकारी संघ की कृषि डायरी -2025 का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना कृषि अधिकारी संघ के नेता भी मौजूद थे।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा जामबाग मंडल ने सरकारी हाई स्कूल कुंटा रोड तोपखाना में छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस आयोजन में पार्षद जामबाग राकेश जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। श्रीमती शशिकला प्रिंसिपल, सुधीर कुमार, मयूर, काजल, रामकृष्ण, संदीप, भारत स्कूल स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### 'संविधान हमारी सामूहिक ...

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना द्वारा रोजगार और आमदनी के अवसर उत्पन्न करके अनुसूचित जातियों के लोगों की गरीबी को तेजी से कम किया जा रहा है। सरकार ने वित्त के क्षेत्र में जिस तरह से प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है, वह एक मिसाल है। भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने का निर्णय सर्वाधिक उल्लेखनीय है।

### वाईएसआरसीपी नेता ...

उन्होंने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी धन्यवाद दिया और कहा कि दोनों नेताओं ने नौ वर्षों तक संसद में उन्हें भरपूर मौके दिए, जिससे तेलुगू भाषी राज्य में उनकी पहचान बनी। अपनी भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए कहा कि वे अब खेती पर अपना ध्यान लगाएंगे।

### पद्म पुरस्कारों का ...

और कोलीन गैंटजर, नगालैंड के फल किसान एल हैंगथिंग, पुडुचेरी के वाद्य यंत्र थविल वादक पी दत्ताचनामूर्ति को पद्म श्री मिलेगा। इनके अलावा भजन भेरू सिंह चौहान, उपन्यासकार जगदीश जोशीला भी पद्म श्री पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं।

विदेश से शेखा ए जे अल सबा (कुवैत), जोनास मैसेट (ब्राजील), एमपी, उत्तराखंड, बिहार से 2-2, दिल्ली से एक को पुरस्कार।

एल हैंगथिंग (नागालैंड), जुमदे योमगम गैमलिन (अरुणाचल प्रदेश), जोयनाचरण बाथरी (असम), नरेन गुरुंग (सिक्किम), विलास डांगरे (महाराष्ट्र), डॉ. नीरजा भाटला (दिल्ली), निर्मला देवी (बिहार), भीम सिंह भावेश (बिहार), जगदीश जोशीला (मध्य प्रदेश), भेरू सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), ह्यू गैंटजर (उत्तराखंड), कोलीन गैंटज़र (उत्तराखंड), राधा बहिन भट्ट (उत्तराखंड), सुरेश सोनी (गुजरात)

पंडीराम मंडावी (छत्तीसगढ़), हरिमन शर्मा (हिमाचल प्रदेश), हरविंदर सिंह (हरियाणा), वेंकप्पा अम्बाजी सुगतेकर (कर्नाटक), पी दत्चानमूर्ति (पुडुचेरी), लीबिया लोबो सरदेसाई (गोवा), गोकुल चंद्र दास (पश्चिम बंगाल)।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# टीम इंडिया का ये सितारा चैंपियंस ट्रॉफी में क्यों नहीं?

## हरभजन ने सिलेक्शन पर उठाए सवाल

मुंबई, 25 जनवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को पिछले हफ्ते चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम में नहीं चुना गया था। सिलेक्टर्स ने टीम में विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत और केएल राहुल पर भरोसा जताया। सैमसन ने वनडे फॉर्मेट में 56 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें नहीं चुना गया। बड़े टूर्नामेंट के लिए एक बार फिर से उनकी अनदेखी पर हरभजन ने सिलेक्टर्स को जमकर लताड़ लगाई है।

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने संजू सैमसन को नजरअंदाज किए जाने पर हैरानी जताते हुए कहा, 'सच में, मुझे उनके लिए बुरा लग रहा है। वह रन बनाते हैं लेकिन फिर भी उन्हें बाहर कर दिया जाता है। मुझे पता है कि टीम में केवल 15 खिलाड़ी






ही चुने जा सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उनकी बल्लेबाजी इस फॉर्मेट के लिए एकदम परफेक्ट है। उनका औसत 55-56 का है, लेकिन फिर भी वह दूसरे विकेटकीपर के रूप में भी टीम में नहीं हैं। जब उनके सिलेक्शन की बात आती है तो लोग पूछते हैं कि किसकी जगह? लेकिन जगह बनाई जा सकती है।'

**चहल को शामिल ना करने पर भी भड़के हरभजन**

हरभजन ने ना सिर्फ सैमसन बल्कि युजवेंद्र चहल की अनदेखी को लेकर भी अपना राय रखी और कहा कि सिलेक्टर्स को उन्हें टीम में शामिल करने पर विचार करना चाहिए था। हरभजन ने कहा, 'संजू टीम में नहीं है। युजवेंद्र चहल भी टीम में नहीं है। आपने चार स्पिनर चुने हैं, उनमें से दो बाएं हाथ के हैं। आप विविधता के लिए एक लेग स्पिनर भी शामिल कर सकते थे। चहल एक शानदार गेंदबाज हैं। मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या गलत किया कि वह इस टीम में फिट नहीं बैठते।'

**यशस्वी करेंगे ओपनिंग- हरभजन**

हरभजन का मानना है कि यशस्वी जायसवाल चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम के लिए ओपनिंग करते नजर आएंगे। जायसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पहली बार भारत की वनडे टीम में जगह मिली है। हालांकि शुभमन गिल को भारत का उप-कप्तान बनाए जाने की वजह से इस बात की संभावना कम ही है। हरभजन ने कहा, 'मुझे लगा कि यशस्वी ओपनिंग करेंगे, लेकिन अब मुझे ऐसा नहीं लगता। शुभमन गिल उप-कप्तान हैं, इसलिए वह ओपनिंग करते नजर आएंगे। यशस्वी तीसरे या चौथे नंबर पर भी बल्लेबाजी नहीं करेंगे, क्योंकि विराट कोहली और श्रेयस अय्यर इन पोजीशन पर खेलेंगे होंगे।'

# 38 साल के गेंदबाज नोमान अली ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

## ऐसा करने वाला बना पहला पाकिस्तानी स्पिनर

इस्लामाबाद, 25 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला मुल्तान में खेला जा रहा है. शनिवार 25 जनवरी को शुरू हुए इस मैच में 38 साल के नोमान अली ने अपनी घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर कहर बरपा दिया. मैच के पहले ही दिन उन्होंने हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया है. टेस्ट में ये कारनामा करने वाले वो पहले पाकिस्तानी स्पिनर हैं. वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था. लेकिन नोमान की घूमती हुई गेंदों का उसके बल्लेबाजों के पास कोई भी जवाब नहीं था. नतीजा ये हुआ कि वो 54 रन स्कोर पर ही 8 विकेट गंवा दिए. नोमान अली पिछले कुछ समय में कप्तान शान मसूद के लिए ट्रंप कार्ड बनकर उभरे हैं. इसलिए शान ने मुल्तान टेस्ट के पहले दिन 8वें ओवर में ही उन्हें गेंद थमा दिया. इसके बाद नोमान ने अपनी स्पिन




गेंदबाजी का जादू दिखाया और अपने दूसरे ओवर में ही विकेट चटका दिया. इसके बाद वो पारी के 12वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और एक के बाद एक लगातार 3 विकेट झटककर इतिहास रच दिया. उन्होंने ओवर की पहली तीन गेंदों पर जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच और केविन सिनक्लेयर को आउट करके अपना हैट्रिक पूरा किया. टेस्ट में ये कारनामा करने वाले वो पाकिस्तान के पहले स्पिनर हैं. नोमान अली पाकिस्तान के लिए टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले पांचवें गेंदबाज हैं. इससे पहले वसीम अकरम, अब्दुल रज्जाक, मोहम्मद समी, और नसीम शाह ये कारनामा कर चुके हैं. हालांकि, ये सभी तेज गेंदबाज नहीं थे. नोमान ने इंग्लैंड सीरीज से ही कहर बरपाया हुआ है. ये सिलसिला उन्होंने मौजूदा सीरीज में भी जारी रखा है. पहले टेस्ट में भी उन्होंने 5 विकेट चटकाए थे. अब दूसरे मैच में वो 8 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट हासिल कर चुके हैं और वेस्टइंडीज के बैटिंग लाइन अप की कमर तोड़ दी है. पाकिस्तान की टीम ने स्पिन के तौर पर टेस्ट में जीत का नया फॉर्मूल पा लिया है. इसी का इस्तेमाल उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ भी किया. इस पाकिस्तानी फॉर्मूले के सामने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने सरेंडर कर दिया. कप्तान शान मसूद ने टर्निंग ट्रैक पर पहले ही ओवर से स्पिन से अटैक शुरू कर दिया. उन्होंने ऑफ स्पिनर साजिद खान से पारी की शुरुआत करवाई.

हालांकि, पहली सफलता काशिफ अली ने दिलाई. लेकिन इसके बाद स्पिनरों ने कोहराम मचा दिया. साजिद खान ने 2 विकेट, नोमान अली ने 3 और लेग स्पिनर अबरार अहमद ने 1 विकेट हासिल किया. इस तरह से पाकिस्तान ने 54 के स्कोर पर ही वेस्टइंडीज के 8 बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया. खबर लिखे जाने तक वेस्टइंडीज की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए थे.

# दक्षिण अफ्रीका 20- सनराइजर्स ईस्टर्न केप की लगातार चौथी जीत

## जोबर्ग सुपर किंग्स को 14 रन से हराया; पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंची टीम

खेल डेस्क,, 25 जनवरी (एजेंसियां)। डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दक्षिण अफ्रीका 20 के तीसरे सीजन के 19वें मैच में जोबर्ग सुपर किंग्स को 14 रन से हरा दिया। टीम की यह लगातार चौथी जीत है। वहीं, सुपर किंग्स लगातार तीसरी हार है।

ईस्टर्न केप इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम का अगला मुकाबला कल जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ ही केला जाएगा।

मार्को यानसन प्लेयर ऑफ द मैच

कैबेरा में खेले गए मैच में ईस्टर्न केप के कप्तान ने टॉस



जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। टीम ने 4 विकेट खोकर 165 रन बनाए, जबकि 166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स 20 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन ही बना सकी। मार्को यानसन ने नाबाद 11 रन बनाए और 2 विकेट झटके उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मार्करम ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए

ईस्टर्न केप की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर जैक क्राउली 6 बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें हार्डुस विल्जोइन ने एलबीडब्ल्यू किया। टीम के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। उनके अलावा डेविड बेडिंघम 37 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 35 रन का योगदान दिया। सुपर किंग्स के लिए इवान जोन्स ने 2 विकेट झटके। हार्डुस विल्जोइन और लुथो सिपामला को 1-1 विकेट मिला।

कॉन्वे ने 43 रन की पारी खेली

166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की शुरुआत तो अच्छी रही। लेकिन, डेवोन कॉन्वे के अलावा टीम के लिए कोई और खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। कॉन्वे ने 40 बॉल पर 43 रन बनाए। कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 27 रन की पारी खेली। ईस्टर्न केप के लिए मार्को यानसन, रिचर्ड ग्लीसन और ओटनील बार्टमैन ने 2-2 विकेट लिए। एडेन मार्करम और लियाम डॉसन को 1-1 विकेट मिला।

# कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था ने दी भारत को निलंबन की धमकी, कहा- स्वायत्तता में हस्तक्षेप नामंजूर

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसिलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत को निलंबित करने की धमकी दी है। संस्था के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने लिखा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के आंतरिक मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ और उसकी स्वायत्तता बरकरार नहीं रही तो उस पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ को दिसंबर, 2023 से निलंबित कर रखा है। विश्व चैंपियनशिप में टीम तो भेज दी गई, लेकिन अन्य टूर्नामेंटों में टीमें नहीं जा पा रही हैं। क्रोएशिया आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए अब तक मंत्रालय की ओर से हरी झंडी नहीं मिली है।



**देश में कुश्ती की गतिविधियां बंद**

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने कुश्ती महासंघ के वर्तमान पदाधिकारियों को मान्यता देते हुए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों और अन्य गतिविधियों के लिए उन्हीं से संपर्क रखने की भी बात कही है। निलंबित होने की स्थिति में भारतीय पहलवान देश के झंडे तले किसी भी कुश्ती टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। निलंबन की स्थिति में भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू के झंडे तले खेलना होगा। देश में कुश्ती की गतिविधियां बंद पड़ी हैं। निलंबन के चलते पहलवानों का कोई भी राष्ट्रीय शिविर भी नहीं लग रहा है।

# एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अनुष अग्रवाल ने अपने घोड़े मन्नी को विदाई दी

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता राइडर अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े मन्नी के साथ सात साल पुरानी सफल साझेदारी के अंत की घोषणा की। यह घोड़ा प्रतिस्पर्धी खेलों से 'रिटायर' हो गया है। हांगझोऊ एशियाई खेल 2023 ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने अपने घोड़े को भावुक विदाई दी।



अनुष ने कहा कि मन्नी रिटायर होंगे और अब प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। अनुष ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो में कहा, 'मन्नी ने मुझे पहली बार कई उपलब्धियां दिलाईं- पहली बार ग्रां प्री में खेलना, पहली बार अंतरराष्ट्रीय ग्रां प्री में खेलना और पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पोडियम पर जगह। वह मुझे उन बड़े अंतरराष्ट्रीय शो में ले गया जिनके बारे में मैंने केवल सपने देखे थे।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, उसने मुझे सिखाया कि जब घोड़ा और सवार एक-दूसरे पर पूरी तरह भरोसा करते हैं तो यह कितना खूबसूरत होता है।' 19 साल के मन्नी ने अनुष को घुड़सवारी की दुनिया में चमकाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिष्ठित ग्रां प्री स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल कराने तक, अनुष के करियर को आकार देने में मन्नी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। पिछले साल कोलकाता के 25 वर्षीय अनुष पेरिस खेलों के दौरान ओलंपिक में ड्रेसेज स्पर्धा में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बने थे।

# गत चैंपियन सिनर लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे

## ज्वेरेव से होगा सामना

मेलबर्न, 25 जनवरी (एजेंसियां)। इटली के जानिक सिनर ने लगातार दूसरी बार वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर ने बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराया। सिनर हालांकि, इस दौरान पैर की जकड़ने से भी परेशान थे, लेकिन उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। पहले सेट को छोड़ दें तो अगले दोनों सेटों में सिनर ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की।

**जोकोविच के हटने से फाइनल में पहुंचे ज्वेरेव**

पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में सिनर का सामना जब एलेक्सजेंडर ज्वेरेव से होगा। जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच से था, लेकिन जोकोविच के बीच में ही मैदान छोड़ने के कारण ज्वेरेव खिताबी मुकाबले में पहुंचने में सफल रहे। ज्वेरेव के सामने सिनर को रोकने की चुनौती होगी जो अपने तीसरे ग्रैंडस्लैम के लिए खेलेंगे।



**सिनर ने पिछड़ने के बाद की वापसी**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर पहले सेट में पिछड़ गए थे और शेल्टन जब 6-5 के स्कोर पर सर्विस कर रहे थे तो दो बार पहला सेट गंवाने से सिर्फ एक अंक दूर थे। इटली के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि शेल्टन की सर्विस तोड़ी और फिर टाईब्रेकर जीतकर पहला सेट अपने नाम किया। सिनर ने दूसरे सेट की शुरुआत में भी शेल्टन की सर्विस तोड़कर अपना पलड़ा भारी किया। तीसरे सेट में हालांकि सिनर मुसीबत में दिखे। उन्हें पहले अपने बाएं पैर की मांसपेशी और फिर दाएं पैर की जांघ को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनर ने इसके बाद सिनर का उपचार किया और ब्रेक के दौरान उनके दोनों पैरों की मालिश की।

सिनर ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था और फिर सितंबर में यूएस ओपन खिताब भी अपने नाम किया। उनकी नजरें अब रविवार को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने पर टिकी हैं।

**ज्वेरेव पहली बार फाइनल में**

वहीं, ज्वेरेव पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह 2024 में फ्रेंच ओपन और 2020 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंच चुके हैं।

हालांकि, ज्वेरेव ने अब तक कोई ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीता है। सिनर ने 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। इससे पहले महिला एकल में मेडिसन कीज और आर्यना सबालेंका फाइनल में पहुंच चुकी हैं। महिला एकल का फाइनल शनिवार को और पुरुष एकल का फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

# एक गेंद पर आउट होंगे 2 बल्लेबाज

## क्रिकेट में आने वाले हैं 4 क्रांतिकारी नियम

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। क्रिकेट के लिए आमतौर पर इस खेल को चलाने वाली संस्था आईसीसी नियम बनाती है. लेकिन कई बार दुनियाभर में जारी टी20 लीग इसे दिलचस्प बनाने के लिए कुछ रोचक नियम लेकर आती हैं. हालांकि, वो सिर्फ लीग में ही इस्तेमाल किए जाते हैं, उनका इंटरनेशनल क्रिकेट से कोई लेना-देना नहीं होता है. ऐसा भारत में होने वाली टी20 लीग आईपीएल में देखने को मिल चुका है, जहां इमपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल किया जाता है. अब ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली बिग बैश लीग में अगले सीजन के लिए कुछ नियमों पर चर्चा चल रही है. अगर ये लागू हो जाते हैं तो क्रिकेट में दिलचस्प हो सकता है और इसमें क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल सकते हैं.

बिग बैश लीग में सबसे पहले जिस नियम को लेकर चर्चा हो



रही है वो है डेजिगनेटेड हिटर ये कुछ-कुछ आईपीएल में इस्तेमाल होने वाले इम्पैक्ट प्लेयर की तरह है. हालांकि, इमपैक्ट प्लेयर में एक खिलाड़ी को दूसरे से पूरी तरह बदल दिया जाता है. लेकिन DH नियम के तहत दोनों ही टीम अपनी प्लेइंग इलेवन से एक खिलाड़ी को सिर्फ बैटिंग के लिए नॉमिनेट कर सकेंगे. इस खिलाड़ी को फील्डिंग करने की जरूरत नहीं होगी.

बैक टू बैक ओवरः इसके अलावा एक ही एंड से बैक टू बैक दो ओवर डालने की अनुमति देने पर भी विचार किया जा रहा है. अगर कप्तान चाहे तो किसी एक गेंदबाज से लगातार 12 गेंद एक ही एंड से फेंकने के लिए कह सकता है.

**एक गेंद पर आउट होंगे 2 बल्लेबाज**

डबल प्लेः फिलहाल क्रिकेट में आम तौर पर एक गेंद पर ज्यादा से ज्यादा एक ही बल्लेबाज आउट हो सकते हैं. लेकिन बिग बैश लीग में इसमें भी बदलाव किए जाने की चर्चा है. अगले सीजन में 'डबल प्ले' का नियम लाया जा सकता है. इसके तहत एक ही गेंद पर 2 बल्लेबाज आउट हो सकेंगे. इस नियम के बाद दोनों छोर के बल्लेबाजों को रन आउट या एक को कैच आउट या बोल्ड करने के बाद दूसरे को रन आउट किया जा सकेगा.

मेडन फेंकने पर आउटः बिग बैश लीग के अगले सीजन में एक और दिलचस्प बदलाव पर चर्चा जारी है और वो है मेडन फेंकने पर वैरिएशन. इसके तहत अगर कोई भी गेंदबाज लगातार 6 गेंद डॉट फेंकने में सफल रहता है तो बल्लेबाज को आउट दे दिया जाएगा. नहीं तो थोड़ा वैरिएशन करते हुए उसके कोटा से एक ओवर ज्यादा यानि 5वां ओवर डालने की अनुमति दी जाएगी.

**क्यों हो रही इन नियमों पर चर्चा?**

डब्ल्यूबीबीएल और बीबीएल के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से इन नियमों को लेकर बातचीत चल रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट को और तेज बनाने के साथ-साथ खिलाड़ियों के वर्कलोड को कम करने के लिए ऐसा किया जा सकता है.

# केकेआर के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर पर प्राइस टैग का दबाव

तिरुवनंतपुरम, 25 जनवरी (एजेंसियां)।'अगर कप्तानी मिलेगी तो मैं जरूर करूंगा। मैं पहले भी टीम के लीडरशिप रोल में रहा हूं। जरूरी नहीं है कि लीडर को कप्तानी का टैग मिले।' यह कहना है केकेआर के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का। वे कोलकाता की कप्तानी के सवाल का जवाब दे रहे थे। 30 साल के वेंकटेश ने आईपीएल-2024 के फाइनल मैच में 26 बॉल पर नाबाद 52 रन की पारी खेलकर टीम को चैंपियन बनाया था। मेगा ऑक्शन में कोलकाता ने उन्हें 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वे आईपीएल इतिहास चौथे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। इतना ही नहीं, वे तीसरे सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी भी बने। वेंकटेश कप्तानी के दावेदारों में शामिल हैं। फिलहाल, वेंकटेश तिरुवनंतपुरम में केरल के खिलाफ मध्य प्रदेश से रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। उन्हें अपनी टीम के पूरे-पूरे चांसेस नजर आते हैं। वेंकटेश ने पहली पारी में 80 बॉल पर 42 रन की पारी खेलकर टीम को न केवल संकट से उबारा, बल्कि 160 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# बाघ के हमले से भारतीय क्रिकेटर के करीबी की मौत

## सरकार ने दिया 5 लाख का मुआवजा

वायनाड, 25 जनवरी (एजेंसियां)। 25 साल की युवा भारतीय महिला क्रिकेटर मिन्नू मणि के परिवार में मातम छा गया है, जहां उन्होंने बताया कि उनकी चाची केरल के वायनाड में बाघ के हमले में मारी गई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी है। मिन्नू की 48 वर्षीय चाची राधा पर कॉफी बीन्स की कटाई करते समय एक बाघ ने बेरहमी से हमला कर दिया। उसकी मौत के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए।

इस विरोध की वजह से ही सरकार को यह घोषणा करनी पड़ी कि अगर अधिकारी बाघ को जिंदा नहीं पकड़ सके तो उसे गोली मार दी जाएगी। आनमनोरमा के हवाले से मिन्नू ने लिखा, 'यह खबर काफी चौंकाने वाली है। मुझे अभी-अभी इसके बारे में पता चला। पंचरक में बाघ के हमले की शिकार मेरी चाचा की पत्नी हैं।' उन्होंने इलाके के लोगों की सुरक्षा की मांग की और उम्मीद






जताई कि बाघ को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि बाघ को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा, जिससे इलाके के लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।'

इस घटना पर वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने भी दुख जताया और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'राधा की दुखद मृत्यु से मुझे गहरा दुख हुआ है, जिन्हें पंचराकोली, मनंतवाडी में कॉफी की फसल काटते समय बाघ ने मार डाला था। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। इस मुद्दे के समाधान के लिए स्थायी समाधान की तत्काल आवश्यकता है।'

इस बीच केरल सरकार ने राधा के परिवार को तत्काल 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बता दें कि मिन्नू मनी ने भारत के लिए तीन वनडे और चार टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने क्रमशः तीन और पांच विकेट लिए हैं। मिन्नू महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हैं। उनहोंने इस टीम के लिए आठ मैचों में तीन विकेट झटके हैं।

# नया उस्मानिया अस्पताल अगले सौ वर्षों तक लोगों की जरूरत पूरा करेगा : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री 31 को नए उस्मानिया अस्पताल की आधारशिला रखेंगे



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जोर देकर कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया उस्मानिया अस्पताल अगले 100 वर्षों तक लोगों की जरूरतों को पूरा करेगा। 31 जनवरी को नए अस्पताल भवन की आधारशिला रखने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसी भी मुद्दे पर समझौता किए बिना उच्च गुणवत्ता वाले अस्पताल ढांचे का निर्माण करने का आदेश दिया। आज शनिवार अपने आवास पर अस्पताल के निर्माण की उच्च स्तरीय समीक्षा में, सीएम रेवंत रेड्डी ने सुझाव दिया कि उस्मानिया अस्पताल भवन और शिक्षण कर्मचारियों, पुरुष और महिला छात्रों के लिए अलग-अलग बनाए जाने वाले छात्रावास भवनों के निर्माण में पूर्ण नियमों का पालन किया जाना चाहिए।

सीएम ने जोर दिया कि अस्पताल, पार्किंग और परिदृश्य के निर्माण में उचित देखभाल की जानी चाहिए। अस्पताल में परेशानी मुक्त वाहन यातायात की सुविधा के लिए चारों तरफ सड़क नेटवर्क विकसित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यक हो वहां अन्य सड़कों को जोड़ने के लिए अंडरपास भी बनाए जाने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को मरीजों, सहायकों और चिकित्सा उपचार के लिए आने वाले लोगों के वाहनों को पार्क करने के लिए दो मंजिलों की भूमिगत पार्किंग विकसित करने के लिए कहा। सीएम रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को अस्पताल परिसर में छात्रावास, फायर स्टेशन, कैंटीन, शौचालय और एसटीपी बनाने के भी निर्देश दिए।

चूंकि बच्चे विदेश में बस रहे हैं और शहर में आने में 2 या 3 दिन लगते हैं, इसलिए सीएम ने शवों को लंबे समय तक संरक्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ शवगृह और बॉडी फ्रीजिंग बॉक्स की स्थापना का सुझाव दिया। अधिकारियों को हेलीपैड बनाने के लिए कहा गया है क्योंकि आपातकालीन समय में मरीजों और अंग परिवहन के लिए हेली-एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीएम ने एक सुखद माहौल के लिए एक सुविधा बनाने का सुझाव दिया ताकि आने वाले मरीजों और लोगों को यह महसूस न हो कि वे अस्पताल में आए हैं। सीएम ने नए अस्पताल भवन के निर्माण के डिजाइन में कई बदलावों की भी सिफारिश की। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य सरकार के सलाहकार (इंफ्रास्ट्रक्चर) श्रीनिवास राजू, मुख्यमंत्री की संयुक्त सचिव संगीता सत्यनारायण, चिकित्सा और स्वास्थ्य सचिव क्रिस्टियाना जेड चोंगटू, फ्लैगशिप प्रोग्राम कमिश्नर शशांक, हैदराबाद कलेक्टर अनुदीप दुरीसेट्टी और अन्य ने भी भाग लिया।

# हाइड्रा ने की पोचारम नगरपालिका में तोड़फोड़

## लेआउट के चारों ओर बना ली थी एक दीवार



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के पोचारम नगरपालिका में शनिवार को हाइड्रा द्वारा दिव्यनगर लेआउट के चारों ओर एक अवैध परिसर की दीवार को ध्वस्त कर दिया गया, जिसने कथित तौर पर कई कॉलोनियों और आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच को अवरूद्ध कर दिया था। यह कार्रवाई प्लॉट मालिकों द्वारा नल्लामल्ला रेड्डी के खिलाफ की गई शिकायत के बाद की गई, जिन्होंने कथित तौर पर दिव्यनगर लेआउट के चारों ओर एक दीवार बना ली थी और गेट लगा दिए थे, जिससे अन्य लोग अंदर प्रवेश नहीं कर सकें।

इससे पहले, हाइड्रा आयुक्त ए.वी. रंगनाथ ने इन शिकायतों के जवाब में 8 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया था। आस-पास की आवासीय कॉलोनियों के निवासियों ने आरोप लगाया है कि उनके घरों और पड़ोसी लेआउट को जोड़ने वाली सड़कें कंपाउंड की दीवार की वजह से अवरूद्ध हो गई हैं, जिससे उन्हें काफी असुविधा हो रही है। कई निवासियों ने परेशानी व्यक्त करते हुए कहा कि सड़कें बंद होने की वजह से उन्हें लेआउट में अपने प्लॉट बेचने में परेशानी हो रही है।

लेआउट विकास शुल्क वसूलने के बारे में भी शिकायतें की गईं, लेकिन वादा किए गए सीवेज सिस्टम और सड़कों जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं किया गया। इसके बजाय, एक विशाल परिसर की दीवार और गेट लगाए गए, जिससे प्लॉट मालिकों की पहुंच प्रतिबंधित हो गई।

निवासियों ने दावा किया कि उन्हें नल्लामल्ला रेड्डी द्वारा तय किए गए विशिष्ट समय के दौरान अनुमति लेने तक दूसरों को अपने भूखंड दिखाने या देखने की अनुमति नहीं थी। कथित तौर पर गेट पर एक रजिस्टर में उनके विवरण दर्ज करने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई थी, और अंतिम मंजूरी उनके पास थी। प्रतिबंधों पर सवाल उठाने वालों ने शारीरिक धमकी के आरोप भी लगाए। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कमिश्नर ने पुष्टि की कि परिसर की दीवार के निर्माण के लिए कोई अनुमति नहीं थी। नतीजतन, इसे गिराने के आदेश जारी किए गए।

शनिवार को अधिकारियों ने आयुक्त के आदेश का पालन किया और परिसर की दीवार को गिराना शुरू कर दिया। दिव्यनगर लेआउट के प्लाट मालिकों और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने दीवार के ध्वस्त होने के बाद राहत व्यक्त की, जिससे वहां पहुंचने का रास्ता खुल गया। रंगा रेड्डी जिले में पोचारम नगर पालिका के सर्वे नंबर 66 में स्थित दिव्यनगर लेआउट करीब 200 एकड़ में फैला है, जिसमें कुल 2,218 प्लॉट हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इनमें से 30 प्रतिशत प्लॉट कथित तौर पर नल्लामल्ला रेड्डी के हैं।

# टीओएसएस ने की अंतिम एसएससी और इंटरमीडिएट प्रवेश की घोषणा



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ओपन स्कूल सोसाइटी (टीओएसएस) ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एसएससी और इंटरमीडिएट स्ट्रीम में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 से 29 जनवरी के बीच तत्काल योजना के तहत नामांकन करा सकते हैं।

आवेदन आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करने चाहिए। आवेदन जमा करने के बाद, अभ्यर्थियों को उसी दिन एआई समन्वयक/प्रधानाध्यापक को आवेदन की मुद्रित हार्ड कॉपी, एआई स्तर पर सत्यापन और पुष्टि के लिए मूल दस्तावेजों के साथ जमा करनी होगी। टीओएसएस ने कहा कि एआई समन्वयक को विवरणों को सत्यापित और पुष्टि करनी होगी तथा उन्हें उसी दिन जिला समिति को प्रस्तुत करना होगा।

## आदिलाबाद में फांसी पर लटका मिला किसान का शव

आदिलाबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को बाजारहाटनूर मंडल के वर्थमानूर गांव में बढ़ते कर्ज को चुकाने में असमर्थता के कारण एक 55 वर्षीय किसान ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने बताया कि मैला नरसैया का शव खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला। वह कथित तौर पर अपने कर्ज चुकाने में असमर्थता के कारण परेशान था। पता चला है कि फसल में कमी के कारण उसे कपास की खेती में घाटा हुआ था। उसने कर्ज लेकर फसल उगाई थी। कर्ज की राशि का अभी पता नहीं चल पाया है। नरसैया के परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं।

# पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को करीमनगर कलेक्टर से माफी मांगनी चाहिए : कविता



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय प्रशासनिक सेवा की एक महिला अधिकारी का अपमान करने के लिए राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी से माफी की मांग करते हुए, बीआरएस एमएलसी के कविता ने करीमनगर कलेक्टर के खिलाफ की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना कांग्रेस नेताओं के अहंकार का स्पष्ट उदाहरण है और इस तरह का अपमानजनक व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ कलेक्टर का ही नहीं बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र का अपमान है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे कलेक्टर के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी को तुरंत उनसे माफी मांगनी चाहिए।

## नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में चार युवकों को जेल

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बाल अपराध के लिए एक विशेष अदालत ने 2023 में चत्रिनाका में दर्ज एक नाबालिग लड़की के बलात्कार के मामले में 4 युवकों को 6 महीने से 25 साल तक के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। चत्रिनाका निवासी एम राहुल (21) और एम नितिन (19) को 25 साल कैद की सजा सुनाई गई, जबकि जी दीक्षित और डी मल्लेश को पांच साल कैद की सजा सुनाई गई। अदालत ने उन पर 2000 से 10,000 रुपये तक का जुर्माना भी लगाया तथा पीड़िता को 7 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया।

# 20 लाख रुपये भी नहीं मिले

## आयकर छापों पर बोले राजू



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। फिल्म निर्माता दिल राजू ने मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि आयकर अधिकारियों को मेरे घर से 20 लाख रुपये भी नहीं मिले। राजू ने बताया कि अधिकारियों को उनके पास से 5 लाख रुपये नकद, उनके साथी सिरीश के पास से 4.5 लाख रुपये, उनकी बेटी के घर से 6.5 लाख रुपये और उनके कार्यालय से 2.5 लाख रुपये मिले। उन्होंने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने उस सारी नकदी के सबूत के तौर पर दस्तावेज दिखाए। हमने पिछले 5 सालों में कोई निवेश या संपत्ति नहीं खरीदी है। हमने अधिकारियों को सभी वित्तीय विवरण बताए। हमारे दस्तावेज सही थे और हमें बेदाग घोषित कर दिया गया।

आयकर विभाग ने 21 जनवरी को हैदराबाद में दिल राजू के दफ्तर और घरों समेत उनकी संपत्तियों पर छापेमारी की थी। सूत्रों के मुताबिक, उनके रिश्तेदारों के आवासों समेत आठ अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की गई। दिल राजू एक प्रमुख तेलुगु फिल्म वितरक और निर्माता हैं। वह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स नामक एक प्रमुख प्रोडक्शन कंपनी के मालिक हैं।

निर्माता ने कहा कि छापेमारी विभाग के प्रोटोकॉल के तहत की गई और मीडिया में दिखाए गए इस तरह के कयासों से कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा कि 2008 में भी इस तरह की छापेमारी की गई थी क्योंकि विभाग प्रोडक्शन हाउस से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच करना चाहता था। काले धन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि फ़िल्म उद्योग में अभी कोई काला धन नहीं है। 80 प्रतिशत से ज़्यादा दर्शक अब ऑनलाइन टिकट बुक कर रहे हैं। तो, यह पैसा कहां से आएगा? फिल्म पोस्टरों पर फर्जी कलेक्शन के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस बारे में स्पष्टीकरण देना उद्योग के निर्माताओं की परिषद का काम है।

## कार दुर्घटना में लघु फिल्म निर्देशक पर संदेह

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस को संदेह है कि शनिवार को बंजारा हिल्स स्थित बसवतारकम इंडो-अमेरिकन कैंसर अस्पताल में हुई दुर्घटना में शामिल कार का स्टीयरिंग एक लघु फिल्म निर्देशक चला रहा था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि निजामाबाद जिले के निवासी फिल्म निर्माता ने कार को तेजी और लापरवाही से चलाया, जिसके परिणामस्वरूप फुटपाथ पर सो रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के बाद संदिग्ध व्यक्ति कार को घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई?

## विरोध प्रदर्शन करेगी वाणिज्यिक कर एससी/एसटी एसोसिएशन

हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वाणिज्यिक कर एससी/एसटी एसोसिएशन ने वाणिज्यिक कर विभाग में एससी/एसटी कर्मचारियों की पदोन्नति में असमानता के विरोध में मंगलवार को 'लंच ऑवर प्रदर्शन' करने का फैसला किया है। विभाग आयुक्त को दिए गए नोटिस में एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि सरकार ने सहायक आयुक्त के पदों पर अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है।

तदनुसार, जुलाई में विभाग आयुक्त ने सीटीओ कैडर में पदोन्नति के लिए छह डीसीटीओ के नामों को भी मंजूरी दी थी। हालांकि, आदेश जारी करने में देरी हुई, जिससे जुलाई 2024 में आयोजित डीपीसी अप्रभावी हो गई। उन्होंने नोटिस में कहा कि पदोन्नति के लिए अनुशंसित सभी छह डीसीटीओ एससी/एसटी समुदाय से हैं। छह अधिकारियों में से दो जनवरी 2025 और मार्च 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पदोन्नति आदेश जारी करने में देरी असमानता और भेदभाव का स्पष्ट मामला है।

## पूर्व मंत्री निरंजन रेड्डी ने किसानों की अनदेखी के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना



आदिलाबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व कृषि मंत्री एस निरंजन रेड्डी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने वादे से कम रैतु भरोसा फसल निवेश सहायता देकर किसानों की उपेक्षा की है। उन्होंने बोथ विधायक अनिल जाधव और बीआरएस द्वारा कृषि संकट के पीछे प्रमुख कारणों का अध्ययन करने के लिए गठित पैनल के सदस्यों के साथ शनिवार को यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। पैनल ने शुक्रवार को जिले का अपना दौरा समाप्त किया।

रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार कृषि क्षेत्र को उचित महत्व नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि मुट्ठी भर अयोग्य किसानों का हवाला देकर 500 किसानों को फसल निवेश सहायता देने में देरी करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि सरकार सही दिशा और रास्ते पर नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि लोगों ने कांग्रेस को चुनकर सबक सीखा है। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और नेता कांग्रेस पार्टी के सहयोगी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस बेहतर सिंचाई सुविधाएं बनाए और किसानों को फसल निवेश सहायता बढ़ाने के अपने चुनावी वादे को पूरा करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काश्तकारों को भी सहायता दे। उन्होंने सरकार पर फसल ऋण माफी को पूर्ण रूप से लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कपास किसान गंभीर संकट से जूझ रहे हैं क्योंकि उन्हें सरकार से समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा खरीद केंद्र बनाने में देरी के कारण उन्हें कपास की उपज बेचने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## किसानों को प्रदर्शन की अनुमति न मिलने से तनाव की स्थिति

भुवनगिरी, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। क्षेत्रीय रिंग रोड के लिए जमीन खोने वाले किसानों द्वारा तीव्र किए जा रहे आंदोलन के तहत, उन्होंने रविवार को भुवनगिरी कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। भूमि खोने वालों की संयुक्त कार्यकारिणी, जिसे बीआरएस, भाजपा और सीपीएम का समर्थन प्राप्त है, मुआवजे में वृद्धि या सड़क के पुनर्निर्माण की मांग कर रही है ताकि उनकी भूमि को अधिग्रहण से बचाया जा सके। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन की अनुमति अस्वीकार कर दी तथा विरोध शिविर की व्यवस्था को नष्ट कर दिया, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। कलेक्ट्रेट के आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# शहरी खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



हैदराबाद, 25 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बागवानी विभाग 'मना इल्लू मन कुरागयालु' पहल के तहत शहरी खेती पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि इच्छुक व्यक्ति कम क्षेत्र वाले शहरी परिवेश में सब्जियों की खेती सीख सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तेलंगाना बागवानी प्रशिक्षण संस्थान, रेड हिल्स में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह कार्यक्रम छत पर अच्छी गुणवत्ता वाली, कीटनाशक अवशेष मुक्त सब्जियां उगाने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू किया गया है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।









Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.